सेंसेक्स 73,142.80 ▲ -15.45

डॉलर 82.878 ▼ +0.033

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 26.0 | 14.0 | 21.0 |
| धनबाद | 28.0 | 15.0 | 22.0 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 16.0 | 25.0 |
| पलामू | 28.0 | 14.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 24 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 128, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय | खाद्य सुरक्षा और किसान कल्याण-मोदी की गारंटी ...8 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को दी रूस-यूक्रेन ...12 | देश/विदेश



**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।


## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,120

चांदी (किलो) 70,260

## लातेहार में जेजेएमपी के 10 लाख के इनामी सहित दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नक्सली संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के जोनल कमांडर मनोहर परहिया और एरिया कमांडर दीपक भुइयां ने शुक्रवार को लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। जोनल कमांडर मनोहर पर सरकार ने 10 लाख रुपये इनाम भी घोषित कर रखा था। मनोहर लातेहार जिले के छिपादोहर का रहने वाला है जबकि दीपक पलामू के पाकी का रहने वाला है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, सीआरपीएफ के डीआईजी पंकज कुमार, लातेहार एसपी अंजनी अंजन,



सीआरपीएफ कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी, रवि शंकर मिश्रा समेत अधिकारियों ने सम्मानित किया। इस संबंध में आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर दोनों नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि दोनों नक्सलियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों से संपर्क साधा था और आत्मसमर्पण नीति की जानकारी ली। सरकार की नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को दी जाने वाली सुविधा की जानकारी दोनों को दी गई। इसके बाद दोनों ने शुक्रवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेकर मुख्य धारा में लौटने वाले नक्सलियों को पुलिस हर संभव मदद करेगी। एसपी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाला मनोहर नक्सली संगठन में जोनल कमांडर के रूप में कार्यरत था। इस पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में 13 से अधिक नक्सली हिंसा के मामले दर्ज थे। उन्होंने बताया कि इस पर सरकार की तरफ से 10 लाख रुपये का इनाम भी घोषित था। पुनर्वास नीति के तहत सभी प्रकार की सुविधा आत्म समर्पण करने वाले दोनों नक्सलियों को दी जाएगी।

## नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, पत्थर माइंस में पोस्टर चिपकाते दो समर्थक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले में सक्रिय प्रतिबंधित तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के नक्सलियों की बड़ी साजिश पर पुलिस ने पानी फेर दिया है। पत्थर माइंस में पोस्टर चिपकाते दो नक्सली समर्थकों को जिले के वशिष्टनगर जोरी थाना क्षेत्र से पुलिस टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार दोनों नक्सली समर्थक कटिया गांव निवासी पिंटू भारती और राजगुरुवा गांव निवासी तेजू कुमार भोक्ता थाना क्षेत्र में संचालित करमाली माइंस में नक्सलियों के हस्तलिखित पोस्टर चिपका कर इलाके में दहशत फैलाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान गुप्त सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों को धर दबोचा। गिरफ्तार नक्सली समर्थकों के पास से पुलिस ने टीएसपीसी नक्सली संगठन के सात हस्तलिखित पोस्टर

**गिरफ्तार टीएसपीसी समर्थक पूर्व में भी एरिया कमांडर के इशारे पर वाहनों में आगजनी की घटना को देख चुके अंजाम**

और दहशत फैलाने में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों के दो मोबाइल फोन भी जब्त किये हैं। गिरफ्तार दोनों नक्सली समर्थक पूर्व में भी संगठन के एरिया कमांडर सहेंद्र गंझू के इशारे पर इलाके में विकास योजना में लगे हाईवा वाहन में आगजनी कर दहशत फैला चुके हैं। एसडीपीओ संदीप सुमन ने अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को बताया कि एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी का दुर्दांत एरिया कमांडर सहेंद्र गंझू अपने समर्थकों के माध्यम से करमाली माइंस और उसके आसपास के इलाकों में पोस्टर चिपका कर दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा व पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन

**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जी. जोशी का शुक्रवार सुबह 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके रिश्तेदारों के एक संक्षिप्त बयान में कहा गया है, हमारे परिवार को आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मनोहर जोशी का आज सुबह तीन बजे लंबे समय तक उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के बाद निधन हो गया। शिव सेना के वरिष्ठ नेता का पार्थिव शरीर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उनके माटुंगा स्थित आवास पर रखा जाएगा। परिवार ने कहा, जोशी का अंतिम संस्कार दोपहर करीब तीन बजे शिवाजी पार्क श्मशान में किया जाएगा। उन्हें दिल का दौरा पड़ने के बाद गुरुवार को पीडी हिंदुजा अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जोशी को पिछले साल मई में भी ब्रेन हैमरेज के बाद इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जोशी 1995 से 1999 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे। वह संसद सदस्य के रूप में भी चुने गए और 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष रहे।

### झारखंड में वित्त आयोग का गठन, रिटायर्ड आईएएस अमरेंद्र प्रताप बने अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में पांचवें वित्त आयोग का गठन कर दिया है। रिटायर्ड आईएएस अमरेंद्र प्रताप सिंह को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि रांची स्थित संत जेवियर कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर और अर्थशास्त्री हरीश्वर दयाल सदस्य बनाए गए हैं। राज्य के पंचायती राज विभाग के निदेशक पदेन सदस्य होंगे। राज्य सरकार की अनुशंसा पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को इनकी नियुक्ति का आदेश दिया है। गौरतलब है कि झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 की धारा 114 के तहत राज्य में वित्त आयोग के गठन का प्रावधान किया गया है।

# झारखंड विधानसभा में 4,981 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश

- जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक पर भिड़े दोनों पक्ष के विधायक
- वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के प्रस्ताव पर सोमवार को होगी चर्चा
- सदन दो मार्च तक चलेगी, सत्र के दौरान कुल सात बैठकें होंगी
- हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही करीब 40 मिनट तक चली
- पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन करते दिखे भाजपा विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के साथ शुरू हुआ। भाजपा व आजसू विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए आसन के समक्ष हंगामा किया, जिसका सत्तापक्ष के विधायकों ने विरोध किया। विपक्ष के हंगामे के बीच, झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में 4,981 करोड़ 03 लाख रुपये का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। अब सोमवार को वाद-विवाद के बाद इसे पारित कराया जाएगा। मालूम हो कि सदन दो मार्च तक चलेगी।



सात दिवसीय विधानसभा सत्र के लिए सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक और आजसू विधायक लंबोदर महतो 28 जनवरी को हुए सीजीएल परीक्षा पर्चा लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए। बता दें, इस मामले में राज्य सरकार ने जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने हंगामा कर रहे विधायकों से अपनी सीटों पर वापस जाने का अनुरोध किया। साथ ही कहा कि इन मुद्दों को सत्र के दौरान लिया जाएगा। हालांकि, विधायक विरोध करते रहे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार नौकरी की परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए कानून लाई थी। इसके बावजूद इतना बड़ा पेपर लीक हुआ। इसलिए हम पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही करीब 40 मिनट तक चली। इसके बाद 26 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी। अध्यक्ष ने सदन को बताया कि सत्र के दौरान सात बैठकें होंगी, जिसमें 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए बजट पेश किया जाएगा। उन्होंने सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के सदस्यों से राज्य के लोगों के हित में सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने का आग्रह किया।

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन में शोक प्रकाश लाया गया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सहित मंत्रियों और विधायकों ने पिछले सत्र से इस सत्र के बीच दिवंगत हुए विभूतियों को श्रद्धांजलि दी। सदन में जमुआ के विधायक रहे चंद्रिका महथा, बिहार के मुंगेर से लोकसभा सदस्य रहे ब्रह्मानंद मंडल, बिहार विधानसभा के पूर्व सदस्य गुणानंद झा, सरयुग मंडल, कानून जगत के भीष्म पितामह कहे जाने वाले न्यायविद फली एस नरीमन, आचार्य विद्यासागर महाराज, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हेमंत सोरेन नहीं हुए शामिल



बजट सत्र में जमीन घोटाला मामले में ईडी के हाथों गिरफ्तार झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शामिल होने का मौका नहीं मिला। ईडी कोर्ट ने बजट सत्र में शामिल होने के लिए उनकी ओर से दाखिल याचिका गुरुवार को निरस्त कर दी। हेमंत सोरेन ने ईडी कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर 26 फरवरी को सुनवाई होगी।

## रिम्स सहित राज्य में चार सीसीयू का शिलान्यास कल

- गढ़वा व पाकुड़ के जिला अस्पतालों में 50-50 बेड
- गिरिडीह जिला अस्पताल में 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक
- तीन योजनाएं देवघर में जबकि एक योजना दुमका को मिल रही है



**दिल्ली/रांची।** प्रधानमंत्री मोदी 22 फरवरी से लगातार देश के विभिन्न राज्यों में परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास कर रहे हैं। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के राजकोट से देश को स्वास्थ्य संरचना के क्षेत्र में बड़ी सौगात देंगे और अलग-अलग राज्यों में 11500 करोड़ के करीब 200 से ज्यादा स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे। इनमें झारखंड की भी नौ योजनाएं शामिल हैं। इनमें चार जिलों में क्रिटिकल केयर यूनिट, तीन जिलों में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और दो जिलों में बीएससी नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास शामिल है। इस क्रम में रिम्स में भी 50 बेड वाला क्रिटिकल केयार यूनिट का शिलान्यास होगा। इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। भारत सरकार के अधिकारी पहुंचे राज्य में प्रधानमंत्री के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के सेक्शन ऑफिसर रमेश देशवाल झारखंड पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे देवघर एयरपोर्ट पर आने के बाद वह दुमका में हैं। प्रधानमंत्री राज्य में 09 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जिनमें तीन योजनाएं देवघर में हैं, जबकि एक दुमका में है। रांची रिम्स के अलावा गढ़वा व पाकुड़ के जिला अस्पतालों में 50-50 बेड एवं गिरिडीह जिला अस्पताल में 100 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ ही ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अब हर महीने 125 यूनिट बिजली मुफ्त

- मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कैबिनेट से 29 प्रस्तावों को मिली मंजूरी
- रांची में मिल्क पाउडर प्लांट एवं मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना होगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अब राज्य के लोगों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। यह निर्णय झारखंड कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को लिया गया। बैठक सीएम चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में हुई। इसमें 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को अब 100 यूनिट की जगह 125 यूनिट हर महीने मुफ्त बिजली दी जाएगी। रांची के होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट एवं मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही गिरिडीह एवं जमशेदपुर में नया डेयरी प्लांट लगेगा।

**कैबिनेट से इन प्रस्तावों पर भी मुहर :** साथ ही इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2024 के अनुमोदन की स्वीकृति दी गयी। गिरिडीह जिलान्तर्गत बगोदर-सरिया अनुमण्डलीय न्यायालय के लिए न्यायिक पदाधिकारियों के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी। नई दिल्ली के नए झारखंड भवन के कार्यालय के लिए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी। राज्य योजनान्तर्गत दुग्ध संग्रहण, विधायन एवं विपणन योजना के तहत झारखंड मिल्क फेडरेशन के माध्यम से गिरिडीह एवं जमशेदपुर में नए डेयरी प्लांट एवं रांची के होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट तथा मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना की जाएगी। इसके निमित्त कुल तीन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**मुद्दे गौण, बेरोजगारी व पलायन जैसी समस्याओं की कहीं नहीं चर्चा**

## क्या योजनाओं की गिनती पर लड़ा जायेगा लोस चुनाव!

**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** 18वीं लोकसभा के गठन के लिये चुनाव नजदीक है। राजनीतिक दलों ने देश की सबसे बड़ी पंचायत का चुनाव फतह करने के लिये बिसात बिछानी शुरू कर दी है। 13 मार्च के बाद कभी भी चुनाव तिथि की घोषणा शुरू होने संबंधी चुनाव आयोग के फरमान के बाद काउंट-डाउन शुरू हो गया है, किंतु हैरत की बात है कि किसी भी राजनीतिक दल की जुबां पर बेरोजगारी विशेषकर पलामू में नासूर बन चुकी युवाओं के पलायन का मुद्दा नहीं है। प्रदेश व राष्ट्रीय नेता तो दूर सियासी पार्टियों के क्षेत्रीय व स्थानीय क्षत्रप भी आमजन से जुड़ी समस्याओं पर मुंह खोलने का नाम नहीं ले रहे हैं। सभी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर वफादार सिपाही की तरह चुनावी जंग में उतर आये हैं। और तो और अपने नीति-नियंताओं से मायूस



प्रदेश की राजनीतिक राजधानी कही जाने वाली पलामू की जनता भी इसे अपनी नियति मान चुप्पी का चादर ओढ़े हुये है। जबकि बिना सिर-पैर के मुद्दों पर चौक-चौराहों पर जमकर चर्चा-परिचर्चा छिड़ी है। आम चुनाव में केंद्र में सत्तासीन भाजपा जहां 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन, महिलाओं को निःशुल्क उज्ज्वला गैस कनेक्शन व आयुष्मान भारत योजना का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### डीएवी स्कूल की बस पलटी, दर्जनों बच्चे घायल

**हुसैनाबाद।** बच्चों को नबीनगर (बिहार) लेकर जा रही डीएवी स्कूल की बस शुक्रवार की सुबह गोगो टेंगों गांव के समीप पलट गई। हादसे में बस में सवार दर्जनों बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। जबकि अन्य बच्चे भी मामूली रूप से घायल हैं। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन पर भीषण लापरवाही का आरोप लगाते हुये बताया कि दो बस के बच्चों को एक ही बस में ठूंस कर ले जाया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया है की बस का ड्राइवर शराब के नशे में था। उसे पूर्व में भी एक बार इसी वजह से हटाया जा चुका है। हादसे पर चिंता जताते हुये क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कड़ी नाराजगी जतायी है।

....विस्तृत खबर पलामू पेज पर।

## इंडिया: कर्नाटक के मंदिरों में 10 प्रतिशत टैक्स और धर्म निरपेक्षता



सुनील बादल

**भारत** प्रारंभ से ही धर्म को संविधान की मान्यता देता रहा है और दूसरी विचारधारा जो प्रगतिशील की रही है उसका मानना है की भारत को धर्म निरपेक्ष होना चाहिए। इन दोनों विचारधाराओं के बीच द्वंद को भी लोग स्वीकारते हैं पर एक तीसरी विचारधारा भी है जो सुविधानुसार कभी किसी धर्म को तो कभी किसी धर्म को औजार की तरह इस्तेमाल करती है पर अभी मुद्दा जो गरमाया हुआ है वह है मंदिरों पर टैक्स लगाने का ? सवाल भेदभाव का है कि जजिया टैक्स की तरह मंदिरों पर ही क्यों टैक्स और क्या इसका इस्तेमाल दक्षिण में धर्म की राजनीति गरमाने के लिए हो रहा है ताकि भाजपा को रोका जाए जैसा भाजपा बता रही है या मंदिरों को व्यवसाय मानकर उनसे टैक्स वसूलने की नई शुरूआत हो रही है ? कर्नाटक में कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार की तरफ से मंदिरों को टैक्स के दायरे में लाने पर विवाद खड़ा हो गया है। राज्य सरकार ने विधानसभा में 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पास कराया गया है। यह एक करोड़ रुपये से अधिक राजस्व वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत और 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच राजस्व वाले मंदिरों से 5 प्रतिशत कर संग्रह का आदेश देता है। इस विधेयक ने कर्नाटक में एक राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है, जिसमें सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच तीखी नोकझोंक हो रही है। इतना ही नहीं मंदिरों पर शुल्क लगाने की क्षमता पर एक गरमागरम बहस छेड़ दी है। इससे बेंगलुरु से लेकर दिल्ली तक राजनीति गरमा गई है।बीजेपी ने राज्य सरकार पर हिंदू विरोधी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया है, जबकि कांग्रेस ने विधेयक का बचाव करते हुए कहा है कि इसी तरह के प्रावधान 2001 से लागू हैं। कर्नाटक सरकार के मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने बीजेपी के आरोपों का जवाब देते हुए उनकी धार्मिक राजनीति पर सवाल उठाया और कहा कि कांग्रेस ने हमेशा मंदिरों और हिंदू हितों की रक्षा की है। कर्नाटक के लोग बीजेपी की चालों से अच्छी तरह वाकिफ हैं और आगामी लोकसभा चुनावों में अपना असंतोष व्यक्त करने की संभावना है। रेड्डी ने पत्रकारों से कहा कि यह प्रावधान नया नहीं है बल्कि 2003 से अस्तित्व में है। तो



वहीं बीजेपी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार मंदिर के पैसों से अपना खाली खजाना भरना चाहती है।जबकि कांग्रेसनित सरकार का कहना है कि राज्य में 40 से 50 हजार पुजारी हैं, उन्हें इसी पैसे से बीमा कवर दिया जा सकता है। सरकार के मंत्री रामलिंगा रेड्डी का कहना है कि हम चाहते हैं कि अगर उनके साथ कुछ होता है तो उनके परिवारों को कम से कम पांच लाख रुपये मिलें। प्रीमियम का भुगतान करने के लिए हमें सात करोड़ रुपये से आठ करोड़ रुपये की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि सरकार मंदिर के पुजारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करना चाहती है, जिसके लिए सालाना पांच करोड़ से छह करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। बीजेपी ने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगते हुए कहा कि टैक्स एक ही धर्म पर क्यों जबकि सुविधा सभी को है। सिद्धारमैया सरकार ने बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान वक्फ संपत्तियों के लिए किया है। 200 करोड़ ईसाई समुदाय के लिए और अन्य धार्मिक स्थलों के लिए 20 करोड़ रुपये के फंड का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 10 करोड़ रुपए की लागत से भ०?य हज भवन बनाने की भी घोषणा की गई है। यह हज भवन मंगलौर में बनाया जाएगा।बीजेपी का आरोप है कि अल्पसंख्यक समुदायों खासकर मुस्लिम और ईसाइयों के लिए इस बजट में बड़ी संख्या में घोषणाएं की गई हैं। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अपने बजट में वक्फ संपत्ति और ईसाई समुदाय के लिए 330 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। जबकि, कर्नाटक एक ऐसा राज्य है, जहां मुजराई (हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती) विभाग द्वारा नियंत्रित 'ए और बी' यानी बड़े और छोटे श्रेणी के 400 के करीब मंदिरों से हिंदू भक्तों द्वारा दिया जाने वाला सालाना औसतन दान 450 करोड़ रुपये सरकार के खजाने में जाता है। प्राचीन हिंदू मंदिरों के मरम्मत तक के लिए कोई राशि नहीं दिए जाने पर बीजेपी ने हंगामा किया। सिद्दारमैया सरकार हिंदू मंदिरों को राज्य के नियंत्रण से मुक्त करने वाले किसी भी विधेयक का विरोध भी करती आई है। हिंदू मंदिरों से हर साल इतना धन सरकार के खजाने में जाने के बाद भी बजट में इन मंदिरों के विकास,सुरक्षा और संरक्षण के लिए राशि का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

## झारखंड हाई कोर्ट ने अमित शाह पर टिप्पणी मामले में खारिज की राहुल गांधी की याचिका



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी। राहुल गांधी ने एमपी-एमएलए कोर्ट के समन के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका खारिज होने के बाद राहुल गांधी के खिलाफ निचली अदालत में ट्रायल चलेगा। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत में मामले की सुनवाई नौ फरवरी को पूरी हो गई थी। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी नवीन झा की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने उन्हें लिखित बहस प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय प्रदान किया था। प्रार्थी राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने पैरवी की थी जबकि प्रतिवादी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, विनोद कुमार साहू और कुमार हर्ष ने पक्ष रखा था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह मामला भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का है। वर्ष 2018 में दिल्ली में कांग्रेस का महाधिवेशन हुआ था। इसमें राहुल गांधी ने अमित शाह पर गंभीर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि एक हत्यारा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। कांग्रेस में ऐसे किसी व्यक्ति को अध्यक्ष नहीं बनाया जाता। राहुल गांधी की इस टिप्पणी पर उनके खिलाफ वर्ष 2019 में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## स्कूल प्रबंधन की लापरवाही उजागर, बस में क्षमता से अधिक बच्चे थे सवार

# बच्चों को ले जा रही डीएवी स्कूल की बस पलटी, दर्जनों बच्चे घायल

### चालक पर शराब के नशे में होने का आरोप, अभिभावकों में हड़कंप

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** बच्चों को नबीनगर (बिहार) लेकर जा रही डीएवी स्कूल की बस शुक्रवार की सुबह गोगो ठेंगों गांव के समीप पलट गई। हादसे में बस में सवार दर्जनों बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। जबकि अन्य बच्चे भी मामूली रूप से घायल हैं। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन पर भीषण लापरवाही का आरोप लगाते हुये बताया कि दो बस के बच्चों को एक ही बस में ठूंस कर ले जाया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया है की बस का ड्राइवर शराब के नशे में था। उसे पूर्व में भी एक बार इसी वजह से हटाया जा चुका है। जबकि प्रबंधन ने उसे पुनः रख कर बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। अभिभावक डॉ. एजाज आलम ने बताया कि उनकी बच्ची शरिया एजाज भी घायल है। इसके अलावा आयुष कुमारी, लक्ष्मी लता, रिचा कुमारी,नवाब अली, आरएन पाठक, शबाहत, फैजल खान, स्वामी कुमारी का इलाज नबीनगर के एक निजी क्लीनिक में किया गया। खबर मिलते ही सभी बच्चों के अभिभावक घटनास्थल पहुंच कर बच्चों का हाल जाना। जिन बच्चों को अस्पताल भेजा गया था। उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। नबीनगर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर बस को कब्जे में ले लिया है। जबकि चालक भागने में कामयाब रहा।





### विधायक ने लापरवाह रवैये पर नाराजगी जताई

घटना की खबर मिलते ही हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तत्काल कार्यकर्ताओं को नबीनगर भेज कर पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने एक-एक बच्चे का हाल जाना। उन्होंने क्षमता से अधिक बच्चों को बस से ले जाने और नशे के आदि चालक को स्कूल प्रबंधन द्वारा रखे जाने का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कर सभी दोषी लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को सबक मिलना चाहिए, जिससे आगे इस तरह की घटनाएं नहीं हो। उन्होंने एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, युवा अध्यक्ष हरि सिंह, सचिव हंसराज सिंह व अजय चंद्रवंशी की नबीनगर अस्पताल भेज कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली है।

## एक नजर

### श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का होगा आयोजन



**पांडू।** प्रखंड के ग्राम मुसीखाप यज्ञशाला मैदान में श्री 1008 धर्म ध्वजाचार्य महाराज के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन आगामी सात मार्च से प्रारंभ होगा। 24 घंटा के अखंड कीर्तन के पश्चात कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का आगाज किया जायेगा। 15 मार्च को वृहद भंडारे के साथ ज्ञान यज्ञ का समापन किया जायेगा।

### पिकअप-बाइक की टक्कर में दो गंभीर



**मोहम्मदगंज।** जपला-मोहम्मदगंज मुख्य पथ पर सोनबरसा पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को बाइक और पिकअप वैन की आपने-सामने टक्कर में बाइक पर बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए हैदरनगर स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जहां उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक हैदरनगर थाना क्षेत्र के पंसा निवासी सुरेंद्र मेहता का पुत्र मिथिलेश कुमार व सत्येंद्र पाल का पुत्र रजनीश कुमार है। परिजनों ने बताया की बाइक से मैट्रिक की परीक्षा देने वे मोहम्मदगंज जा रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल लेकर निकलने के क्रम में पिकअप वाहन से टक्कर हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद एएसआई विपिन ठाकुर के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप और बाइक को जब्त कर लिया है।

## खबर का असर

### डीएसओ के निर्देश पर बीएसओ ने की कार्रवाई

# डीलर को किया गया निलंबित


मामला डेवडर का, पूर्व में भी लग चुका है राशन घोटाले का आरोप
ई-पाश मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन वितरण नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन वितरण नहीं शीर्षक से गत पांच फरवरी को राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला। डीएसओ के निर्देश पर जांच के उपरांत ऊंटारी रोड प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा आरोपी जनवितरण प्रणाली विक्रेता गंगा मिलन स्वयं सहायता समूह ग्राम डेवडर को निलंबित कर दिया गया। बीएसओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया पाया गया कि विक्रेता के द्वारा जान-बूझकर लाभुकों को राशन नहीं दिया गया है। जबकि गोदाम से विक्रेता जनवरी माह के खाद्यान्न का उठाव 28 दिसम्बर को ही कर लिया गया था। कार्डधारियों ने बताया कि ई-पॉश मशीन में अंगूठा पहले ही लगवा लिया गया है। इसके बाद भी डीलर द्वारा राशन वितरण नहीं किया गया है। विभागीय कार्रवाई से डीलरों में हड़कंप मचा है।

### ऐतिहासिक होगा जरासंध महोत्सव

**पांकी।** पांकी विधायक के मीडिया प्रभारी सह युवा समाजसेवी विरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि 25 फरवरी को लातेहार में आयोजित महाराज जरासंध महोत्सव ऐतिहासिक होगा। इसमें झारखंड के अलावा सीमावर्ती बिहार प्रांत से भी भारी संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोग शिरकत करेंगे। इसके अलावा आगामी 17 मार्च को पांकी विधानसभा में भी भव्य होली मिलन सह चन्द्रवंशी मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### ग्रामीणों ने संवेदक पर लगाया लापरवाही का आरोप

# स्नान के दौरान फिसला पैर और हो गयी मौत




नवीन मेल संवाददाता

**पांडू।** प्रखंड क्षेत्र के सिलदिली पंचायत अंतर्गत खुरा ग्राम निवासी बुधन राम उम्र 65 वर्ष की नहाने के क्रम में पैर फिसलकर गिरने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने हादसे के लिये खुरा आंगनबाड़ी केंद्र में ठेकेदार के द्वारा अनियोजित मिट्टी भराव को जिम्मेदार ठहराते हुये कहा कि इसी वजह से पैर फिसलने के कारण बुजुर्ग को जान गवांनी पड़ी। बताया जाता है कि प्रत्येक दिन की तरह बुधन राम नहाने के लिए चापाकल पर गए थे। इसी दौरान मिट्टी भराव के कारण उनका पैर फिसल गया तथा गिर जाने से उनकी मौत हो गयी। इस संबंध में नाराजगी जताते हुये आंगनबाड़ी सेविका ने कहा कि फिसलन के कारण बच्चों के साथ भी इस तरह की अप्रिय घटना घट सकती है। क्योंकि आंगनबाड़ी केंद्र नदी किनारे स्थित है तथा उसकी चहारदीवारी भी नहीं बनी है।

### मवि कुम्हारटोली के दो छात्रों को जिला स्तर पर मिला इंस्पायर अवार्ड

**मेदिनीनगर।** शहर के अघोर आश्रम रोड सूदना मध्य विद्यालय कुम्हारटोली स्कूल के दो विद्यार्थियों को सत्र 2023-24 में जिला स्तर पर इंस्पायर अवार्ड मिला है। इनमें मनोज मेहता का पुत्र संदीप कुमार तथा सोनू कुमार गुप्ता का पुत्र प्रांजल का नाम शामिल है। दोनों छात्रों को अवार्ड के तौर पर 10-10 हजार रुपए मिला है। दो छात्रों को इंस्पायर अवार्ड मिलने से स्कूल परिवार काफी हर्षित है। प्रधानाध्यापक श्यामदेव मेहता ने कहा कि अब दोनों छात्र राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में शामिल होंगे। दोनों विद्यार्थी अब राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में भाग लेंगें। राज्य स्तर पर इंस्पायर अवार्ड के लिए तिथि तय नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि दोनों विद्यार्थी राज्य स्तर पर भी चयनित होंगे तो इसके बाद राष्ट्र स्तर और उसके बाद विदेश जाने का अवसर मिलेगा। प्रधानाध्यापक ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड विद्यार्थियों के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचारी प्रोत्साहन के लिए दिया जाता है।

### प्रज्ञा केंद्र संचालकों के लिये मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# सरकार व जनता के बीच कड़ी का कार्य करें सीएससी संचालक



नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड छतरपुर एवं नौडीहा बाजार स्थित सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को पंचायत भवन कउवल के सभा कक्ष में डिस्ट्रिक्ट मैनेजर नागेंद्र कुमार,अरविंद कुमार व विरेंद्र सिंह के द्वारा कर्मयोगी वीएलई का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि सीएससी संचालक सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचायें और सरकार और नागरिकों के बीच कड़ी का काम करें। ताकि ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा डिजिटल पंचायत की सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सीएससी केंद्र संचालक कर्मयोगी का उन्मुखीकरण, जेम पोर्टल पर मुखिया का कार्य, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीडीआई, ग्राम ई-स्वराज, डिजिटल पंचायत का कार्य सही तरीके से निष्पादित करें। उनके द्वारा केंद्र संचालकों को लोक व्यवहार के गुर सहित तकनीकी कौशल से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण शिविर में प्रोजेक्टर के माध्यम से कर्मयोगी वीएलई कार्यक्रम के बारे में पांच मॉडल प्रस्तुत किये गये। इस दौरान सामान्य कर्मयोगी और तकनीकी कर्मयोगी की भी जानकारी दी गयी। डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अरविंद कुमार ने बताया कि सीएससी संचालक संबंधित कार्य का लाभ ग्रामीण क्षेत्र में विशेष कर वरिष्ठ नागरिकों व वंचित समुदायों के घर जाकर उनका सहयोग करें। अमित कुमार, पवन कुमार यादव, आकाश कुमार, सद्दाम हुसैन अख्तर हुसैन, प्रदीप कुमार, रामाशीष चंद्रवंशी, इकबाल अंसारी, कन्हाई प्रसाद, विपिन कुमार, संजीत कुमार, समोज कुमार, मनीष कुमार, संतोष कुमार आदि सीएससी संचालक उपस्थित थे। कानूनी सलाह सर्विस के बारे में विरेन्द्र कुमार सिंह ने विस्तृत जानकारी दी। ब्लॉक इंचार्ज प्रेम कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

### प्रखंड कार्यालय में सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन

# अनुपस्थित पदाधिकारी और मुखिया को शो-कॉज



नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय में सतर्कता समिति की बैठक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को की गयी। इस दौरान कई पदाधिकारियों व मुखिया की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुये बीएसओ ने शो-काज जारी किया। बीडीओ शुभम बेला टोपनो ने पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुये बैठक स्थगित कर दी। मौके पर प्रमुख रेशमी कुमारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार, मुखिया पति आलोक यादव, पंचायत समिति पति सुदामा राम, विनेश विश्वकर्मा, पंचायत समिति मंजीत कुमार, बसंती देवी, सदस्य बिंदेश्वर प्रसाद मौजूद रहे।

# बिजली चोरी में नौ पर मामला दर्ज

### - विशेष छापामारी दल ने अभियान में की कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गुरुवार को विद्युत अवर प्रमंडल जपला के द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल में शामिल विद्युत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो व कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान नौ लोगो को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। कनीय अभियंता ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मोहम्मदगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही 85 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। कनीय अभियंता श्री सिंह ने बताया की छापेमारी दल ने शिलापर निवासी शिव पूजन मेहता, मोहम्मदगंज बाजार निवासी रामधारी चंद्रवंशी, कौशल चंद्रवंशी, शिव शंकर चंद्रवंशी, सूचित पासवान, फूलचंद यादव, सूरज यादव, उपेंद्र यादव व जितेंद्र यादव को अवैध तरीके से बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा। इस छापेमारी दल में मानव दिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, ललितेश्वर मेहता, सहायक सारणी मंटू मुंडा, ऊर्जा साथी रविशंकर सिंह शामिल थे।

# पलामू के 45 सरकारी स्कूलों में शुरू होगा बालवाटिका केंद्र

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के 45 स्कूलों में अर्ली चाइल्ड्हुड केयर एंड एजुकेशन (ईसीसीई)शुरू होगा। इसके लिए जिले के 11 प्रखंडों में 45 स्कूलों को चिह्नित किया गया है। इसमें नर्सरी के बच्चों का दाखिला होगा। समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीओ उदय कुमार ने कहा कि इसका नाम बालवाटिका केंद्र रखा गया है। चिह्नित किये गये स्कूलों के प्राथमिक शिक्षकों (कक्षा एक-पांच) को प्रशिक्षित करने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन झारखंड शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद् रांची द्वारा रांची में 25 से 29 तक फरवरी रखा गया है। जिला शिक्षा अधीक्षक रंधीर कुजूर ने बताया कि सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को चयनित किये गए स्कूलों के नोडल शिक्षक प्रशिक्षण में भाग लेंगे। कार्यशाला अवधि में पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश की स्थिति में क्षतिपूर्ति अवकाश देय होगा। जिला शिक्षा अधीक्षक ने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि संबंधित बालवाटिका केंद्र (प्रारंभिक स्तर) के नोडल शिक्षक/शिक्षकाओं को कार्यशाला के लिए इस तरह से विरमित करें ताकि वे निर्धारित तिथि को सुबह साढ़े नौ बजे कार्यशाला में योगदान कर सकें। बालवाटिका के उक्त शिक्षक यदि आगामी होने वाली परीक्षा में प्रतिनियुक्त हों तो वैसे शिक्षक/शिक्षका की प्रतिनियुक्ति वैकल्पिक व्यवस्था के बाद करेंगे। प्रशिक्षण में जाने वाले शिक्षकों को झारखंड सरकार की यात्रा भत्ता नियावली के अनुसार देय होगा। बालवाटिका केंद्र के रूप में चैनपुर प्रखंड में दो, मेदिनीनगर में तीन, हरिहरगंज में एक, लेस्लीगंज में आठ, मोहम्मदगंज में एक, पांडू में छह, पाटन में आठ, पिपरा में एक, रामगढ़ में छह और तरहसी प्रखंड में छह स्कूलों को चिह्नित किया गया है। एडीपीओ ने कहा कि बालवाटिका केंद्र बच्चों के समग्र विकास तथा अधिगम पर बल देती है। इसका उद्देश्य अनुकूल वातावरण का निर्माण करना तथा बच्चों की विकासात्मक तथा संदर्भात्मक आवश्यकताओं के अनुसार आवश्यकता आधारित इनपुट प्रदान करना है।

## समारोह

### धूमधाम से मनी संत गाडगे महाराज की 148 वीं जयंती

# संतों की नहीं होती कोई जाति

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान के जनक, सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत व समाज सुधारक संत गाडगे महाराज की 148वीं जयंती धूमधाम से मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ,राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ,भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह,कर्नल संजय सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा आदि ने संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक छेदी बैठा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि संतों की कोई जाति नहीं होती है। संत समाज के मार्गदर्शक होते हैं। अन्य वक्ताओं ने संत गाडगे को दलितों और वंचितों का पथ-प्रदर्शक बताया। मौके पर जितेंद्र कुमार रजक, राजकुमार रजक, सुदर्शन बैठा, रामेश्वर राम ,पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव, अजय प्रसाद गुप्ता, चंदन रजक, सुदेश्वर राम, लालधान ठाकुर, पुनीत राम, जयश्री बैठा, प्रमोद रजक, जनेश्वर बैठा,सत्यम रजक मौजूद थे।समारोह में मौजूद अतिथि।


हुसैनाबाद के कपूरी मैदान में संत गाडगे बाबा की 148 वीं जयंती मनायी गयी।

### श्रीराम व हनुमंत कथा श्रवण से मिलती है समस्त पापों से मुक्ति

**हैदरनगर।** मोहम्मदगंज के भीम नगर स्थित विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ सह शिवलिंग स्थापना के तीसरे दिन के प्रवचन कार्यक्रम में मानस मोहिनी शिरोमणि दुबे ने सीता स्वयंवर व सीताराम विवाह के प्रसंग का भाव पूर्ण वर्णन किया। उन्होंने जननी व जन्मभूमि के प्रसंग पर कहा कि स्वर्ग से भी बढ़कर इसका सदैव सम्मान किया जाना चाहिये। पं. हरिदत्त शास्त्री (जबलपुर) ने कहा कि पहले विवाह, बाद में प्रेम की जगह अब प्रेम पहले व बाद में विवाह की रश्म शुरू होने से ही रिश्ता टिक नहीं पा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीराम व हनुमंत कथा श्रवण करने से जन्म-जन्मांतर के पाप बंधनों से मुक्ति मिलती है। बक्सर से आये अरुण शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी को धर्म, जाति से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिये। धर्म का मूल मंत्र गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा, श्रीरामचरित मानस, श्रीमद भागवद गीता सहित अन्य धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन करने से बच्चों में भी शिक्षा व संस्कार जागृत होगी। पं. महेश्वर शर्मा (मेदिनीनगर) ने कहा कि भगवान भोले शंकर देवाधिदेव देव हैं। भगवान विश्वकर्मा देव शिल्पी हैं। कोई भी निर्माण, संरचना बाबा विश्वकर्मा के आशीर्वाद से ही निर्बाध पूरा हो पाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेन्द्र विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, गौरीशंकर सिंह, कामेश्वर सिंह, विमलेश विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, द्वारिका प्रसाद, कामता मेहता, अरविन्द शर्मा, दिलीप, मुन्ना सिंह जुटे हैं।

# अंतर्राज्यीय सीमा पर वाहन जांच, 18 बाइकें जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार को हरिहरगंज थाने के समीप एनएच-98 स्थित इंटर-स्टेट चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो-पहिया वाहनों की कागजातों के अलावे ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग, डिक्की व हेलमेट आदि की सघन जांच की गयी। जांच का नेतृत्व कर रहे एसआई सुधांशु शेखर ने बताया कि वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट के वाहन चलाने के विरुद्ध 18 बाइकों को जब्त कर फाइन के लिए प्रतिवेदन न्यायालय में भेज दिया गया है। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि एनएच से गुजरने वाले बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हर हाल में हेलमेट लगाने के साथ ही सभी आवश्यक कागजात लेकर ही चलने का निर्देश दिया गया।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू व गढ़वा वासियों को नमस्कार।** शहर आपका है। इसे स्वच्छ व सुंदर रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। सड़क पर इधर-उधर कचरा न फेंके। हमेशा कूड़ेदान का प्रयोग करें।
**सुशील कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा।**

## बाइकों की टक्कर में तीन गंभीर

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के कोलियरी मोड़ के समीप दो बाइकों की टक्कर में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया। जानकारी के अनुसार कुटुंबा थाना क्षेत्र के निवासी सिंटू सोनी पिता कृष्ण देव प्रसाद मेदिनीनगर से बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से एक अन्य व्यक्ति के साथ आ रहे चैनपुर थाना क्षेत्र के चेडाब्रार निवासी नर्वदेश्वर सिंह पिता वृक्ष सिंह की बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गयी। पड़वा थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी राजेश कुमार यादव ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी।



सांसद प्रतिनिधि व प्रथम पार्षद ने किया वितरण

## गैस सिलेंडर पाकर खुशी से झूम उठी महिलायें



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 में मां वैष्णवी एचपी गैस के माध्यम से प्रथम पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी एवं सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने संयुक्त रूप से महिलाओं को उज्ज्वला गैस सिलेंडर का वितरण किया। मौके पर प्रथम पार्षद ने कहा कि आम जनता का हित सर्वोपरि है। लोगों को सरकारी सुविधा का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिये लगातार प्रयास किया जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि श्री पांडे ने कहा कि पलामू सांसद वीडी राम ने ठाना है। लोकसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को दूर भगाना है। गैस सिलेंडर पाकर महिलाओं की खुशी देखते ही बनी। मौके पर लाभुक अजमेरी बीबी, राधिका देवी, रिंकू देवी, सोनी देवी, रीमा देवी, आरती देवी, जेपी गुप्ता, मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल, मेजर पासवान, जीतू, रिशु उपस्थित थे।

**तस्वीर झूठ ना बोले**




ऋतुराज वसंत का असर प्रकृति पर दृष्टिगोचर होने लगा है। बाग में अपनी मादकता बिखेर रही फूलों की सुंगध भंवरों को भा रही है। (छाया-भोला)

## एक नजर

### होमगार्ड बहाली मामले में चुप्पी संदेहास्पद

**मेदिनीनगर।** जिले में गृह रक्षा वाहिनी की बहाली में घोर अनियमितता का आरोप लगाते हुये भाकपा ने व्यापक रोष जताया है। जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने आरोप लगाया कि इस संबंध में कई अभ्यर्थियों का कहना है कि मेरिट सूची में रहने के बाद भी बिना मेरिट वालों को बहाल कर दिया गया है। अभ्यर्थी गोलू कुमार दुबे ने बताया कि उनका मेरिट में सबसे अधिक अंक था। इसके बावजूद उनकी बहाली नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल्द ही भाकपा का शिष्टमंडल सीएम चंपाई सोरेन से मुलाकात कर इस तरफ उनका ध्यान आकृष्ट करायेगा।

### चंद्रवंशी मिलन समारोह कल लातेहार में



**मेदिनीनगर।** लातेहार के बाजार टांड में 25 फरवरी को चंद्रवंशी सेना के तत्वावधान में चंद्रवंशी उलगुलान मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में पलामू प्रमंडल के सभी गांवों से चंद्रवंशी समाज के लोगों का आगमन होगा। चंद्रवंशी समाज के कौशल किशोर बच्चन ने लोगों को भारी से भारी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता, किया गया मंथन

# जिले में एक वर्ष में 276 दुर्घटनाओं में 225 की गयी जान

**कमी लाने के उपायों पर किया गया मंथन**

**दो मददगारों को मिला पांच-पांच हजार रुपये इनाम**

**एक्सीडेंट प्रोन एरिया में दुर्घटनाओं के कारणों का पता कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2023 से लेकर अब तक जिले हुई 276 सड़क दुर्घटनाओं में 225 लोगों की मौत हुई है। इनमें अब तक 16 प्रभावितों को हिट एंड रन के तहत सरकारी मुआवजे का भुगतान किया गया है। वहीं 15 मामले बीमा कम्पनी के पास लंबित है। यह खुलासा शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आयोजित जिला सुरक्षा समिति की हुई बैठक में हुआ है। उपरोक्त जानकारी जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव द्वारा दी गई है। दुर्घटना के उपरोक्त आंकड़ो पर चिंता जताते हुए सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के उपायों पर गहन मंथन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने हिट एंड रन मामलों की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि जनवरी 2023 से लेकर अब तक कुल 16 लोगों के बीच हिट एंड रन के तहत मुआवजे का भुगतान किया गया है। वहीं 15 मामले बीमा कंपनी के स्तर से पेंडिंग हैं। यह भी बताया गया कि वर्ष 2023 से अब तक गुड समैरिटन (अच्छे मददगार )स्कीम के तहत दो लोगों को लाभान्वित किया गया है।



**15 मामले बीमा कम्पनी के पास लंबित है। यह खुलासा शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आयोजित जिला सुरक्षा समिति की हुई बैठक में हुआ है**

**उपायुक्त ने हिट एंड रन मामलों की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि जनवरी 2023 से लेकर अब तक कुल 16 लोगों के बीच हिट एंड रन के तहत मुआवजे का भुगतान किया गया है।**

### दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में एंबुलेंस उपलब्ध करवाने के निर्देश

बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने डीटीओ व सिविल सर्जन को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए जिले में चिन्हित किये गये कुल 11 एक्सीडेंट प्रोन एरिया में आवश्यकतानुसार एंबुलेंस उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। कहा कि दुर्घटना वाले संभावित स्थानों पर आवश्यकतानुसार साइनएज लगाये जायें, ताकि दुर्घटना के प्रति सचेत कर इसमें कमी लाई जा सके। उन्होंने डीटीओ को हर माह सड़क सुरक्षा की बैठक कराने के निर्देश दिये। उन्होंने रोड सेफ्टी मैनेजर को पीडब्लूडी के कार्यपालक अभियंता,संबंधित पुलिस उपाधीक्षक के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए एक्सीडेंट प्रोन एरिया में सड़क दुर्घटना होने के क्या कारण है व इसे कैसे कम किया जा सकता है। इस विषय पर डिटेल रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसी तरह आईआरएड सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री हेतु सभी संबंधितों को सक्रिय रहकर जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की इंट्री ससमय करने के निर्देश दिये गये। इसके लिये उपायुक्त ने सिविल सर्जन को सभी प्राइवेट अस्पतालों से भी डेटा अपलोड करवाने के निर्देश दिये। कहा कि हेलमेट चेकिंग व ट्रिपल राइडिंग का अभियान लगातार चलाया जाये। बैठक में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार,उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार,सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार,सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार सिंह,सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार व आईटी असिस्टेंट डब्ल्यू उपस्थित थे।




## भालू के हमले में गंभीर युवक रिम्स रेफर

**पीटीआर कुटकु रेंज के भंडरिया जंगल की है घटना**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पीटीआर कुटकु रेंज के भंडरिया जंगल में वर्ष 2024 के पहले भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल आदिम जनजाति के 40 वर्षीय लगन कोरबा को बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल युवक शरवत पहाड़ के नीचे से गुजर रहे थे। इसी दौरान उन पर भालू ने हमला बोल दिया। हालांकि साहस दिखाते हुये लगन ने किसी प्रकार खुद को बचा तो लिया, किंतु वे गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि हमले में जहां उनका चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं कलाई की हड्डी भी टूट गयी है। भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उनका उपचार करने वाले चिकित्सा प्रभारी डा. वीके रजक ने बताया कि भालू के हमले में उनकी मांसपेशियां क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। एहतियातन घायल को एंटी रेबीज का इंजेक्शन दिया गया है।

रंधीर कुजूर ने संभाला पलामू डीएसई का कार्यभार, कहा

## अभिभावक बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय में भेजें



**इस कार्यालय के सभी कर्मियों , शिक्षकों व अधीनस्थ पदाधिकारी के सहयोग व उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में अपने दायित्व का निर्वहन करेंग।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के नए डीएसई के रूप में रंधीर कुजूर ने पदभार संभाल लिया। उन्होंने पलामू के निवर्तमान डीएसई मनोज कुमार से प्रभार लिया। रंधीर कुजूर फिलवक्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) मेदिनीनगर के प्राचार्य हैं। पदभार संभालने के बाद रंधीर कुजूर ने कहा कि वे इस कार्यालय के सभी कर्मियों , शिक्षकों व अधीनस्थ पदाधिकारी के सहयोग व उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। पलामू जिला उनके लिए नया नहीं है, वे विगत कई महीनों से इस जिले में कार्य कर रहे हैं। कहा कि सरकार के आदेशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। शिक्षक अपने-अपने विद्यालय में ससमय उपस्थित होकर विद्यार्थियों की शैक्षिक स्तर ऊंचा हो इसके लिए ईमानदारी पूर्वक कार्य करें। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में होता है। शिक्षक को कार्यालय आने की जरूरत नहीं बल्कि उनकी समस्याओं का निष्पादन ससमय किया जाएगा। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के कर्मी जिले के शिक्षक व अभिभावक सभी से आग्रह किया कि सभी लोग अपने स्तर से अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे तो निश्चित रूप से पलामू शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल होगा। मौके पर डीएसई कार्यालय के प्रधान लिपिक राजीव रंजन पांडेय,शशि पांडेय, बलराम, अविनाश भारती, मनोज पासवान, समेत अन्य सभी कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

थाने में पुलिस कर रही पूछताछ, युवक के परिजन मौके पर पहुंचे

## ट्रेन में युवती को युवक से हुआ प्यार, खोजते पहुंच गयी पलामू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ट्रेन में एक युवक को युवती से प्यार हो गया। उसके बाद दोनों अपने-अपने घर चले गये, लेकिन कुछ दिनों के बाद युवक को खोजते हुए युवती पलामू पहुंच गई। डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर दोनों को देखने के बाद पुलिस को संदेह हुआ। इसके बाद पुलिस दोनों को थाना ले आई है। पूछताछ में प्रेम-प्रसंग का खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार पलामू जिले के लेस्लीगंज का रहने वाला मनीष नामक युवक 12 फरवरी को गुजरात से डालटनगंज आ रहा था। कुछ देर बाद इस ट्रेन में बिहार के सासाराम की रहने वाली एक युवती सवार हुई। मनीष और युवती के बीच ट्रेन में बातचीत शुरू हुई और कुछ घंटे के सफर में ही दोनों के बीच प्यार हो गया। इस दौरान दोनों ने एक साथ जीवन बिताने का फैसला भी ले लिया। उसके बाद मनीष वापस अपने घर चला गया, जबकि युवती भी बिहार स्थित अपने घर चली गई। दोनों के बीच कई दिनों से फोन पर बातचीत हो रही थी। इसी बीच दो दिन पहले युवती मनीष से मिलने के लिए डालटनगंज पहुंच गई। दोनों पिछले दो दिनों से डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अगल-बगल रह रहे थे। दोनों को देखने के बाद स्थानीय लोगों ने मेदिनीनगर टाउन थाने को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मनीष और उसकी प्रेमिका को थाना ले आई है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। युवती ने अपना पता सासाराम बिहार बताया है। पुलिस पते का सत्यापन कर रही है। मनीष के परिजन भी थाना पहुंच गए है। मनीष ने बताया कि वह गुजरात में चालक का काम करता है। वह गुजरात से वापस लौट रहा था। इसी क्रम में लड़की से मुलाकात हुई थी।



### संत गाडगे की मनायी गई 148वीं जयंती

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में संत गाडगे की 148वीं जयंती मनायी गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि संत गाडगे दलितों एवं वंचितों के दिशा वाहक थे। उन्होंने सामाजिक बुराइयों, कुरीतियों एवं अंध विश्वास को दूर करने का रास्ता दिखाया। संत गाडगे का मानना था की ईश्वर न तो तीर्थ स्थानों में है नही मंदिरों में। दरिद्र नारायण के रूप में सब स्थानों में विद्यमान है। उन्होंने भूखों को भोजन, नंगे को वस्त्र, प्यासे को पानी ,बेकार को काम का संदेश दिया। उन्होंने कई धर्मशाला बनवाएं ताकि गरीबों को मुफ्त में ठहरने की व्यवस्था मिल सके। वे 1905 से 1917 तक अज्ञात वाश में रहें। उन्होंने आगे बढ़ने के लिए शिक्षा पर बल दिया। मोर्चा अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से अपील किया की संतो के आदर्शो पर चलने वाला व्यक्ति की समाज का सच्चा सिपाही हो सकता है।

## समाज में भरत जैसे भाई की आवश्यकता है : स्वामी धीरेंद्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय बारालोटा पांकी रोड स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ में चित्रकूट धाम से पधारे श्रीश्री 1008 स्वामी धीरेंद्राचार्य जी महाराज ने श्रीरामचरित मानस के आधार पर भरत के चरित्र का चित्रण किया। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को भरत के चरित्र को धारण करना चाहिए। परिवार एवं समाज की बेहतरी के लिए भरत के विचारों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरित मानस जीवन जीने की कला सिखाती है। मानस के संदेशों को अपनाने से भाई-भाई के बीच प्रेम प्रगाढ़ होगा। उन्होंने कहा कि धन संपत्ति का लोभ,मोह एवं स्वार्थ की वजह से भाई-भाई के प्रेम के बीच दरार आ जाती है और झगड़ा होता है। इस कारण परिवार बिखर जाता है और सुख शांति गायब हो जाती है। मानस यह बताता है कि प्रेम संबंध को हमेशा बनाए रखना चाहिए,तभी जीवन खुशी व आनंद से भरा रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज में भरत जैसे भाई की आवश्यकता है। भरत ने अपने बड़े भाई प्रभु श्रीराम की विपत्ति बांटी,संपत्ति नहीं। मानस मोहिनी संध्या देवी ने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा से दुर्लभ मानव शरीर मिला है। मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य संसार के त्रयतापों से निवृति,परमानंद की उपलब्धि एवं आवागमन के चक्र से छुटकारा पाना है। जीवन का यह उद्देश्य हासिल करने के लिए सार्थक पुरुषार्थ करना चाहिए। संतों की संगति,हरि कृपा एवं भगवान की भक्ति से ही जीवन का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि संत परमार्थी होते हैं और वे आजीवन परोपकार एवं जन कल्याण का कार्य करते हैं। मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल तिवारी, सचिव प्रदीप तिवारी ,लव तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी, शैलेश तिवारी, अजित तिवारी, राकेश तिवारी, आलोक तिवारी मौजूद थे।

**परेशानी** जल जीवन मिशन के तहत तीन लाख 65 हजार घरों तक पहुंचाना है पानी


# पलामू में दो लाख घरों तक जलापूर्ति का लक्ष्य शेष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत पलामू जिले में अभी भी दो लाख घरों तक पीने का पानी पहुंचाने का लक्ष्य शेष है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तीन लाख 65 घरों में पीने का पानी पाइप के द्वारा पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके सापेक्ष अभी तक एक लाख 68 हजार घरों तक ही पाइप के द्वारा पीने का पानी पहुंचाया जा सका है। पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ता ने बताया कि प्रयास है कि वित्त वर्ष के अंत तक मंजिल के करीब पहुंचा जा सके। उन्होंने बताया कि फरवरी के अंतिम सप्ताह तक 1,68,296 घरों में पाइप के द्वारा पानी पहुंच चुका है। यह लक्ष्य के सापेक्ष 46 प्रतिशत है। जबकि सीमावर्ती गढ़वा जिले में पेयजल की उपलब्धता 59 प्रतिशत पहुंच गयी है।

**800 करोड़ की योजना पर चल रहा काम**

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जिले में जल जीवन मिशन योजना करीब 800 करोड़ रुपए की है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक घरों में पाइप लाइन से जलापूर्ति का लक्ष्य है। हालांकि मेदिनीनगर नगरनिगम सहित छतरपुर , विश्रामपुर और हुसैनाबाद नगर परिषद में जल जीवन मिशन योजना संचालित नहीं है।



**पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ता ने बताया कि प्रयास है कि वित्त वर्ष के अंत तक मंजिल के करीब पहुंचा जा सके। उन्होंने बताया कि फरवरी के अंतिम सप्ताह तक 1,68,296 घरों में पाइप के द्वारा पानी पहुंच चुका है।**

### 35 गांवों में जल में फ्लोराइड की विद्यमानता



कार्यपालक अभियंता श्री गुप्ता ने बताया कि इस समय पलामू जिले में 35 ऐसे गांव है। जहां फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या है। उन सभी गांवों में फ्लोराइड से निपटने के प्लांट लगा दिए गए हैं। इससे काफी हद समस्या पर काबू पाया जा चुका है। फ्लोराइड के लिये कुख्यात चुकरू गांव में पिछले चार दशक से फ्लोराइड के लिए युद्ध स्तर पर काम किया गया है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### अंचल कार्यालय में चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**गढ़वा।** उपायुक्त के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के सुचारू निष्पादन के उद्देश्य से धुरकी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के मिटिंग हॉल मे शुक्रवार से आयोजित चार दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण का उद्घाटन बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी को ईवीएम, वीवीपैट व आदर्श आचार संहिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जायेगी। शिविर मे प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के सभी सहायक शिक्षक भाग ले रहे हैं। मास्टर ट्रेनर शिक्षक अरविंद यादव व मेराज अहमद ने बताया कि आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए सभी शिक्षकों को फिजिकल रूप से परिपक्व बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षकों को स्वीप एक्शन प्लान, जनशिकायत निवारण पोर्टल, एनजीएसपी व वोटर हेल्पलाइन के संबंध में बताया गया। प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनर ने बताया कि 27 फरवरी तक यह प्रशिक्षण कार्यशाला जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इस दौरान बीआरसी के बीपीओ व शिक्षक उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का किया स्वागत



**भंडरिया।** स्थानीय भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के द्वारा लातेहार प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा व नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो को पुष्प गुच्छे व बुके देकर स्वागत किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को एक बार फिर से मोदी सरकार का मंत्र देते हुये कार्यकर्ताओं ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी अपना बूथ, सबसे मजबूत को ध्येय बनाकर कार्य करें। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंन्हा, भंडरिया मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर , विधायक प्रतिनिधि रामकेश चौरसिया, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष भूषण सिंह,मंडल महामंत्री विनय जायसवाल, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रूपेश कुमार बैठा,मदन केशरी, विजय केशरी,प्रेम ठाकुर,सुमित गोस्वामी,श्रवन ठाकुर,पखन सिंह, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष बीरबल भुइयां उपस्थित थे।

## लूट के खुलासे पर पुलिस सम्मान समारोह आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से शनिवार को शहर के टंडवा स्थित शगुन बैंक्वेट हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गढ़वा- रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उपस्थित रहेंगे। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपायुक्त शेखर जमुवार, एसपी दीपक कुमार पांडेय उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी चेंबर अध्यक्ष बबलू पटवा ने दी है। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी की रात में गढ़देवी मोड़ स्थित जेवर दुकान में हुई करोड़ों की डकैती मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुये चोरी गये सामान के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस को सम्मानित किया जायेगा। मौके पर पंचम सोनी, कंचन साहू, ज्योति प्रकाश केसरी, पूनम चंद कांस्यकार, संजय केसरी, मनीष कमलापुरी, राजकुमार सोनी उपस्थित थे।

### जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला

## दिसंबर तक 90 प्रतिशत घरों तक जलापूर्ति का लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय पदाधिकारियों का एकदिवसीय क्षमता वर्द्धन कार्यशाला का आयोजन होटल सगुन में किया गया। कार्यशाला की शुरूआत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले में दो लाख 98 हजार घरों को पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक एक लाख 84 हजार घर को पाइप लाइन सुविधा उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि दिसंबर महीने तक 90 प्रतिशत घरों को पाइप लाइन की सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। शेष घरों में पाइपलाइन से पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी अग्रेतर कार्रवाई जारी है। जिन घरों तक पाइप लाइन ले जाना संभव नहीं है। वहां चापाकल अधि स्थापित किया जाएगा। उसके लिए कर्मियों को प्राथमिकता सूची बनाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर सहायक अभियंता शाहनवाज आलम, राजेश कुमार, कनीय अभियंता सिकंदर प्रसाद, भारत प्रसाद, धर्मेंद्र मेहता, महावीर प्रसाद, जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक नवनीत कुमार उपाध्याय, फील्ड कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार चौबे आदि मौजूद रहे।

## सर्वेश्वरी आश्रम में निःशुल्क नेत्र शिविर कल

केतार। श्रीसर्वेश्वरी समूह आश्रम शाखा केतार में रविवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण सह दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शाखा प्रबंधक बीएन पंडित ने बताया कि सुबह 10 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खरौंधी, भवनाथपुर, केतार के विभिन्न गांवों में वाहन से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक लोग शिविर में आकर आंख का इलाज करा सकें। वहीं शाखा उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह द्वारा प्रत्येक बरसी पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर गरीबों की सेवा की जाती है। नेत्र शिविर में आंख विशेषज्ञ डॉक्टर बीएन राय, सोनू कुमार तथा डेंटल कॉलेज गढ़वा के विशेषज्ञ के द्वारा रोगियों की जांच की जायेगी। इस मौके पर शाखा मंत्री रामाधार प्रसाद यादव, दिनेश सिंह,गोखुल कुमार, रामावतार राम, अवधेश प्रसाद, रविशंकर प्रसाद, उदय प्रसाद उपस्थित थे।




### अंचल कार्यालय के प्रवेश द्वार पर की नारेबाजी, जताया रोष

# राशन न मिलने से क्षुब्ध कार्डधारकों ने किया प्रदर्शन

**आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि डीलर जीरा कुंवर द्वारा वर्ष 2023 में पांच महीने का तथा वर्ष 2024 में फरवरी माह का राशन वितरण नहीं किया गया है।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड अंतर्गत पढ़ुआ पंचायत के पतहरिया गांव के कार्डधारकों ने राशन न देने का आरोप लगाते हुये शुक्रवार को अंचल कार्यालय के समक्ष विरोध-प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। कार्डधारकों ने आरोप लगाया कि डीलर द्वारा विगत कई महीनों से राशन नहीं दिया जा रहा है। शिकायत करने पर दुर्व्यवहार किया जा रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि डीलर जीरा कुंवर द्वारा वर्ष 2023 में पांच महीने का तथा वर्ष 2024 में फरवरी माह का राशन वितरण नहीं किया गया है। इस संबंध में जानकारी देने पर दुर्व्यवहार करते हुये उन्हें भगा दिया जाता है। मुखिया आशीष बियार का कहना है कि डीलर की कार्यप्रणाली से लोग असंतुष्ट हैं। इसलिए डीलर बदलना ही विकल्प होगा। कार्डधारकों ने बीडीओ सह एमओ से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मौके पर कार्डधारक बालेश्वर बियार, संजय शाह, अरविंद बियार, अजीत प्रसाद गुप्ता, रामनाथ शाह, उदय शाह, रजिया कुंवर, ललिता देवी, पूनम देवी, मालती देवी, देवंती देवी, मीरा देवी, बचीया देवी, सोना कुंवर, मीरा देवी, शीला देवी, प्रतिमा देवी, अनिता देवी, चंदा देवी, लालची देवी ,कमला देवी, रीना देवी मौजूद रहीं।

**वर्जन...**
इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जागो महतो ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## स्वयं सेवक पर लाभुक ने लगाया रिश्वत लेने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के बांसडीह गांव निवासी धीरेन्द्र राम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी को आवेदन देकर स्वयं सेवक पर पीएम आवास की तीसरी किश्त की राशि निर्गत करने के एवज में पांच हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। जिसकी पहली किस्त 40 हजार और दुसरी किस्त की 85 हजार रुपए की राशि उनके खाते में आ भी चुकी है। जबकि तीसरी किस्त की राशि ब्लाक कोआर्डिनेटर द्वारा उनकी जगह स्वयंसेवक धीरेन्द्र राम के खाते में स्थानांतरित कर दी गयी है। उन्होंने बीडीओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जांचोपरांत कार्रवाई की जायेगी।

## आयरन लेडी के रूप में मशहूर हैं नपं अध्यक्ष विजया लक्ष्मी



**भाजपा नेता की पलामू लोस से सर्वोच्च सदन में प्रतिनिधित्व की हसरत, जिला पार्षद के बाद रिकार्ड मतों से जीतकर बनीं श्रीबंशीधर नपं की अध्यक्ष**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** रिकार्ड मतों से श्रीबंशीधर नगर पंचायत की अध्यक्ष पद पर निर्वाचित भाजपा नेता विजया लक्ष्मी देवी अपनी विशिष्ट कार्यशैली के कारण क्षेत्र में आयरन लेडी के नाम से मशहूर हैं। पलामू जिला के हैदरनगर प्रखंड की मूल निवासी विजया लक्ष्मी की प्रारंभिक शिक्षा हिमाचल प्रदेश के रामपुर ज्युरी में हुई है। इनके माता-पिता वर्तमान में वहीं पर रहते हैं। प्रथम पंचायत चुनाव में नगर ऊंटारी से रिकॉर्ड मतों से जिला पार्षद पद पर निर्वाचित होने के बाद उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भी परचम लहराया। आम जन के बीच लोकप्रिय होने के साथ ही उन्होंने क्षेत्र में विकास का भी नया आयाम स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि उनकी हसरत लोकतंत्र के सबसे बड़े पंचायत में पलामू का प्रतिनिधित्व कर संसदीय क्षेत्र पर लगे पिछड़े के तमगे को हटाना है। इसके लिये वे प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व से भी संपर्क कर अपने मंशा जाहिर कर चुकी हैं।

### हेमंत की रिहाई को मुस्लिम समाज ने मांगी दुआ



**केतार।** प्रखंड के बेलाबार व नावाडीह गांव के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर सामूहिक रूप से दुआ मांगी। इस दौरान मस्जिद के इमाम मौलाना नसीम अहमद, अंजुमन कमेटी के सदर शमीम अंसारी, अजीम अंसारी, रेयाज अंसारी, जसमुदिन अंसारी, रुकुमुदिन अंसारी, इद्रीश अंसारी, मारूफ अंसारी अहमद राजा सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### अनदेखी से स्वच्छता अभियान को लग रहा पलीता, महिलाओं को असुविधा

## नगर परिषद में लगे यूरिनल बेकार, राहगीर बेहाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के इकलौते नगर परिषद गढ़वा में जगह-जगह स्थापित यूरिनल बेकार हो जाने से राहगीरों, दुकानदारों के साथ आम नागरिकों को लघुशंका के लिये भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि नगर को साफ व स्वच्छ रखने के लिए शासन द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हैं। जन प्रतिनिधियों द्वारा तमाम वायदे भी किये जाते हैं, लेकिन यह विडंबना ही है कि समुचित देखरेख के अभाव में गढ़वा नगर परिषद में यूरिनल सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। कहने को तो नगर परिषद की ओर से समाहरणालय, कोर्ट परिसर, प्राइवेट बस स्टैंड, सदर अस्पताल, प्रखंड कार्यालय परिसर सहित नौ जगहों पर सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा शहर के अलग-अलग जगहों पर सात यूरिनल लगाया गया है, लेकिन वर्तमान में कोई भी कारगर नहीं है। इससे विशेषकर बाजार में आने वाली महिलाओं की परेशानी बढ़ गयी है।






**वर्जन...** शहर में लगे तमाम यूरिनल और सामुदायिक शौचालय जल्द ही सुलभ शौचालय को दिया जाएगा। तभी उनका संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा। आने वाले दिनों में शहर में आने वाले तमाम लोगों को यूरिनल और शौचालय का भरपूर लाभ मिलेगा।
**सुशील कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा।**

## गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला न्याय मार्च

केतार। प्रखंड के परती-कुशवानी पंचायत में शुक्रवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जेल से रिहा कराने व उनके साथ हुई साजिश के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं ने न्याय मार्च किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिंदाबाद, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जिंदाबाद, जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छुटेगा, हेमंत सोरेन को रिहा करो के नारे लगाये गये। यात्रा के पश्चात आयोजित सभा को संबोधित करते हुये झामुमो नेता पंकज सिंह ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की लोकप्रियता एवं कुशल नेतृत्व को देख केंद्र सरकार बौखला गई है। सोची-समझी साजिश के तहत केंद्रीय जांच एजेंसियों को लगाकर उनकी गिरफ्तारी की गयी है। इसका मुंहतोड़ जवाब जनता आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोट की बदौलत देगी। इस मौके पर राम विचार साहू,प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह,उदय प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, नागेन्द्र ठाकुर,सुरेश कुमार,सुशील कुमार यादव,सुरेन्द्र प्रसाद मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सहायक शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

## चुनाव सामग्री उठाव व मतपत्र लेखा की दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखण्ड के सहायक शिक्षकों को लोक सभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर नीरज दुबे तथा राजीव रंजन दुबे ने सभी सहायक शिक्षकों को चुनाव संपन्न कराने के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान सामग्री उठाव, मतदान करना, मतदान समाप्ति के बाद सामग्री को सील करना, सभी तरह के कागजातों को भरना आदि से संबंधित जानकारी दी गयी। पीठासीन डायरी, मतपत्र लेखा, मतदान घोषणा पत्र इत्यादि पर भी विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। दो पालियो में प्रखंड के 82 सहायक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। अन्य शिक्षकों व संविदा कर्मियों का प्रशिक्षण 24 और 25 फरवरी को दिया जाएगा। जिसमे 124 सहायक शिक्षक, 33 सरकारी शिक्षक, 25 हाई स्कूल के सरकारी शिक्षक तथा 20 अन्य प्रखंड कर्मी को प्रशिक्षण दिया जायेगा। निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ रविंद्र कुमार ने भी ईवीएम से संबंधित जानकारी दी। निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि लोक सभा चुनाव को लेकर सभी शिक्षक तथा प्रखंड कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान शिक्षक सुजीत कुमार, प्रदीप यादव, नन्हकू चौधरी, रूपेश सिंह, इंद्रमण यादव, श्यामराज गुप्ता, नवलेश कुमार सिंह, ब्रजेश गुप्ता, रघुबीर यादव, मनदीप साह, सचिंद्र मेहता, संजय सिंह, कुंज बिहारी यादव आदि उपस्थित थे।

**पहल** | विधायक भानु ने कहा समग्र विकास का प्रयास जारी, तमाम अवरोध नाकाम

# 15 करोड़ की लागत से तीन योजनाओं का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** विधायक भानु प्रताप शाही ने शुक्रवार को प्रखंड में करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से तीन महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की आधारशिला भूमि पूजन कर तथा नारियल फोड़कर रखी। जिसमें अरसली दक्षिणी पंचायत में साढ़े सात करोड़ की लागत से नल जल योजना, भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में छः करोड़ पांच लाख रुपए की लागत से बीडीओ, सीओ व अन्य कर्मियों का स्टॉफ क्वार्टर तथा मकरी पंचायत के बगही नदी में 81 लाख रुपए की लागत से चेक डैम का शिलान्यास बुजुर्गो-अभिभावकों के हाथों भूमि पूजन कर तथा नारियल फोड़कर कराया। मौके पर विधायक भानु ने कहा कि अरसली दक्षिणी में पदाधिकारियों की गलती से नल जल योजना छूट गई थी। इसके बाद डीपीआर तैयार कराकर इसकी स्वीकृति करायी गयी। इससे क्षेत्र के दो हजार लोगों को पेयजल हेतु घर-घर पानी पहुंचाया जायेगा। आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास के क्षेत्र में अग्रसर है। पहले गांव की महिलाऐं घर के कामकाज के लिए दूर स्थित चापाकल या कुओं पर पानी के लिए जाती थीं। अब पीएम मोदी की पहल पर उन्हें घर पर नल से पानी मिल रहा है। कार्यक्रम को लातेहार विस प्रभारी भगत दयानंद सोनी, अनिल चौबे, ब्रजेश चौबे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव ने किया। इस मौके पर प्रदीप यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह ब्रजेश चौबे,भानु गुप्ता, लल्लू ठाकुर, धनंजय साह, निरंजन पाठक, सुनील सिंह, मनु उपाध्याय, रवि पाल, निरंजन पाठक, रंजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

**अरसली दक्षिणी में पदाधिकारियों की गलती से नल जल योजना छूट गई थी। इसके बाद डीपीआर तैयार कराकर इसकी स्वीकृति करायी गयी : विधायक**

### अरसली-बनखेता सड़क निर्माण की अड़चन दूर

विधायक ने बताया कि अरसली-बनखेता गांव से बुका होते हुए प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क निर्माण हेतु जमीनी अड़चन को दूर कर लिया गया है। अविलंब इसका भी शिलान्यास किया जायेगा। इससे ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो जायेगा। आने वाले समय में बगही नदी पर पुल का निर्माण भी कराया जायेगा। इससे कई गांवों के नागरिकों का आवागमन सुगम हो जायेगा।

**अधिकारियों को चेताया**

विधायक ने कहा कि जो अधिकारी भाजपा का झंडा देख अभी दूर भाग रहे हैं। आठ महीने बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर या उन्हें गांवों में आना होगा या तो झारखंड से भागना पड़ेगा।

## जीप-बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रंका मार्ग पर लोटो स्थित पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल और कमांडर जीप की टक्कर में जहां मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान रंका थाना क्षेत्र के हुन्हें कला गांव निवासी विश्वनाथ भुईयां के पुत्र अजय भूईयां के रूप में हुई है। वहीं घायलों में उसी गांव के सरहु भुईयां के पुत्र एस कुमार भुईयां एवं हरिवंश भुईया के पुत्र शिवकुमार भुईयां शामिल हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में शिवकुमार भुईयां ने बताया कि गढ़वा से तीनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर होन्हे कला जा रहे थे। इसी दौरान लोटो पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रही कमांडर ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। समाचार लिखे जाने तक घायलों की गंभीर स्थिति देख उन्हें अन्यत्र रेफर कर दिया गया है।

## एक नजर

### पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक लिए गए कई निर्णय

**हंटरगंज।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक प्रमुख ममता कुमारी की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन बीडीओ निखिल गौरव ने किया। बैठक में वार्षिक कार्य योजना की समीक्षा की गई। सदस्यों ने अबुआ आवास में मुखिया की मनमानी की बात कही गई। बैठक में उपप्रमुख राहुल कुमार गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार सिंह, शालिग्राम यादव, रीता देवी, धार्मिला देवी, लखन दास, विलेश भारती, विनोद भारती, सतेंद्र भारती, प्रखंड कोऑर्डिनेटर सानू कुमार आदि शामिल थे।

### जल मीनार से सोलर प्लेट चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**सिमरिया।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के जल मीनार से सोलर प्लेट चुराते रंगेहाथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल सिमरिया के सहायक अभियंता की सूचना पर जांगी पंचायत के चलकी गांव में लगे सोलर जलमीनार से सोलर प्लेट चोरी करते गांव के ही अरुण भुइयां को पकड़ा गया एवं उसके घर से चोरी किया हुआ सोलर प्लेट एवं अन्य समान बरामद किया गया।

### कार्यशाला आयोजित

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत सहिया कार्यकर्ताओं व स्वास्थ्य कर्मियों के लिए शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 82 सहिया कार्यकर्ता मौजूद थीं। अधिकारियों द्वारा परिवार नियोजन के लिए पुरुष नसबंदी तथा महिला बंध्याकरण हेतु आम लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुदीप कुमार, बीएम सान्याल विद्यार्थी, बीपीएम उदय तिवारी आदि मौजूद थे।

### चिकित्सा शिविर

**बरवाडीह।** बरवाडीह सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जयंत लकड़ा की देखरेख में प्रखंड के शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल परिसर में विशेष स्वस्थ जांच शिविर लगाया गया। चिकित्सक डॉ प्रभात कुमार ने 300 से अधिक बच्चों का शारीरिक एवं स्वास्थ्य जांच किया। मौके पर डॉ. पवन, सीमा कमारी, सुजीत कुमार गुप्ता, मनोरंजन कुमार, श्रवण कुमार, नील ध्वज कुमार, पूनम एक्का, प्रिंसिपल एचएस स्वाधीन पाल, प्रबंधक सीमा गुप्ता, राजेश झा, उमाशंकर उपाध्याय, संभू प्रसाद, फिरोज अहमद आदि मौजूद थे।

### परीक्षा का निरीक्षण

**महुआडांड़।** जैक के सदस्य और नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रसाद पासवान ने शुक्रवार को महुआडांड़ मुख्यालय में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा का निरीक्षण किया। शुक्रवार को मैट्रिक की संस्कृत और इंटर की साइंस परीक्षा थी। सबसे पहले उन्होंने संत जोसेफ विद्यालय और संत तेरेसा उच्च विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का अवलोकन किया। शिक्षकों और प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके बाद प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय महुआडांड़ का निरीक्षण किया।

# नितेश प्रसाद बने कुंदा के नए थाना प्रभारी, एसआई शिवा यादव का पदस्थापन

नवीन मेल संवाददाता। कुंदा

कुंदा थाने के 21वें प्रभारी के रूप में 2018 बैच के पुलिस अवर निरीक्षक नितेश कुमार प्रसाद ने शुक्रवार को योगदान दिया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह से पदभार लिया। नवपदस्थापित थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाना एवं अफीम पोस्ता उन्मूलन, नक्सली गतिविधियों पर नजर बनाए रखना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा की कोई भी व्यक्ति निःसंकोच अपनी शिकायत लेकर थाना आ सकते हैं। वही कुंदा थाने में एसआई के रूप शिवा यादव का पदस्थापन हुआ है। इसके पूर्व नए थाना प्रभारी व एसआई दोनों सरायकेला जिले में पदस्थापित थे। नए थाना प्रभारी का स्वागत कुन्दा मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज साहू, नवादा मुखिया भरत यादव, सिक्कीदाग के अखलेश यादव, बौधाडीह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव, सिक्कीदाग पंचायत समिति दिव्या भोक्ता, बौधाडीह के अर्जुन पासवान, 20 सूत्री सदस्य ने किया।



## सिमरिया के नए थाना प्रभारी ने दिया योगदान

**सिमरिया।** सिमरिया थाना के नए प्रभारी के रूप में पुलिस अवर निरीक्षक चंदन कुमार ने शुक्रवार को योगदान दिया। प्रभार ग्रहण करने के बाद नव नियुक्त थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में भय मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करना पहली प्राथमिकता होगी। कहा कि जनसहयोग के बिना पुलिस का कोई भी कार्य पूर्ण रूप से नहीं हो पाता है। इसलिए वे सभी लोगों से पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे। थाना प्रभारी विवेक के ट्रांसफर के बाद श्री कुमार ने नए थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान दिया है।



## नए थाना प्रभारी का बीडीओ ने किया स्वागत

**मयूरहंड।** प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा व जनप्रतिनिधियों ने शुक्रवार को नव नियुक्त थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह का स्वागत किया। सिंह मयूरहंड थाने के बारहवें थाना प्रभारी हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र में वधि व्यवस्था कायम रखने के साथ नशामुक्त समाज निर्माण में सहयोग की अपील की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, डीलर संघ अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह, पूर्व मुखिया इशाक अली, राजकुमार मेहता, रुस्तम अंसारी, संतोष मेहता आदि उपस्थित थे।



# राज. प्राथमिक विद्यालय करमखाड़ दो माह से बंद

## दो शिक्षक भेजे गए थे, एक सिर्फ तीन दिन गई स्कूल

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम करमखाड़ में राजकीय प्राथमिक विद्यालय दो माह से बंद है। शिक्षा विभाग द्वारा दो शिक्षकों को डेपुटेशन पर विद्यालय भेजा भी गया लेकिन इनमें एक शिक्षक, वह भी सिर्फ तीन दिन स्कूल गई।

इस संबंध में रसोईया कैलशमुनी देवी ने बताया कि दो माह से स्कूल के साथ मध्याह्न भोजन भी पूरी तरह से बंद है। 2023 दिसंबर में शिक्षक के रिटायर होने के बाद कोई भी शिक्षक नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहा है। एक महिला शिक्षक सिर्फ तीन दिन स्कूल आई। स्कूल में कुल नामांकित 30 बच्चे हैं। वहीं ग्रामीण दिलेश्वर महतो, प्रदीप महतो, जगदीश, सुधीर वृजिया, अगुन वृजिया, फुलमौन, टीना देवी ने बताया कि स्कूल बंद होने जाने छोटे बच्चों को काफी परेशानी हो रही। बड़े बच्चे जंगल के रास्ते होकर तीन किलोमीटर दूर बराही उच्च विद्यालय पढ़ाई करने जाते हैं। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि जो अभिभावक सक्षम हैं वही बच्चे को लेकर बराही स्कूल पंहुचाने जाते हैं। स्कूल बंद होने से बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। सभी ने जल्द से जल्द स्कूल चालू करने मांग की है।

**30 बच्चों का भविष्य अंधेरे में**




### क्या कहते हैं शिक्षा प्रसार पदाधिकारी

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम चौधरी ने बताया कि 2023 दिसंबर में नियमित रूप स्कूल जा रहे शिक्षक सेवानिवृत्त हो गए हैं। इसके बाद एक के बाद एक कर दो शिक्षकों को अन्य स्कूलों से करमखाड़ भेजा गया, लेकिन एक शिक्षक ने विधायक से पैरवी कर स्कूल जाने मना कर दिया। वहीं दूसरी महिला शिक्षक कुछ दिन स्कूल जाने के बाद स्कूल जाना छोड़ दिया। स्कूल नहीं जाने पर शिक्षक के वेतन पर रोक लगा कर इसकी सूचना जिले को दे दी गई है। दो दिन के अंदर नये शिक्षक का डेपुटेशन कर स्कूल चालू कर दिया जाएगा।

# बरवाडीह व छिपादोहर के थाना प्रभारियों ने दिया योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

बरवाडीह के नये थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार एवं छिपादोहर के नये थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने गुरुवार शाम अपना-अपना पदभार ग्रहण कर लिया। छिपादोहर के नए थाना प्रभारी धीरज सिंह का सब इंस्पेक्टर विकासेंदू त्रिपाठी, एएसआई राजेश कुमार ने का स्वागत किया। इसी प्रकार बरवाडीह के नये थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के पदभार ग्रहण करने के बाद अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारी ने उनका स्वागत किया।



## नए थाना प्रभारी ने किया पदभार ग्रहण

**बालूमाथ।** नए थाना अध्यक्ष के रूप में विक्रांत कुमार उपाध्याय ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि अपराध मुक्त समाज निर्माण करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना आम एवं सामाजिक नागरिकों से परस्पर संबंध बनाया जाएगा। अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।



## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को किया जब्त

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के पितीज बसाने नदी (हुरनाली) में बालू माफियाओं पर कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किये गये हैं। यह कार्रवाई डीएसपी मुख्यालय रोहित रजवार के नेतृत्व में शुक्रवार को की गई। इनके साथ प्रभारी थाना प्रभारी विजय कुमार व पुलिस जवान शामिल थे। ज्ञात हो कि इटखोरी थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों से इन दिनों लगातार अवैध बालू उठाव जोरों पर चल रहा है।

# त्योहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

संत रविदास जयंती व शब ए बारात को लेकर सीओ नंद कुमार राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। राम ने कहा कि अपने-अपने त्योहार शांति से मनाएं। शरारती तत्वों द्वारा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया जाता है या शांति भांग की जाती है तो प्रशासन को तुरंत सूचित करें। वहीं थाना प्रभारी राजा दिलावार ने कहा कि आप सबों के सहयोग से क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाएंगे।



वहीं खरवार भोगता विकास संघ द्वारा थाना प्रभारी, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ नंद कुमार राम, एसआई राजकिशोर प्रसाद, बालेश्वर गंझु को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, मुखिया रानो देवी, केदार गंझु, पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, पंसस राजेश राम, मो होजाफा, संतोष भगत, उमेश उरांव, समाज सेवी गौतम सिंह, मो सालिम, कयूम अंसारी, मोल्लाना मंसूर शफीक अंसारी, मो जैनुल, सुमित कुमार, राकेश प्रसाद, तुला गंझु, बहादुर गंझु, राजेश गंझु, योगेंद्र गंझु आदि उपस्थित थे।

# गिद्धौर प्रखंड में बिचौलियों की भेंट चढ़ी अबुआ योजना

## लाभुकों के चयन में गड़बड़ी का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**



झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना गिद्धौर प्रखंड में बिचौलियों की भेट चढ़ गई है। योजना के लाभुकों के चयन में घोर अनियमितता बरती गई है। जिसे आवास मिलना चाहिए था, उसे आवास नहीं मिला और जिसे नहीं मिलना चाहिए था उस व्यक्ति को आवास आवंटित कर दिया गया है। इसकी शिकायत लगातार उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि से की जा रही है। प्रखंड में विभिन्न गांवों से शुक्रवार को करीब दो दर्जन लाभुक अबुआ आवास में अनियमितता की शिकायत बीडीओ राहुल देव को लिखित आवेदन देकर की है। वहीं बीडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच करने का निर्देश दिया है। कई आवेदनों में कहा गया कि स्वयंसेवक सगे संबंधियों के साथ अपने लिए भी आवास आवंटित कर लिया है। शिकायत दर्ज कराने वाले में सिंदुआरी के श्वेता कुमारी, पहरा के पनवा देवी, किरकिरा के साबरा खातून, द्वारी के ललिता देवी, सकीना खातून, बारिसाखी के आरती देवी आदि शामिल हैं।

## पैसेंजर ट्रेन से नीचे उतरने के दौरान कटा बुजुर्ग महिला का पैर

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत टोरी जंक्शन के प्लेटफार्म चार पर शुक्रवार को अप गोमो बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन से नीचे उतरने के क्रम में एक बुजुर्ग महिला का पैर कट गया। मौके पर मौजूद आरपीएफ जवानों ने ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉ नीलिमा कुमारी द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल महिला की पहचान लोहरदगा जिले के पेशरार पंचायत निवासी ललिता देवी, पति स्व. बासु उरांव के रूप में हुई है। घायल महिला का एक पैर बुरी तरह से कट गया है। बताया जाता है कि वह लोगों से मदद मांगकर अपना गुजर बसर करती थी। घटना की सूचना मिलते ही उसके रिश्तेदार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और उसे 108 एंबुलेंस की मदद से रिम्स ले गये। महिला के रिश्तेदारों ने बताया कि उसके घर में कोई सदस्य नहीं है।

# गोल्ड मेडल से नवाजे गए चंदवा के मेराज फिरदौसी



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

चंदवा पूर्वी पंचायत के तिलैयाटांड़ निवासी रिटायर्ड शिक्षक हाजी रज्जाक के छोटे पुत्र मेराज फिरदौसी ने चंदवा प्रखंड का मान बढ़ाया है। मेराज को रांची के श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के पहले दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल से नवाजा गया है।

दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन मुख्य रूप से मौजूद थे। मेराज को गोल्ड मेडल उर्दू संकाय में बेहतरीन प्रदर्शन करने को लेकर दिया गया है। मेराज ने बताया कि वे श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी से उर्दू भाषा में पढ़ाई कर रहे हैं। अब वे इसी यूनिवर्सिटी से उर्दू में एमए की तैयारी करेंगे। मेराज फिरदौसी को गोल्ड मेडल मिलने पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालो में चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव, समाजसेवी इरशाद मुन्ना, डॉ शम्स राजा, अब्दुल बासित, एडवोकेट अब्दुल सलाम, सरफराज आलम, मुबारक आलम आदि शामिल हैं।

## एमएससी में ओवरऑल टॉप करने पर संजीत गोल्ड मेडल से सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**



प्रखंड के द्वारी गांव निवासी संजीत कुमार अग्रवाल को राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी से शैक्षणिक सत्र 2018- 20 में एमएससी में ओवरऑल टॉप करने पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया है। इससे संपूर्ण प्रखंड गौरवान्वित हुआ है। बताया गया कि संजीत द्वारी संजय कुमार अग्रवाल व संगीता देवी का पुत्र है। फिलहाल संजीत बीआईटी मेसरा से मैथमेटिक्स में पीएचडी कर रहा है। संजीत वर्ष 2013 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय द्वारी से मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की है, जबकि संत जेवियर कॉलेज रांची से 2015 में आईएससी व इसी कॉलेज से 2018 में साइंस मैथमेटिक्स से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। वहीं संजीत वर्ष 2018-20 में एमएससी मैथमेटिक्स की डिग्री हासिल की है। फिलहाल संजीत गणित व विज्ञान विषय में शोध कर रहा है। इस उपलब्धि का श्रेय संजीत ने अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

# एनटीपीसी के उड़ान स्टेडियम में तीन दिनी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

एनटीपीसी परियोजना स्थित उड़ान स्टेडियम में शुक्रवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मैच खेला गया। बताया गया कि आपसी सौहार्द के लिए परियोजना से विस्थापित 6 गांवों की फुटबॉल टीमों के बीच तीन दिवसीय आयोजन किया गया है। पहले दिन के मैच में दुंदुवा ने कामता को 5-0 से, गाडिलौंग ने टंडवा को 2-0 से, राहम ने दुंदुवा को 2-0 से तथा नइपारम की टीम ने गाडिलौंग को 7-0 से पराजित कर दिया। मौके पर परियोजना प्रमुख स्वप्नेंदु कुमार पांडा, बीडीओ देवलाल उरांव, सीआइएसएफ के डिप्टी कमांडेंट श्रीजीत, जीएम परियोजना विकास दूबे, जीएम ओएंडएम, एके शुक्ला, जीएम एफएम रविन्द्र शर्मा, जीएम मैक्निकल मुकुल राय, गाडिलौंग मुखिया सबिदा खातुन, नईपारम मुखिया महेश मुंडा तथा राहम मुखिया विश्वजीत उरांव आदि मौजूद थे।

## आयोजन | लोकतंत्र बचाओ यात्रा में बोले वक्ता

# ‘2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा बनाम आम जनता’

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार/चंदवा**

जिले के महुआडांड़ से निकली तीन दिवसीय लोकतंत्र बचाओ यात्रा शुक्रवार को लातेहार जिले के बालूमाथ, चंदवा होते हुए लातेहार कल्याण विभाग कार्यालय के प्रांगण में जनसभा के साथ संपन्न हो गई। इस दौरान बालूमाथ और चंदवा में भी विभिन्न चौक चौराहों पर सभा का आयोजन किया गया था। यात्रा ने आह्वान किया है कि 2024 लोकसभा चुनाव भाजपा-मोदी बनाम जनता है। इस बार जनता अपने जीवन, अपने अधिकारों और झारखंड, देश व लोकतंत्र को बचाने के लिए मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। यात्रा में जितेंद्र सिंह खेरवार, जॉर्ज मोनीपल्ली, हरी कुमार भगत, मंथन, नारायण भगत, रविशंकर जाटव, रामेश्वर उरांव, सेलेस्टिन कुजूर, सिराज दत्ता, सुरेंद्र उरांव, तुलेश्वर उरांव, टॉम कावला आदि ने भाग लिया। इससे पहले सभाओं में वक्ताओं ने कहा कि दस वर्षों में लातेहार समेत पूरे राज्य के आदिवासी-मूलवासियों के साथ-साथ उनके जल, जंगल, जमीन समेत खनिज संपदा पर विशेष हमले हुए हैं। 2020 में मोदी सरकार ने कोयले की अपार संपत्ति को व्यावसायिक खनन के लिए खोल दिया। इसके अंतर्गत लातेहार समेत झारखंड के 20 ब्लॉकों की नीलामी होनी है। इनमें कई कोल ब्लॉक की नीलामी हो भी चुकी है। देश को कोयले की जितनी जरूरत है उससे कई गुना अधिक खनन कर आदिवासी मूलवासियों को विस्थापित कर कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने की योजना चल रही है। जंगल बैंक बनाकर जंगलों को कॉरपोरेट घरानों को देने की तैयारी की जा रही है। अगर 2024 में मोदी सरकार ही केंद्र की सत्ता पर काबिज होती है तो लातेहार उजड़ जायेगा। हाल में हुए कॉल ब्लॉक के आवंटन में मोदी सरकार के भ्रष्टाचार का भी खुलासा हुआ है। सभाओं में ग्रामीणों ने पिछले 10 वर्षों में हुई महंगाई और बेरोजगारी की समस्या को साझा किया। वक्ताओं ने कहा मोदी सरकार ने साल में 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन जनता के साथ धोखा किया गया।





**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Garhwa.**

e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding

e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/279/2023-24 Date:- 23.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Widening, Strengthening & Reconstruction work of Nagaruntari (NH-75) to Rohinian via Garbandh Road (Total Length 15.740 km.) under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 54,17,24,348.00 (Rupees Fifty Four crore Seventeen Lac Twenty Four thousand Three hundred Forty Eight) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 54,18,000.00 (Rupees Fifty Four Lac Eighteen thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 14 (Fourteen) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 26-03-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 06-03-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :-The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders. gov. in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

PR.NO.320251 Road(23-24):D
Executive Engineer,
Road Construction Department, Road Division, Garhwa.



**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला**

निविदा/ज्ञापांक 730/ गुमला, दिनांक .23.02.2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सदर अस्पताल, गुमला के जॉच प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण कर IDSP अंतर्गत District Public Health Laboratory (DPHL) के रूप में संचालित करने हेतु मशीन उपकरण एवं आपूर्ति सामग्री का दर अनुमोदन/आपूर्ति हेतु निम्नवत् रूप से मुहरबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक/हाथो-हाथ निम्नवत् निविदा /ज्ञापांक 723, दिनांक 23.02.2024 आमंत्रित किया जाता है -

| | |
|---|---|
| निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 02.03.2024 |
| निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता | सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, गुमला झारखण्ड पिन न0 835207 |
| निविदा खुलने की तिथि | 04.03.2024 |
| निविदा खुलने का स्थान | सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला। |

➢ नोट - निविदा से संबंधित शर्तें/निविदा शुल्क/अग्रधन की राशि/मशीन उपकरण की सूची एवं आपूर्ति सामग्री की सूची आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी समाचार पत्रों पर निविदा प्रकाशन के उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय गुमला के सूचना पट्ट पर एवं जिला गुमला के वेबसाइट http://gumla.nic.in पर देखी जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला

PR 320255 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D



**समाहरणालय, गढ़वा**
**(अनु०ज०जा०, अनु०जा०, अल्पसंख्यक एवं पि०वर्ग, कल्याण शाखा)**

(अति अल्पकालिन निविदा) विज्ञापन सं0- 01 /2024-25 )

वित्तीय वर्ष 2024-25 में गढ़वा जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए खाद्य-अखाद्य, पठन-पाठन एवं खेल-कूद सामग्रियों का आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक-04.03.2024 को अपराह्न/पूर्वाहन 02:00 बजे तक जिला कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक-05.03.2024 को अपराह्न/पूर्वाहन 12:00 बजे में क्रय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदादाताओं को निविदा से संबंधित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

सामग्रियों एवं निविदा की शर्तों की सूची :- खाद्य-अखाद्य, पठन-पाठन एवं खेल-कूद आदि सामग्रियों की सूची एवं निविदा से संबंधित शर्तों को prdjharkhand.in एवं गढ़वा जिला के Website (garhwa.nic. in) पर भी देखा जा सकता है। साथ ही जिला कल्याण कार्यालय, गढ़वा के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

ह0/-
उप विकास आयुक्त, गढ़वा।

PR.NO.320241 Welfare(23-24):D

## एक नजर

### गांवों का विकास ही आजसू की प्राथमिकता : नीरू शांति भगत

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत ने सदर प्रखंड की हरमू एवं जूरिया पंचायत का दौरा किया। इस दौरान गांव के लोगों की समस्याओं से रूबरू होते हुए भगत ने कहा गांव का विकास ही आजसू पार्टी की पहली प्राथमिकता है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय सचिव सह लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रुपेश आईन्द, जूरिया पंचायत अध्यक्ष विजय उरांव, नगर कार्यकारी अध्यक्ष संदीप भगत, उदय चंद्र मुखर्जी, रामू उरांव, जरकश साहू, कर्मदेव ऊरांव सुरेंद्र महली लीलावती कुजूर, सीता मिंज, रानी कुमारी, सोहदरा देवी, मंगरी ऊराईन, लगन महली, रीना मींज, बीना उरांव, विनय उरांव, अनीता उरांव, सीतामुनि उरांव, पिंकी उरांव, संध्या उराव, सीताराम उरांव, मनीता लकड़ा, करमिला उरांव आदि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया बाल अपराध रोकने का प्रशिक्षण

**भंडरा।** जिला बाल संरक्षण इकाई समाज कल्याण द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत बालकों के विरुद्ध अपराधों को पहचानने और उनकी रिपोर्ट करने के लिए समुदाय आधारित विषय पर एक दिवसीय आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड परिसर भंडरा में आयोजित किया। शिक्षण में बच्चों के अधिकार, बाल विवाह रोकथाम के उपाय स्पॉन्सरशिप योजना, सीसीएल बालकों के बारे में, बाल श्रम की रोकथाम, शिक्षा के अधिकार, सहभागिता का अधिकार सहित बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर बाल संरक्षण पदाधिकारी बिरेंद्र कुमार, बाल कल्याण समिति सदस्य बबीता कश्यप, अनरंजन कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व सदस्य बाल कल्याण समिति बालकृष्ण सिंह, सीसीआई काउंसलर खुशबू साहू आदि उपस्थित हुए।

### ग्रामीणों को दी टीबी बीमारी से बचाव व उपचार की जानकारी

**सेन्हा।** चितिरी डांडू की पंचायत भवन में पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम की अध्यक्षता में पीरामल स्वास्थ्य फाउंडेशन द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बैठक का आयोजन किया गया। इसमें बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को टीबी बीमारी के बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि किसी भी व्यक्ति में टीबी का संभावित लक्षण होने पर स्वास्थ्य केंद्र में बलगम जांच कराने के लिए उसे प्रेरित करें। एक टीम तैयार कर पूरी पंचायत में घर-घर सर्वे कर संदिग्ध टीबी रोगियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, सुधीर राय, सीएचओ जेनिट, एएनएम आदि उपस्थित थे।

### गड्ढों में भरा रहता है नाली का गंदा पानी, दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल

# एनएच 143 ए पर कुडू मुख्य बाजार गेट पर जानलेवा गड्ढे

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

एनएच 143 ए कुडू-लोहरदगा मुख्य मार्ग पर इंदिरा गांधी चौक के नजदीक साप्ताहिक बाजार के मुख्य गेट के सामने बने जानलेवा गड्ढे इन दिनों राहगीरों के लिए परेशानी का सबक बने हुए हैं। इन गड्ढों में हर समय नाली का गंदा पानी भरा रहता है, जिसके दुर्गंध से आस-पास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। किसी भी चौपहिया वाहन के इस रोड से गुजरने पर गंदे पानी का छिड़काव आम लोगों पर होते रहता है। इसके साथ ही इस गड्ढे में आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।



ज्ञात हो कि कुडू-लोहरदगा रोड निर्माण योजना के तहत कुडू में बन रहे रोड और नाली निर्माण कार्य भी इंदिरा गांधी चौक से लगभग एक सौ फीट पहले तक करके पिछले लगभग छह माह से संवेदक बंद कर दिया है। अधूरा रोड व नाली निर्माण के कारण हलका बारिश होने पर कुडू के मुख्य बाजार की स्थिति काफी नारकीय हो जाती है। ज्ञात हो कि इस सड़क से आए दिन विधायक, मंत्री व बड़े प्रशासनिक अधिकारियों का इस रोड से इस जानलेवा गड्ढे को पार कर गुजरते रहते हैं, लेकिन अभी तक इस ओर किसी ने भी ध्यान इस पर नहीं दिया है। अगर समय रहते जल्द इस गड्ढे को नहीं भरा गया तो कभी भी गंभीर दुर्घटना के साथ रोड में नाली का गंदा पानी के कारण गंभीर बीमारी फैलने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## नाबालिग लड़की के साथ हुआ सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**कुडू।** प्रखंड के एक गांव की रहने वाली एक नाबालिग बालिका के साथ दो लड़कों द्वारा दुष्कर्म कर झाड़ी में छोड़कर भागने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि बालिका कुडू सप्ताहिक गुरुवार बाजार से अपना घर जा रही थी। तभी उसके परिचित के दो युवकों ने लड़की के गांव जाने के रास्ते में पड़ने वाले एक गांव के खेत के नजदीक झाड़ी में दुष्कर्म किया। इससे नाबालिग बेहोश हो गयी और उसी हालत में झाड़ी में ही पड़ी रही। झाड़ी में बेहोश पड़ी नाबालिग को कुछ लोगों ने देखा और इसकी जानकारी कुडू पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से बालिका को कुडू थाना लाया, जहां होश आने पर बालिका ने अपनी आपबीती पुलिस को बताते हुए दोनों आरोपियों के विषय में जानकारी दी। इसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस बालिका को मेडिकल जांच के लिए भेज जांच और अग्रतर कारवाई में जुटी है।

# 'गाडगे एक व्यक्ति नहीं, विचारधारा थे उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत'

### कुडू में हर्षोउल्लास से मनाई गई संत गाडगे की 148वीं जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

अखिल भारतीय धोबी महासंघ कुडू प्रखंड ईकाई के तत्वाधान में रामनगर धोबी टोला कुडू सहित प्रखंड के ककरगढ़, सलगी, सुंदरू, पंडरा, ओपा आदि गांवों में शुक्रवार को स्वच्छता के प्रतीक धोबी समाज के अगुवा गुरुदेव बाबा संत गाडगे की 148वीं जयंती मनाई गई। रामनगर धोबी टोला कुडू में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि धोबी महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार मौजूद थे। मौके पर अमित कुमार ने कहा कि संत गाडगे एक व्यक्ति नहीं विचारधारा का नाम था। आज हमें हमारे आदर्श के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गाडगे महाराज ने आह्वान किया था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा अपने हक व अधिकारो के लिए आगे बढ़ो। बाबा के बताए रास्ते पर चलते हुए अपने हक तथा अधिकार के लिए आगे बढ़ने के लिए समाज को एक सुत्र में बंधकर रहने की आवश्यकता है। वहीं विशिष्ट अतिथि महासंघ के लोहरदगा जिला अध्यक्ष राकेश कुमार रजक कुमार ने कहा कि स्वच्छता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बाबा साहब ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए काफी लंबा संघर्ष किया। आज हमारा समाज काफी पिछड़ा हुआ है, और इसका विकास बगैर शिक्षा के नहीं हो सकता है। समाज को संगठित करने के लिए सभी को सामुहिक प्रयास करने की जरूरत है। मौके पर महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष जयधन बैठा, बरूण बैठा, दिलिप बैठा, अभिषेक कुमार रिंकू, अधनु बैठा, राजा कुमार, पचु बैठा, रामजीत बैठा, जितेंद्र रजक, सीताराम रजक, गौतम रजक, आकाश बैठा, कृष्णा बैठा, रूणा बैठा, सुजित रजक, मनीष बैठा, सतम राज, सुभाष रजक आदि शामिल थे।

## रायडीह में तीन बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**रायडीह।** थाना क्षेत्र के कटकाया गांव निवासी प्रबोध मिंज ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि पारिवारिक कलह के बीच प्रबोध ने यह कदम उठाया है। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। परिजनों ने बताया कि मृतक के तीन बच्चे हैं। पति-पत्नी के बीच अक्सर किसी बात को लेकर विवाद होता था। पति हमेशा शराब के नशे में रहता था। बीती रात विवाद के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह परिजनों ने देखा कि उसने फांसी लगा ली है। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## दुकान को चोरों ने बनाया निशाना

**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र से पांच किलोमीटर दूर गणेशपुर डीपा में संचालित सिद्धि जेरॉक्स नामक ऑनलाइन दुकान को चोरों ने बीती रात्रि निशाना बनाया। दुकान का शटर तोड़कर 10000 रुपये नकद, लैपटॉप, एयरफोन की चोरी कर ली। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# 250 शिल्पकार-कारीगर विश्वकर्मा योजना से हुए अवगत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम नगर भवन आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, भाप्रसे, डीडीसी आदि द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक ज्योत्सना गुड़िया ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं 500 रुपये प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा तथा प्रशिक्षण उपरांत टूल किट हेतु 15 हजार रुपये ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे। प्रथम चरण में एक लाख रुपये तक का ऋण तथा द्वितीय चरण में दो लाख रुपये तक का कोलेटरल फ्री ऋण (5 प्रतिशत ब्याज की दर से) की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। जिले के लगभग 250 से ज्यादा शिल्पकारों और कारीगरों ने इस जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होकर पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उद्घाटन सत्र में रघुबर सिंह, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, मयंक जे कंडुलना, निदेशक, आर-सेटी, निशांत सिंह, अधिकारी, एलडीएम कार्यालय, सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर), झारखंड के सहायक प्रबंधक सत्येंद्र कुमार, एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची के प्रमोद कुमार तथा एमएमएलकेयुवीबी, लोहरदगा के डीईसी, अंजन बारा एवं बीईसी, मो. आसिफ अहमद आदि मौजूद रहे।




## क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाएं : सीओ

### सीओ ने बीएलओ व सुपरवाइजर संग की बैठक

**भंडरा।** प्रखंड सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में लोहरदगा व विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रुप से सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि अगर उनके मतदान केंद्रों में किसी युवा मतदाताओं का नाम आज भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें शीघ्र दर्ज करें। मृत मतदाता एवं दोबारा प्रविष्ट मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित करें एवं अपने मतदान क्षेत्र में घूम-घूमकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें, जिससे मतदान का प्रतिशत आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़ाया जा सके। बैठक के दौरान सभी बीएलओ को डमी ईवीएम एवं वीवीपीएटी का सेट दिया गया, जिसे ले जाकर अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में लोगों को दिखाकर वोटिंग की प्रक्रिया को बताने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य धर्मदास भगत, सुमित्रा देवी, माया देवी, बबिता देवी आदि उपस्थित थे।

# कायाकल्प टीम ने सीएचसी भंडरा का किया निरीक्षण

### लिया मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

स्वच्छ भारत अभियान के तहत शुक्रवार को कायाकल्प की दो सदस्यीय टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, इमरजेंसी व ओपीडी में साफ-सफाई और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग ने रेटिंग निर्धारण करने से पहले प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण करने के लिए कायाकल्प टीम का गठन किया है। रिपोर्ट तैयार करने के बाद सुविधाओं व व्यवस्थाओं के आधार पर अस्पतालों को ग्रेड दिया जाएगा। इसी क्रम में शुक्रवार से राजीव कुमार व राहुल कुमार के नेतृत्व में कायाकल्प की टीम सीएचसी पहुंची। टीम ने सभी वार्डों में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। टीम ने सबसे पहले स्वास्थ्य केंद्र बाहरी साज सज्जा का निरीक्षण किया।महिला वार्ड में जाकर निरीक्षण किया, जहां पर जच्चा बच्चा को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और भोजन की गुणवत्ता को देखा। उसके बाद वार्डो का निरीक्षण किया। वहां से ओपीडी, रेडियोलॉजी, एक्सरे विभाग, पैथोलाजी लैब, टीबी विभाग, इमरजेंसी कक्ष आदि का निरीक्षण किया। राजीव कुमार ने बताया कि निरीक्षण के बाद अस्पताल को ग्रेड देकर केंद्र सरकार के उच्चाधिकारियों के पास भेज दिया जाएगा। निरीक्षण में मिलने वाले अंकों से ही अस्पताल की रैंकिग तय की जाएगी। उन्हीं ग्रेडों के आधार पर अस्पताल को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के साथ सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। 70 प्रतिशत मार्क वालों को सांत्वना पुरस्कार तथा प्रथम को 15 लाख, द्वितीय को 10 लाख, तृतीय को 5 लाख रुपए मिलेंगे। इस दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी व डा संजय कुमार,साजिद आलम,मैरी बेक सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

## छात्र संघ एनएसयूआई ने बीएस कॉलेज में अग्निपथ योजना के विरोध में किया पोस्टर लांच

**लोहरदगा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने बीएस कॉलेज में अग्निवीर के विरोध में पोस्टर लांच किया। केंद्र सरकार से मांग की कि 2019 से 2022 के बीच में भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने वाले डेढ़ लाख युवाओं त्वरित जॉइनिंग दिया जाए। अग्निवीर योजना को हटाकरपुनः स्थाई किया जाए। विद्यार्थियों को बताया गया कि भारतीय सेना को अग्निवीर में तब्दील कर राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर तथा पूरे देश के युवाओं को ठगने का काम किया गया है। मोदी सरकार द्वारा अग्निपथ योजना के बहाने 2019 से 2022 के बीच में भारतीय सेना, एयरफोर्स तथा नेवी भर्ती में सभी प्रक्रिया में शामिल होने के बावजूद 1.5 लाख से अधिक होनहार युवाओं के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है। अग्निपथ योजना युवाओं के सामने कई चुनौतियां पेश की है, विशेष रूप से कम वेतन और पहचान की कमी। इस योजना में चयनित युवाओं को न केवल रेगुलर सेना कर्मियों की तुलना में कम वेतन मिलता है बल्कि उन्हें महंगाई भत्ता, सैन्य सेवा वेतन, चिकित्सा सुविधाएं, बीमा और अन्य सैन्य लाभों से वंचित किया जाता है। शहादत की स्थिति में, उन्हें शहीद का दर्जा और इससे जुड़े लाभ नहीं दिए जाते हैं, जबकि रेगुलर सेना के जवानों को 15 साल तक पूरे करने के तत्पश्चात पेंशन का लाभ मिलता है। इसके विपरीत चार साल की सेवा के बाद, ये युवा तत्काल बेरोजगारी का सामना करते हैं, उन्हें शिक्षा, चिकित्सा सुविधाओं, पेंशन, कैंटीन सुविधाओं, वेटरन स्टेटस और अन्य सैन्य लाभों तक पहुँच से वंचित रहना पड़ता है। इन विषमताओं के कारण, युवाओं का सेना की ओर रुझान घट रहा है। मौके पर मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला महासचिव मन्नोवर आलम, जिला मीडिया प्रभारी शुभम शाहदेव, सदस्य फैज अहमद, सूर्यकांत उरांव आदि उपस्थित रहे।


**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department, Road Division,Garhwa.**

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding**

**e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/278/2023-24**
**Date:- 23.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Widening, Strengthening & Reconstruction work of NH-75 to Manjhiaon PWD Road via Viktam Daleli Road (Total Length 9.084 km.) under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 30,50,65,501.00 (Rupees Thirty crore Fifty Lac Sixty Five thousand Five hundred One) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 30,51,000.00 (Rupees Thirty Lac Fifty One thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 10 (Ten) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 26-03-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 06-03-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.

***Further details can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

**Executive Engineer,**
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 320254 Road(23-24)#D


पहल

## भंडरा थाने में हुई शांति समिति की बैठक

# आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ मनाएं पर्व व त्योहार : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा थाना परिसर में शुक्रवार को संत रविदास जयंती व शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ दुर्गा कुमार ने क्षेत्र से आए सभी सभ्रांत व्यक्तियों से आह्वान किया कि रविदास जयंती एवं शब ए बारात का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने प्रखंड वासियों से शांतिपूर्वक आयोजनों को संपन्न कराने के निर्देश दिए।

थाना प्रभारी अरबिंद सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी पर्व-त्योहार आपसी प्रेम सौहार्द पूर्वक मनाएं। पुलिस प्रशासन जनता की सेवा में चौबीस घंटे सातों दिन सदा तत्पर रहेगा। बैठक में एसएसआई लाल महतो, बालकृष्ण सिंह, आफताब आलम, रामजी प्रसाद, रंजन उरांव, बीना देवी, अब्दुल रऊफ, गुलाम अंसारी, नीरज चोपड़ा, सुहैल अमीन आदि मौजूद थे।



### शब ए बरात को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**कैरो।** थाना परिसर में शुक्रवार को थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव की अध्यक्षता में शब ए बरात को लेकर बैठक की गई। बैठक के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के शांति समिति के सदस्य, अंजुमन के सदर सेक्रेटरी, सभी पूजा कमिटी के सदस्य, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के सदस्य, श्रीराम समिति सदस्य ने क्षेत्र में आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने को लेकर प्रशासन को भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी ने कहा कि शरारती तत्वों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। किसी भी व्यक्ति पर त्योहार में खलल डालने का संदेह हुआ तो उस पर कानूनी करवाई की जाएगी। प्रखंड अंजुमन कमेटी के सेक्रेटरी समीद अंसारी ने कहा कि सब ए बरात की रात इबादत की रात है। मौके पर एसआई संजय राय, प्रखंड अंजुमन के सदर जमील अख्तर, सेक्रेट्री समीद अंसारी, मोजाहिर अंसारी, नजीर आलम खान, सूरज मोहन साहू, प्रवीण साहू, विशेश्वर प्रसाद दिन, बिपिन सिंह, अख्तर अंसारी, तोहिद अंसारी, अनिल पांडे, उमेश महतो, रमीज अंसारी, संजय साहू उपस्थित थे।


**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department,**
**Road Division,Garhwa.**

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding**

**e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/277/2023-24**
**Date:- 23.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Widening, Strengthening & Reconstruction work of Dental More ( on NH-75) to Nawadohari (on NH-343) via Hoor Charmuhan road (Total Length 15.132 km.) under Road Division, Garhwa** |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. **62,20,07,503.00** (Rupees Sixty Two crore Twenty Lac Seven thousand Five hundred Three) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. **62,21,000.00** (Rupees Sixty Two Lac Twenty One Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 14 (Fourteen) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 26-03-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 06-03-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | **06561-295161** |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | **0651-2401010** |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.

***Further details can be seen on website***
http://jharkhandtenders.gov.in

UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

**Executive Engineer,**
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 320253
Road(23-24)D



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड
अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (5th Call)
**PR No. 314100 Dated 22.12.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **334/2023-24** दिनांक :- 23.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-LOH-06 /2023-24 | भण्डरा | 1 | बेदाल भौरो पी०एम०जी०एस०वाई० पथ से सेमरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –5.100 कि०मी०) | 1408.99 1 | चौदह करोड़ आठ लाख निन्यानबे हजार एक सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | भण्डरा | 2 | बेड़ों लोहरदगा मुख्य पथ (धोबाली) से बिटपी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.560 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 3 | बलसोता (मुरलीपोखर) से सोरेण्डा बाजार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.100 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 4 | भैंसमुण्डो मसमानो सिमाना से बेदाल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.400 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 5 | कोटा मोड़ से डुमरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।(लं०–2 .200 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 6 | पझरी से सेमरा मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1 . 400 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 7 | धनामुंजी मोड़ से धनामुंजी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–0.835 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 8 | जामूनडीपा से मादा सिमाना भाया टोटो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.700 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 9 | भण्डरा से सोरण्डा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4 .300 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–26.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 04.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–05.03.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 320210 Rural Work Department(23-24)D

# प्रशिक्षित 89 महिला व पुरुषों को एसएसबी की ओर से किया गया प्रमाण पत्र का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह ।** गिरिडीह 35 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय तिसरी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत आयोजित सिलाई, कंप्यूटर और बाइक रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षित 89 महिला व पुरुषों को एसएसबी की ओर से प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में समवाय प्रभारी मनोहर सिंह, तिसरी के नए थाना प्रभारी संजय नायक, एएसआई संजय टुडू, जिला परिषद सदस्य रामकुमार राउत,तिसरी के मुखिया किशोरी साव,खटपोंक मुखिया जानकी यादव, केएससीएफ संस्था के उदय राय मुख्य रूप से उपस्थित थे। जहां इन अतिथियों के हाथों सभी प्रशिक्षितों को प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही एक प्रशिक्षित युवा मोनू कुमार को दुमका के मोटरसाइकिल एक्सपर्ट द्वारा नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। मोनू को एक लाख रुपए सलाना पैकेज व अन्य सुविधाओं के साथ टेक्नीशियन क्लास 2 के लिए चुना गया है। मोनू ने कहा कि एसएसबी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण के कारण ही उन्हें यह जॉब मिली है। इसके लिए उन्होंने एसएसबी का धन्यवाद किया। मौके पर समवाय प्रभारी मनोहर सिंह ने कहा कि पिछड़े क्षेत्रों में एसएसबी द्वारा स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराने को लेकर समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है।

## AFFIDAVIT

I, Rahul Kumar son of Subhash Chandra, resident of Pipahara, Post-Awagarh, P.S. Nidhouli Klan, Distt. Eah UP do hereby solemnly affirm and declare as follows- **1.** That I am permanent resident of above mentioned address. **2.** That Devkirt Yadav is my son and he is student of Kendriya Vidyalaya, Lohardaga and studying in Class-1A. **3.** That in School Admission Register my son's name is written as Daivik Yadav in place of Devkirt Yadav. **4.** That correct name of my son is Devkirt Yadav and same be recorded in School Admission Register, hence this affidavit. **5.** That this affidavit is being swearing for purpose of correction name in School admission register after deleing previous name. **6.** That all the facts or information given by me above are correct, if found wrong then all responsibility will be mine. **7.** That the statements made above is true and correct.

**Affidavit No - 12774**

**Notary Public, Lohardaga.**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।

Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक......................./दिनांक ....................

### शुद्धि पत्र

नगर पंचायत हुसैनाबाद के पत्र सं0–109, दिनांक– 12.02.2024 के द्वारा FSTP निर्माण हेतु ई–टेन्डर के माध्यम से निविदा प्रकाशित की गई थी जिसका PR NO. 313649 District (23-24)_D है। उक्त प्रकाशन के कंडिका–11 में Bid Submission End date- 18.03.2024 के बदले 07.03.2024 समझा जाय। साथ ही कंडिका–13 में वर्णित Bid opening date online- 21.03.2024 के बदले 07.03.2024 समझा जाय। शेष अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद।

PR 320082 District(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।

ई–मेल :– eebcdlohardaga-jhr@nic.in

पत्रांक. ............ लोहरदगा, दिनांक. ....................

### शुद्धि पत्र

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा निकाली गई अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 27/2023-24, PR No. 319744 Lohardaga (23-24)_D है। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा आमंत्रण सूचना में निम्नलिखित आवश्यक परिवर्तन किये जाते है :–

परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि 27/02/2024 के स्थान पर 29/02/2024 किया जाता है।

परिमाण विपत्र जमा करने एवं खोलने की तिथि 28/02/2024 के स्थान पर 01/03/2024 किया जाता है।

निविदा की अन्य शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 320116 Lohardaga(23-24)D

## OFFICE OF DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR, NDC OFFICE, LATEHAR, 829206

**Website:** www.latehar.nic.in

### Very Short Tender Notice (BID)

Tender invited for Supply/ Installation and commissioning of RO+UV water purifier cum cooler of 80 Ltr. & 120 Ltr. in Different Government Schools in Latehar.

| S.No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply/ Installation and commissioning of RO+UV water purifier cum cooler of 80 Ltr. & 120 Ltr. in Different Government Schools in Latehar. |
| 2 | Period of Work | 1 Week |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 22.02.2024 |
| 4 | Tender Fee | **TenderFeesRs10,000**(Ten Thousand Rupees Only/-)(Non-Refundable) in form of DD will be in favour**NDC, Latehar** Payable at Latehar. *Those Bidders who have participated in the previous bidding process for the same work with NDC office– Tender Fee is Nill |
| 5 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | **EMD – Rs 1,00,000** (One Lakh Rupees Only/-) Refundable in form of DD will be in favour**NDC, Latehar** Payable at Latehar. **For MSME's of Jharkhand EMD is NILL.** |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | 01.03.2024 11:00 AM |
| 7 | Date and Time of opening of Bid | 01.03.2024 03:00 PM |
| 8 | Bid Submission Place | Zila Nazarat Section,Latehar |
| 9 | Bid Opening Place | Zila Nazarat Section,Latehar |
| 10 | Contact Number | 7481820966 |

PR 320109 District(23-24)#D

NDC Latehar

## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू-अर्जन शाखा)

### -:आम सूचना:-

NH-75 (SEC-V) खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण/फोरलेन निर्माण योजना में गढ़वा जिला अंतर्गत अंचल गढ़वा, मेराल, रमना एवं नगर उँटारी के कुल 37 ग्रामों में भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर है।

उक्त सभी संबंधित ग्रामों में भूमि एवं संरचना का मुआवजा भुगतान वृहद पैमाने पर किया जा रहा है। उपरोक्त हितबद्ध रैयतों को सूचित किया जाता है कि वैसे रैयत जो अभी तक भूमि, भवन/संरचना के मुआवजा राशि का भुगतान प्राप्त नहीं किये हैं।

अतः अधिग्रहित भूमि संबंधित आवश्यक राजस्व कागजात दिनांक 26.02.2024 तक अचूक रूप से जिला भू–अर्जन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। विदित हो कि इस संबंध में पूर्व में भी आपको नोटिस निर्गत किया जा चुका है।

उपरोक्त समयाअवधि तक राजस्व कागजात आपके द्वारा यदि जिला भू–अर्जन कार्यालय में जमा नहीं किया जाता है तो आपके मुआवजा की राशि को माननीय न्यायालय (L.A Court) में जमा कर दी जायेगी। यह अंतिम आम सूचना निर्गत किया जा रहा है।

**इसे अति आवश्यक समझें।**

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 320222 (District) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04RIII/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक– 23.02.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/09/23-24 | पांकी | 1 | होटाई से सालमदिरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | 1062.074 | दस करोड़ बासठ लाख सात हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| | | | 2 | आसेहार से कुसारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | | 3 | फुलवरिया से सकलदीपा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 26.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 12.03.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 320104 District (23-24)_D

## जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
## (अभियंत्रण कोषांग)

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 20/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 27.02.2024 से 01.03.2024को 01.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 02.03..2024को04.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 02.03.2024 को 04.30बजे अपराह्न में
5. परिमाणविपत्र बिक्री की स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान :जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. योजनामद : अनाबद्ध मद
8. कार्य का विवरण

| क्र0/ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजनाकानाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा सदर | वार्ड संख्या –07 संजय गॉधी पथ में नाली जीर्णोद्धार एवं स्लैब का निर्माण | 389100.00 | 750.00 | 7800.00 | 02 (दो) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्त्तें जिला परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

2. जिला परिषद लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।
3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट **DDC-Cum-CEO, ZilaParishad, Lohardaga**के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 320119 (Lohardaga)23-24*D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

### मिनी रोजगार मेला

**जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू** के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियोजनालय, पलामू के कार्य योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित जागरूकता सेमिनार के आयोजन के साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 28/02/2024 दिन बुधवार को **जिला नियोजनालय परिसर, डालटनगंज** में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक एकदिवसीय मिनी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई गई है :–

| S.No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary: Net Pay after deduction | Salary: Other Allowance | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 |
| 1 | Freedom Employability Academy | Facilitator | 50 | Graduation (Any Stream) | 18-45 | 12,000/- | PF, Rent Facility, Petrol Expenses | Palamu, Jharkhand |
| 2 | Credit Access Grameen Ltd, Ranchi | Trainee Kendra Manager | 40 | 12th/ITI | 19-29 | 10,250/- | PF, Bonus | Jharkhand |
| 3 | Creative Engineers :- (i) Honda | Operator | 200 | 10th/ITI | 18-30 | 20,161 CTC | PF, ESI, Bonus, OT, TA, Cab, Insurance, Medical | Bangalore |
| | (ii) Wistron (Iphone Assembler) | Trainee | 500 | 10th/12th/Diploma/ITI | 18-26 | 18,715 CTC | | |
| | (iii) Lumax Auto technologies | Operator | 200 | 10th/12th/ITI/Diploma | 18-30 | 16,000 CTC | | |
| 4 | Spandana Sphoorty Finance Ltd | Trainee Credit Assistant | 20 | 12th/ITI | 19-28 | 12,002/- | - | Jharkhand |
| 5 | Quess Corp Limited :- (i)Tata Motors (Male/Female) | Assembly Operator & Production Trainee | 500 | 12th/ITI (2Yrs) | 18-30 | 12,600/- | 12,850/- CTC | Gujarat |
| | (ii) Wistron (Female) | | 200 | ITI/Diploma/Graduation | | 15,500/- | 19,719/- CTC | Bangalore |
| | (iii) Schneider Electric (Female) | | 200 | | | 11,733/- | 16,343/- CTC | Hyderabad |
| | (iv) TPI Composite (Male) | | 100 | ITI/Diploma/B.E./B.Tech | | 16,200/- | 16,200/- CTC | Chennai |
| | (v) Danfoss (Male) | | 50 | Diploma/B.E./B.Tech | | 18,000/- | 18,000/- CTC | Chennai |

मेला में भाग लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। अभ्यर्थी स्वयं भी अपना निबंधन विभाग के अधिकृत पोर्टल www.rojgar.jharkhad.gov.in पर कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन/नवीकरण का कार्य स्थगित रहेगा। सभी आवेदनकर्त्ता अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, स्थानीय प्रमाण प्रत्र एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ इस मेला में चयन हेतु उपस्थित होंगे। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है। इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

**नोट** :– रिक्ति संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 320113 (District) 23-24 (D)

## झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

–:पशुपालकों के लिये आम सूचना:–

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत राज्यादेश संख्या 02 रा0 दिनांक 04.05.2023 के तहत पलामू जिला के 265 पंचायत में दिनांक 23.02.2024 से 31.03.2024 तक दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोन किया जा रहा है, जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी/संक्रामक रोगों से बचाव हेतु जानकारी/बीमार पशुओं की चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण एवं मल, मूत्र रक्त आदि की जाँच की जायेगी।

अतः सभी पशुपालक भाईयों/बहनों से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम का लाभ उठायेंगे। विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के पशु चिकित्सा पदाधिकारियो से संम्पर्क कर सकते है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू।

PR 320174 District(23-24)D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT
## NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR

### E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE (GST 18% Incuded) | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 वें वित्त आयोग मद | | | | | | | |
| 1 | 1 | UDD/NPB/37/2023-24 | Construction of R.C.C Drain on both side of road from Sonbarshi Aahar to Bhelwa River. | 5310800.00 | 106216.00 | 11800.00 | 90 Days |
| 2 | 5 | UDD/NPB/38/2023-24 | Detail estimate of laying of paver block on both side of pcc road from from NH75 (Hanuman mandir) to community toilet at ward no 5. | 5044700.00 | 100894.00 | 11800.00 | 90 Days |
| 3 | 6 | UDD/NPB/39/2023-24 | Detail estimate of laying of paver block on both side of pcc road from from NH75 (Hanuman mandir) to house of Munna Gupta via Shivtar Nurshing Home. | 3604800.00 | 72096.00 | 11800.00 | 90 Days |
| 4 | 11 | UDD/NPB/40/2023-24 | Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from house of Manoj Ram to Sahadat Ansari via Temple & house of Sahadar Ansari . Via temple to house of Sahadat Ansari. | 3329700.00 | 66594.00 | 11800.00 | 90 Days |
| 5 | 12 | UDD/NPB/41/2023-24 | Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from house of Kishun Yadav to Nauka Bandh Aahar to Pitch Road via Maharia Dhoda. | 6733200.00 | 134664.00 | 11800.00 | 90 Days |
| 6 | 14 | UDD/NPB/42/2023-24 | Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from house of Mustafa Ansari to house of Rajendra Yadav via Tenuahi. | 2663200.00 | 53264.00 | 11800.00 | 90 Days |
| 7 | 14 | UDD/NPB/43/2023-24 | Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from the house of Vinay Ram to House of shiv guru jee via khunti soat river bridge. | 6125100.00 | 122502.00 | 11800.00 | 90 Days |
| 15 वें वित्त आयोग मद | | | | | | | |
| 8 | 1 | UDD/NPB/44/2023-24 | Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from the Prajapati Tola to Jagarua Syan via Bhalhi and House of Binod Tiwari. | 7016200.00 | 140324.00 | 11800.00 | 90 Days |
| शहरी परिवहन मद | | | | | | | |
| 9 | 6 | UDD/NPB/46/2023-24 | Construction of P.C.C. Road on Grade - 1 from rehla police station to house of dwarika keshri via railway station | 2191378.00 | 43828.00 | 5900.00 | 45 Days |
| 10 | Date Of Publication Of Tender On Website | | | 24.02.2024 11:00 AM | | | |
| 11 | Date Start Of Online Submission Of Bids | | | 24.02.2024 11:00 AM | | | |
| 12 | Last Date/Time Of Online Submission Of Bids | | | 08.03.2024 11:00 AM | | | |
| 13 | Date Of Bid Opening | | | 09.03.2024 11:00 AM | | | |
| 14 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 15 | Contact No. Of Procurement Officer | | | 9525633383, 9771761820 | | | |
| 16 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | | 7209778468 , 6207635699 | | | |

NOTE: -
1.Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.
2.Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 320138 (District) 23-24 (D)

## झारखण्ड सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग
## कार्यालय, नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)

### Very Short Tender Notice

Very Short Tender Notice No – UDHD/HNP/03/2023-24, Dated- 22.02.2024

1. निविदाकर्ता का पदनाम एवं पता: कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हरिहरगंज।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय: दिनांक– 06.03.2024 को अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान: कार्यालय नगर पंचायत, हरिहरगंज।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय: दिनांक–07.03.2024 को 11 बजे पूर्वाहन से 02 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान: कार्यालय नगर पंचायत, हरिहरगंज।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय: दिनांक– 07.03.2024 को 03 बजे अपराह्न से।
7. निविदाधीण कार्य विवरणी:

| Sl. No. | Tender ID | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का राशि | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/HNP/03/01 | वार्ड सं0–01 सतगावा में श्री राम सिंह के घर से सिकेन्द्र सिंह तक पीसीसी पथ निर्माण। | 414648.00 | 414648.00 | 8300/- | 1000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 2 | UDD/HNP/03/02 | वार्ड सं0–04 में दरोगी यादव के घर से उमेश गोस्वामी तक पीसीसी पथ निर्माण। | 483756.00 | 483756.00 | 9700/- | 1000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 3 | UDD/HNP/03/03 | वार्ड सं0–11 मे REO रोड से चंद्रधन यादव के घर होते हुए राम प्रवेश सिंह के खेत तक पीसीसी पथ निर्माण। | 982500.00 | 982500.00 | 19700/- | 5000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 4 | UDD/HNP/03/04 | वार्ड सं0–11 में REO रोड से परमेश्वर पासवान के घर होते हुए चातर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 993100.00 | 993100.00 | 19900/- | 5000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 5 | UDD/HNP/03/05 | वार्ड सं0–14 में रखछेया सिंह के बगीचा से बीरेंद्र सिंह के घर तक पीसीसी पथ । निर्माण। | 813350.00 | 813350.00 | 16300/- | 5000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 6 | UDD/HNP/03/06 | वार्ड सं0–14 में छोटकी पहाड़ी से पाकर पेड तक पीसीसी पथ निर्माण। | 994100.00 | 994100.00 | 19900/- | 5000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 7 | UDD/HNP/03/07 | वार्ड सं0–14 मे चातर से ढाबी आहर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 998400.00 | 998400.00 | 20000/- | 5000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 8 | UDD/HNP/03/08 | वार्ड सं0–15 में REO रोड बिरेन्द्र के घर से प्रवेश पासी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 845200.00 | 845200.00 | 17000/- | 5000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 9 | UDD/HNP/03/09 | वार्ड सं0–15 में REO रोड नहर पुल से मनोज साव वार्ड तक पीसीसी पथ निर्माण। | 983460.00 | 983460.00 | 19700/- | 5000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 10 | UDD/HNP/03/10 | वार्ड सं0–16 मे REO रोड से भीष्म पांडे के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 998400.00 | 998400.00 | 20000/- | 5000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 11 | UDD/HNP/03/11 | वार्ड सं0–16 में REO रोड से देवी स्थान तक पीसीसी पथ निर्माण। | 648552.00 | 648552.00 | 13000/- | 5000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 12 | UDD/HNP/03/12 | वार्ड सं0 16 में संतोष मिश्रा के घर से बिरजू राम के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 741900.00 | 741900.00 | 14900/- | 5000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 13 | UDD/HNP/03/13 | वार्ड सं0 13 में सामुदायिक भवन से पप्पू सौंडिक की मिल तक पीसीसी पथ निर्माण। | 595700.00 | 595700.00 | 12000/- | 5000/- | 02 माह | शहरी परिवहन मद |

Note : 1. विस्तृत सूचना/नियम एवं शर्ते को NIC Palamu, UDHD Jharkhand के पोर्टल पर तथा कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2.Helpline Number of Procurement cell- 6206017735, 9835305521

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 320086 (District)23-24*D

# रायसीना डायलॉग की ग्लोबल कनेक्टिविटी

**रायसीना** डायलॉग विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है। वहीं, विदेश मंत्रालय का मुख्यालय रायसीना पहाड़ी (नई दिल्ली) पर स्थित है, जिसे साउथ ब्लॉक भी कहा जाता है। इसलिए इस सम्मेलन का नाम रायसीना डायलॉग रखा गया है। साल 2016 में इस सम्मेलन की शुरूआत हुई थी। पहली बार 'एशिया रीजनल एंड ग्लोबल कनेक्टिविटी' थीम पर सम्मेलन का आयोजन हुआ था। 2016 के बाद हर साल इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के देशों के बीच समन्वय बनाए रखना है। भारत सरकार इस कार्यक्रम के जरिए अंतरराष्ट्रीय संबंधों और मुद्दों को लेकर अपनी नीति दुनिया के सामने स्पष्ट करती है। पिछले आठ सालों से इस सम्मलेन में करीब 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल होते आए हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार अपनी कूटनीतिक क्षमता को बढ़ा रही है। रायसीना डायलॉग सम्मेलन के नौवें संस्करण की शुरूआत 21 फरवरी 23 फरवरी तक चला । रायसीना डायलॉग एक वार्षिक सम्मेलन है जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित किया जाता है। रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है जिसका उद्देश्य वैश्विक समुदाय के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों को हल करना है। रायसीना डायलॉग की शुरूआत साल 2016 में की गई थी। हर साल, राजनीति, व्यापार, मीडिया और नागरिक समाज के नेता नई दिल्ली में जुटते हैं। इस दौरान ये दुनिया की स्थिति पर चर्चा करते हैं और समसामयिक मामलों पर सहयोग के अवसर तलाशते हैं। संवाद में राष्ट्र प्रमुख, कैबिनेट मंत्री और स्थानीय सरकार से जुड़े अधिकारी शामिल होते हैं। इसके अलावा निजी क्षेत्र, मीडिया और शिक्षा जगत के विचारक भी कार्यक्रम से जुड़ते हैं।सम्मेलन की मेजबानी भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ साझेदारी में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन करता है। इसमें कई संस्थानों, संगठनों और व्यक्तियों का समर्थन भी हासिल होता है।रायसीना डायलॉग का नौवां संस्करण 21-23 फरवरी, 2024 तक आयोजित किया गया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 फरवरी को संवाद का उद्घाटन किया। वहीं, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र में शामिल हुए। तीन दिनों के सम्मेलन के दौरान दुनियाभर के नेता बातचीत के जरिए एक-दूसरे से जुड़े। इस सम्मेलन के लिए छह विषय तय किए थे इनमें टेक फ्रंटियर्स विनियम और वास्तविकताएं, ग्रह के साथ शांतिः निवेश और नवाचार, युद्ध और शांतिः शस्त्रागार और विषमताएं, उपनिवेशवाद से मुक्तिः संस्थान और समावेशन, 2030 के बाद का एजेंडाः लोग और प्रगति और लोकतंत्र की रक्षाः समाज और संप्रभुता। 115 देशों के 2500 से अधिक प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से संवाद में शामिल हुए । विदेश मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन को दुनियाभर में लाखों लोगों ने विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर इसे देखा । रायसीना डायलॉग 2024 की कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत अच्छा नावाचार है। यह भारत की कूटनीतिक को बढ़ाता है। साथ ही भारत की छवि उन देशों में बढ़ती है जो इसमें भाग लेते हैं। साथ ही शशि थरूर ने कहा कि रायसीना डायलॉग भारत को एक ऐसी जगह बनाता है, जहां कई देश शिरकत करते हैं। लगभग 118 देश यहां यह देखने आएं हैं कि आखिर भारत में क्या चल रहा है। शशि थरूर ने कहा कि रायसीना डायलॉग दस साल पहले शुरू किया गया था, जो एक बेहतरीन नवाचारों में से एक है। इसके जरिए भाग लेने वाले देशों के बीच आम मुद्दों पर चर्चा होती है। इसके साथ ही बातचीत के जरिए संबंध प्रगाढ़ होते हैं। रायसीना डायलॉग को एक अच्छी पहल बताते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि यह एक अच्छी निजी-सार्वजनिक साझेदारी है और इसमें भाग लेने वाले सभी देशों के साथ भारत की कूटनीति की अच्छी छवि बनती है। प्रधानमंत्री मोदी तो मेजबान थे विश्व के बड़े नेताओं के सामने भारत की छवि अवश्य सुधरी जिससे कहा जा सकता है की ऐसे आयोजन भारत के जनसंपर्क के लिए होने चाहिए और विश्व नेताओं के बीच दूरी भी ऐसे में कम होगी जो आज की मांग है।

इन दिनों

# खाद्य सुरक्षा और किसान कल्याण-मोदी की गारंटी



पीयूष गोयल

**ऐसे** समय में जब युद्ध, मौसम और अस्थिरता के चलते पैदा हुई बाजार की नाजुक स्थिति की वजह से वैश्विक खाद्य आपूर्ति दबाव में है, उपभोक्ताओं और किसानों के हितों की दृष्टि से भारत में स्थितियां अपेक्षाकृत बेहतर है। गुरुवार को, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 8 प्रतिशत बढ़ा दिया है। गन्ना किसानों को पहले से ही विश्व में गन्ने का सबसे अधिक मूल्य मिल रहा है, जबकि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय उपभोक्ताओं को विश्व में सबसे सस्ती चीनी उपलब्ध हो। इस प्रकार की पहलों की एक श्रृंखला है, जो किसान कल्याण को उपभोक्ता हितों के साथ जोड़ती हैं। इस महीने की शुरूआत में, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक नागरिक को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, 29 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर 'भारत राइस' का शुभांरभ करके एक बार फिर देश के नागरिकों को किफायती दरों पर खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित की है। इसके लिए हम कड़ी मेहनत करने वाले हमारे किसानों को धन्यवाद देते हैं, जो अधिकांश कृषि वस्तुओं का पर्याप्त उत्पादन करके देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। सरकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा बाकी आबादी के लिए भी खाद्य उत्पादों की बहुत ही उचित कीमत तय की गई है। भारत राइस, आटा, दाल- मोदी सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में असाधारण वृद्धि से निपटने के लिए हमेशा तेजी से काम किया है। पिछले वर्ष, सरकार ने 60 रुपये प्रति किलोग्राम की अत्यधिक सब्सिडी दर पर 'भारत दाल' और 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कम कीमत पर 'भारत आटा' लॉन्च किया था। इसी प्रकार केंद्रीय एजेंसियां सस्ता प्याज बेचती हैं। इन्होंने उस समय भी टमाटर की आपूर्ति की, जब इसकी कीमतें आसमान छू रही थी, केंद्र सरकार ने कीमतों में इस अंतर का भारी बोझ उठाया। 'भारत' खाद्य पदार्थों की बिक्री तेजी से बढ़ी है और ये पदार्थ 18,000 से अधिक दुकानों पर उपलब्ध हैं। अभूतपूर्व, तेजी- इससे पहले कभी भी केंद्र सरकार ने खुदरा बाजार में खाद्यान्न या दालें नहीं बेचीं। इनके मूल्यों पर नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री मोदी हमेशा निर्णायक कदम उठाते रहे हैं। पिछले वर्ष, जैसे ही बेमौसम की बारिश ने टमाटरों की आपूर्ति में बाधा डाली तो सरकार तुरंत हरकत में आई जिससे टमाटर की कीमतों में वृद्धि पर रोक लगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि अच्छी गुणवत्ता वाली दाल, चावल और आटे की आपूर्ति किफायती दरों पर की जाय। ये उपाय समाज के हर वर्ग की मदद के लिए बिना किसी भेदभाव के लागू किये गये हैं। इस सरकार की एक अन्य अभूतपूर्व कार्रवाई त्वरित बाजार उपायों के लिए कृषि-बागवानी वस्तुओं का बफर स्टॉक बनाने के लिए एक समर्पित मूल्य स्थिरीकरण कोष बनाया गया। सरकार ने 27,489 करोड़ रुपये की संचयी बजटीय सहायता से प्रमुख दालों और प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी ऐतिहासिक पहल की है। सरकार ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जमाखोरी या बाजार में हेराफेरी करने की कोई भी कोशिश भारी पड़ेगी। हालांकि, कुछ महीनों में ही गेहूं की रिकॉर्ड फसल होने का अनुमान है, परंतु सरकार कोई भी जोखिम नहीं उठाना चाहती है। सरकार ने गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू कर दी है और बाजार में गेहूं की आपूर्ति बढ़ाने के लिए भी तैयार है। रोजाना 22 आवश्यक खाद्य वस्तुओं के खुदरा और थोक मूल्यों पर नजर रखी जा रही है। 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 550 मूल्य-निगरानी केंद्रों से प्राप्त इनपुट के साथ, मूल्यों रुझानों का विश्लेषण किया जाता है ताकि मूल्यों को कम करने के लिए बफर से स्टॉक जारी करने और जमाखोरी को रोकने के लिए स्टॉक सीमा लगाने के बारे में उचित निर्णय लिया जा सके। सस्ती चीनी, खुशहाल किसान- नये गन्ना-पेराई सीजन की शुरूआत के बाद चीनी के एक्स-मिल मूल्यों में 3.5 से 4 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों की आमदनी अच्छी हो और उन्हें समय पर भुगतान हो। इथेनॉल-सम्मिश्रण कार्यक्रम ने उद्योग की व्यवहार्यता को बढ़ावा दिया है जिससे मिल मालिकों को 2022-23 में लगभग 99.5 प्रतिशत गन्ना बकाया राशि का भुगतान करने में मदद मिली है। यह अब तक का सबसे कम लंबित बकाया है, जो किसान कल्याण पर पीएम मोदी के फोकस को दर्शाता है। आयात शुल्कों में बदलाव सहित उठाये गये सक्रिय कदमों के बाद खाना पकाने के तेल की कीमतें दो साल के सबसे निचले स्तर पर हैं। पिछले साल सरसों के तेल के खुदरा मूल्य 18.3 प्रतिशत, सोयाबीन तेल 17.1 प्रतिशत, सूरजमुखी तेल 23.8 प्रतिशत और आरबीडी पामोलीन 12 प्रतिशत कम हुए हैं। सरकार गेहूं के मूल्यों पर नियंत्रण के लिए भी प्रभावी कदम उठा रही है। खुदरा और थोक बाजारों में गेहूं व आटे के अखिल भारतीय औसत मूल्य गिरावट का रुझान दर्शा रहे हैं। भारतीय पहले - सरकार ने पर्याप्त घरेलू आपूर्ति और कम कीमतें सुनिश्चित करने के लिए गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि किसानों को लाभकारी मूल्य मिलें। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए खुली बाजार बिक्री योजना के तहत चावल और गेहूं की बिक्री बढ़ाई है। 'भारत राइस' लॉन्च किये जाने के बाद किये गये अन्य उपायों की श्रृंखला के अनुकरण से चावल की कीमतों को नियंत्रित करने में काफी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में मुफ्त खाद्यान्न- मुफ्त खाद्यान्न योजना ने देश के लोगों की वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली विनाशकारी महामारी का सामना करने में मदद की थी। महामारी का समय बीत गया है, लेकिन प्रधानमंत्री के दयालु नेतृत्व के परिणामस्वरूप उदार कल्याण योजना जारी है। सरकार ने पहले ही प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में पीएमजीकेएवाई के तहत अगले पांच वर्षों में 11.80 लाख करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि का वादा किया है। यह योजना राजकोषीय अनुशासन से समझौता किये बिना उदार कल्याणकारी योजनाएं चलाने के प्रधानमंत्री के बेमिसाल रिकॉर्ड को आगे बढ़ाती है। इसी प्रकार, यह सरकार आवश्यक खाद्य वस्तुओं के बाजार में नैतिकता और अनुशासन सुनिश्चित करती है। मूल्यों के लिए सबसे अच्छा दशक-इस प्रकार महामारी और यूक्रेन संकट के दोहरे संकट के बावजूद, पिछला दशक मुद्रास्फीति नियंत्रण में भारत के लिए सबसे अच्छा रहा है, हालांकि, इन संकटों ने इसे बहुत चुनौतीपूर्ण बना दिया था। यह उपलब्धि इस तथ्य के बावजूद हासिल की गई है कि हमें यूपीए से 'फ्रैजाइल-5' अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी, जो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, गरीबों के लिए कम सम्मान और दो अंकों की मुद्रास्फीति से बुरी तरह प्रभावित थी। खाद्य सुरक्षा और मुद्रास्फीति नियंत्रण में भारत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन उस समय किया जब देश सबसे चुनौतीपूर्ण माहौल का सामना कर रहा था। यह 140 करोड़ भारतीयों के इस विश्वास को मजबूत करता है कि मोदी है तो मुमकिन है।

**(केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री, भारत सरकार)**

**गन्ना किसानों को पहले से ही विश्व में गन्ने का सबसे अधिक मूल्य मिल रहा है, जबकि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय उपभोक्ताओं को विश्व में सबसे सस्ती चीनी उपलब्ध हो। इस प्रकार की पहलों की एक श्रृंखला है, जो किसान कल्याण को उपभोक्ता हितों के साथ जोड़ती हैं। इस महीने की शुरूआत में, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक नागरिक को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, 29 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर 'भारत राइस' का शुभांरभ करके एक बार फिर देश के नागरिकों को किफायती दरों पर खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित की है।**

## आपकी बात

### ...अब गोविंद न आयेंगे।



देवेश कु. घोष

**पश्चिम** बंगाल की लज्जाशील गरीब महिलाओं ने अपना चेहरा ढक कर कैमेरे के सामने जो बयान दिया है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकारी व्यवस्था में दोष है। ऐसे संदर्भ में पुष्प मित्र उपाध्याय जी की पंक्तियाँ सटीक बैठ रही हैं ।

**सुनो द्रौपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आयेंगे** : छोड़ो मेंहदी खड़ग संभालो, खुद ही अपनी चीर बचा लो, द्युत बिछाये बैठे शकुनि, मस्तक सब बिक जायेंगे, सुनो द्रौपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आयेंगे, कब तक आस लगाओगी तुम, बिके हुए अखबारों से, कैसी रक्षा मांग रही हो, दुसासन के दरबारों से। सुनो द्रौपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आयेंगे, स्वयं जो लज्जाहीन पड़े हैं, वे क्या लाज बचायेंगे, कल तक केवल अंधा था राजा, अब गूंगा बहरा भी है, होंठ सी दिये हैं जनता के, कानों पर पहरा भी है। तुम ही कहो ये अश्रु तुम्हारे, किसको क्या समझायेंगे? सुनो द्रौपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आयेंगे।

### अनुकरणीय आलेख

'सवाल मातृभाषा का' शीर्षक आलेख से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं। भाषा की अस्मिता पर लड़ते हुए शहीद हुए पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) के छात्रों को नमन। ढाका विश्वविद्यालय के भाषाई आंदोलन को यूनेस्को ने स्वीकृति प्रदान कर इस तिथि को विश्व मातृभाषा दिवस घोषित किया। संवेदनशील विश्व संगठन को साधुवाद! छोटानागपुर की आठ जनजातीय भाषाओं में ज्यादातर भाषाओं को उचित स्थान और सम्मान नहीं मिलना चिंतनीय है। आदिवासी संस्कृति के पक्षधर और विद्वानों का इसकी सुधि ले कर विरासत के प्रति कर्तव्य का निर्वहन करना प्रशंसनीय होगा। हिन्दी, अङ्ग्रेजी भाषा का प्रयोग दैनिक जीवन में संप्रेषण और व्यवसाय के लिए आवश्यक है परंतु निजी क्षणों में निजी लोगों के साथ गैर अङ्ग्रेजी या गैर हिन्दी भाषा का व्यवहार भाषाई संस्कृति को अवनति से बचा सकता है। आर के सिन्हा जी के आलेख 'पाकिस्तान में उथल-पुथल, भारत रहे चौकस' को गंभीरता से पढ़ना आरंभ किया परंतु समझ नहीं पाया कि लेखक भारत को किस बात के लिए सावधान करना चाहते हैं। इशारों ही इशारों में यदि कुछ कहना चाहा है तो कई अर्थ सामने आ रहे हैं। आलेख का निष्कर्ष नहीं मिल पाया ।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

समाज सुधार

# सामाजिक सद्भाव के अग्रदूत हैं संत रविदास



डॉ. रमेश ठाकुर

**संत**-संस्कृति और सनातन के लिए संत रविदास जयंती खास है, क्योंकि इस दिन ही संयुक्त रूप से दो पर्व एक साथ मनाये जा रहे हैं। पहली माघ पूर्णिमा और दूसरी रविदास जयंती। दोनों पर्व एक-दूसरे पूरक माने जाते हैं। समाज सुधारक संत रविदास के दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लोग लेते हैं। माघ पूर्णिमा को ध्यान, स्नान, दान के लिए खास मानते हैं। आज के ही दिन अखंड भारत के महान संत रविदास का अवतरण भी हुआ था। वह स्वामी रामानंद के शिष्य और कबीरदास के गुरु भाई हैं। संत शिरोमणि रविदास भक्तिकाल के अग्रिम पंक्ति के कवि हैं। उन्हें महानतम मानुष की उपाधि भी प्राप्त थी। उनके परिवर्तनकारी उपदेशों ने समाज का भरपूर मार्गदर्शन किया। संत रविदास ने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया। वह बिना भेदभाव किये आपसी सद्भाव पर जोर देते रहे। संत रविदास का एक प्रचलित दोहा 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी प्रसिद्ध है, जिसका भावार्थ होता है शुद्ध मन और निष्ठा के साथ किये काम का अच्छा पुण्य-परिणाम मिलना। संत रविदास का जन्म चर्मकार कुल में हुआ था। वह जूते बनाने में बहुत माहिर थे। उन्होंने कभी जाति-धर्म में अंतर नहीं किया। जो भी संत या फकीर उनके द्वार पर आते थे, वह बिना पैसे लिए उन्हें अपने हाथों से निर्मित जूते भेंट करना नहीं भूलते थे। वह प्रत्येक काम पूरे मन और लगन से किया करते थे। फिर चाहे वह जूते बनाना हो या ईश्वर की साधना करना। संत रविदास का जैसे-जैसे बड़े हुए, उन्होंने अपना अधिकांश समय भगवान राम और भगवान कृष्ण की पूजा में शुरू कर दिया। धार्मिक परंपराओं में उनकी लगन देखकर लोग उन्हें भगवान की भांति पूजना भी शुरू कर दिया था। वह लोगों की बीमारी चुटकियों में दूर कर देते थे। महापुरुषों के संदेश और उपदेश घोर कलयुग में भी हम सभी के लिए संजीवनी जैसे हैं। संत रविवाद जैसे उपदेशकों की कमी समाज को खलती हैं। इस रिक्तता की वजह से ही सामाजिक सौहार्द का ताना-बाना चरमराया हुआ है।

**समाज सुधारक संत रविदास के दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लोग लेते हैं। माघ पूर्णिमा को ध्यान, स्नान, दान के लिए खास मानते हैं। आज के ही दिन अखंड भारत के महान संत रविदास का अवतरण भी हुआ था।**



## बोधि वृक्ष

# भगवान परशुराम के परशु की होती है पूजा

**आज** भी इस जनजाति के लोग आसपास के गांवों में रहने से घबराते हैं। भगवान परशुराम के टांगीनाथ धाम आने और वहां अपना फरसा जमीन में गाड़ने के पीछे एक दिलचस्प कहानी है। मान्यता है कि त्रेतायुग में जनकपुर में माता सीता के स्वयंवर के दौरान, जब भगवान राम ने शिवजी का धनुष तोड़ा, तो उसकी भयंकर ध्वनि सुनकर परशुराम जी गुस्से में जनकपुर पहुंच गये और उन्होंने भगवान राम और लक्ष्मण को पहचाने बिना ही उन्हें खूब बुरा-भला कहा, लेकिन बाद में जब उन्हें ये अहसास हुआ कि राम जी भगवान विष्णु के अवतार हैं, तो वो बहुत लज्जित हुए और अपने किये का प्रायश्चित करने के लिए घने जंगलों के बीच एक पहाड़ पर चले गये। वहीं पर उन्होंने अपना फरसा गाड़ दिया और तपस्या करने लगे। उसी जगह को आज टांगीनाथ धाम के नाम से जाना जाता है। कहते हैं कि फरसे के अलावा भगवान परशुराम के पदचिह्न भी वहां मौजूद हैं।



टांगीनाथ धाम में सैकड़ों शिवलिंग और प्राचीन प्रतिमाएं भी हैं और वो भी खुले आसमान के नीचे। बताया जाता है कि साल 1989 में पुरातत्व विभाग ने यहां खुदाई करवाई थी, जिसमें हीरा जड़ित मुकुट और सोने-चांदी के आभूषण समेत कई कीमती वस्तुएं मिली थीं। हालांकि, बाद में अचानक ही खुदाई बंद कर दी गई। अब इसके पीछे क्या वजह थी, यह आज भी एक रहस्य ही है। वहीं खुदाई में मिली चीजें आज भी डुमरी थाना के मालखाने में रखी हुई हैं। (समाप्त)

## फेसबुक वॉल से

झावेन्द्र कुमार ध्रुव
3 d ·

पहले चिट्ठियां भेज सुनते थे फरमाइश के गाने, अब लोग लाइव कार्यक्रम के हैं दीवाने... See more




Rama + 20 · 11 comments 1 share

## X - से

Akhilesh Singh
@akhileshsi1

यूपी वाले ऐसे व्यक्ति को कैसे सीएम चुने जो गाय और सांड का फर्क ना कर पाए।

Akhilesh Yadav @yadavakhilesh · 1d
जहाँ भी जाओगे, सांड पाओगे : उप्र पशु पर्यटन




12:39 AM · 23/02/24 From Earth · 1.2K Views

8 Reposts 1 Quote 43 Likes

Dhananjay Kr. Putush @D... · 9h
पहले तो लगा कि ये अखिलेश यादव यादव का कोई फैन का अकॉउंट है, पर ध्यान से देखे तो ये ओरिजनल

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# कोरोना त्रासदी और स्वास्थ्य सजगता



डॉ राजेन्द्र प्र. शर्मा


**अमेरिकन** एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के हालिया सर्वे में एक बात साफ हो गई है कि अब लोगों की स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पहले से अधिक बढ़ी है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प समय-समय पर सर्वे कराकर लोगों के मूड को समझता रहता है। पिछले साल के अंत में कराये गये इस सर्वे में साफ हुआ है कि अब लोग युवावस्था में ही भौतिक संसाधन जुटाने, खान-पान के प्रति सजगता और हेल्दी टिप्स पर जोर देने लगे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कोरोना के बाद देश-दुनिया के लोगों की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है। एक समय था जब लोग बचत को ही प्राथमिकता देते थे। अब लोगों की प्राथमिकता में स्वास्थ्य पहले पायदान पर आ गया है। इसमें भी खासतौर से मानसिक स्वास्थ्य और एक्सरसाइज को लेकर लोग अधिक गंभीर होने लगे हैं। लोगों में वर्कआउट के प्रति रुझान बढ़ा है। जबकि एक समय था जब वर्कआउट के लिए जिम जाने को स्टेटस सिंबल माना जाता था। मजे की बात तो यह है कि 51 फीसदी लोग कसरत करने की मशीनें घर पर ही खरीद कर रखने को तरजीह देने लगे हैं। अब लोग कर्ज लेकर घर-कार आदि आधुनिक सुविधायुक्त साधनों में निवेश करने को भी प्राथमिकता देने लगे हैं। कोरोना के अनुभव के साथ आर्थिक उदारीकरण के युग में भागमभाग और अंधी दौड़ के चलते लोग कर्ज के जाल में फंसने को भी सहर्ष तैयार देखे जा रहे हैं। इसका कारण भी आज की नौकरीपेशा जिंदगी है। पति-पत्नी दोनों के ही नौकरी में होने, नौकरी के कारण घर से दूर रहकर घर बसाने और एकल परिवार के कारण रहन-सहन और हालातों में तेजी से बदलाव आ रहा है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के ऑनलाईन सर्वे में सामने आया है कि 76 फीसदी लोगों की पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य है। इससे पहले स्वास्थ्य के प्रति चिंता तो रहती थी पर इतनी गंभीरता कभी नहीं देखी गई। सामान्य बीमारी को भी लोग अब गंभीरता से लेने लगे हैं। इसे स्वास्थ्य के प्रति सजगता के साथ ही अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। स्वास्थ्य पैकेज को लेकर नित नई बीमा कंपनियां भी सामने आ रही है।

**एक समय था जब लोग बचत को ही प्राथमिकता देते थे। अब लोगों की प्राथमिकता में स्वास्थ्य पहले पायदान पर आ गया है। खासतौर से मानसिक स्वास्थ्य व एक्सरसाइज को लेकर लोग गंभीर होने लगे हैं।**

## टेक वर्ल्ड

# फोटोग्राफी के लिए प्रमुख ऐप्स

इसके साथ ही, लोग अपने फोटोग्राफी स्किल्स को निखारने के लिए विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसे एप्स के बारे में बतायेंगे जो फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए बेहद उपयोगी हैं और हाई क्वालिटी फोटोज के साथ साथ प्रोफेशनल टच भी प्रदान करते हैं। **Adobe Lightroom** : यह एक प्रमुख फोटो एडिटिंग एप्लिकेशन है जिसे फोटोग्राफरों के बीच पसंद किया जाता है। इसमें उपयोगकर्ता को अनेक संपादन और फिल्टरिंग विकल्प प्रदान किये जाते हैं जो एक फोटो को प्रोफेशनल लुक देते हैं। **VSCO:** यह एक अन्य लोकप्रिय फोटोग्राफी एप्लिकेशन है जिसमें अनेक फिल्टर्स, एडिटिंग विकल्प और कस्टमाइजेशन फीचर्स उपलब्ध हैं। यह उपयोगकताओं को अपने फोटोग्राफी स्किल को स्टाइलिश तरीके से संजोने का अवसर प्रदान करता है। Sfapseed: यह एक अन्य मुफ्त फोटोग्राफी एप्लिकेशन है जिसमें प्रोफेशनल ग्रेड के फिल्टर्स और एडिटिंग टूल्स उपलब्ध हैं। इसमें उपयोगकर्ता को क्रिएटिव कंट्रोल के साथ फोटोग्राफी करने का मौका मिलता है।



**ProCam X :** यह एक प्रोफेशनल कैमरा एप्लिकेशन है जिसमें उपयोगकर्ता को DSLR जैसे फोटोग्राफी के लिए अनेक नियंत्रण प्रदान किये जाते हैं। यह एक्स्पोजर, शटर स्पीड, व्हाइट बैलेंस आदि के निर्देशन के साथ उपयोगकर्ता को पूरी तरह से नियंत्रित करने की सुविधा देता है। (क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### ईडी को सूचनाएं लीक करने से रोकने की महुआ मोइत्रा की मांग खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी को गोपनीय और अपुष्ट सूचनाओं को लीक करने से रोकने की तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की मांग खारिज कर दी है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 22 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील ने 22 फरवरी को कहा था कि ईडी ने किसी भी सूचना को लीक नहीं किया है और समाचारों के स्रोत के बारे में उसे जानकारी नहीं है।

### बाहुबली नेता उदयभान सिंह की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के बाहुबली सपा नेता उदयभान सिंह को मिली अंतरिम जमानत की अवधि अगले आदेश तक बढ़ा दी है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने उदयभान सिंह की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 5 अप्रैल को करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान उप्र सरकार ने जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की। उसके बाद कोर्ट ने उप्र सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया।

### नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या, दो को जान से मारने की धमकी

**सुकमा।** नक्सलियों के पामेड़ एरिया कमेटी ने शुक्रवार को प्रेस वक्तव्य जारी कर यह घोषणा किया कि पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो ग्रामीणों सोढ़ी उंगा और माड़वी नंदा की हत्या कर दी है। इसके साथ ही दो अन्य ग्रामीणों युवक अड़मा और देवे को भी जान से मारने की धमकी दी गई है।

### बैंक लूटने आए बदमाशों ने सुरक्षा गार्ड को मारी गोली, हालत नाजुक



**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर में बैंक लूटने आए अपराधियों ने बैंक के सुरक्षा गार्ड को गोली मारकर घायल कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गार्ड की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र स्थित पंजाब नेशनल बैंक में शुक्रवार को दिनदहाड़े लूटपाट करने पहुंचे अपराधियों को सुरक्षा गार्ड ने बैंक में जाने से रोक दिया। विरोध करने पर अपराधियों ने गार्ड को गोली मार दी। गार्ड को पैर में गोली लगी है। हालांकि, गार्ड की सूझबूझ से बैंक लूटने से बच गया। गार्ड ने जान पर खेलकर लूट की योजना को विफल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि बैंक लूटने से बच गया है। बदमाशों ने गार्ड को गोली मारी है। गार्ड के पैर में गोली लगी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

## कांग्रेस को किसानों से कोई सरोकार नहीं

# सिर्फ 'वोटों की फसल' पर है नजर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

किसानों की हितैषी होने का दावा करने वाली कांग्रेस जितना ही मुंह खोल रही है उसका दोहरा मापदंड उतना ही उजागर हो रहा है। कांग्रेस शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के पास तो कांग्रेस के किसानों को लेकर किए गए करतूतों का जवाब नहीं है। जिसमें चुनाव से पहले किसानों के लिए किए गए लोकलुभावन वादे और फिर सरकार बनते ही किसानों को भूल जाना कांग्रेस की फितरत हो।



किसानों को अब कांग्रेस केंद्र में अपनी सरकार के गठन के बाद एमएसपी कानून देने का वादा कर रही है। ऐसे में साफ बता सकते हैं कि कांग्रेस की सोच केवल चुनाव जीतने की रही है उनका किसानों के उन्नति से कोई लेना-देना नहीं रहा है। इसके कई उदाहरण भी हैं।

नरेंद्र मोदी सरकार से एमएसपी को कानूनी जामा पहनाने की मांग कर रहे किसान सड़क पर उतरे तो विपक्षी दलों को भी मौका मिल गया कि वह सरकार को किसानों का शोषण करने वाला बताए। हालांकि सरकार की तरफ से एक-एक कर इसके बारे में बताया भी गया कि कैसे किसानों को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। वहीं गन्ना किसानों के लिए सरकार की तरफ से बेहतरीन तोहफा दिया गया। गन्ने की एमएसपी में प्रति क्विंटल 25 रुपए की बढ़ोतरी की गई। जो अब तक की सबसे बड़ी कीमत है। दूसरी तरफ भाजपा शासित प्रदेशों की सरकारों को भी देखें तो गन्ने की कीमत जो कई सालों तक अटकी पड़ी रहती थी उसे लेकर योगी सरकार ने एक स्पष्ट नीति पर काम किया और जल्द से जल्द गन्ना किसानों को उनके गन्ने की कीमत मिले यह सुनिश्चित किया। वहीं हरियाणा की मनोहर लाल खट्टर सरकार ने आज सदन में जो बजट पेश किया। इसमें हरियाणा सरकार ने किसानों के कृषि ऋण माफ करने की घोषणा की। इसके लिए सीएम खट्टर ने बजट में 1.89 लाख करोड़ रुपये की राशि को रखने की बात कही। इसके साथ ही हरियाणा सरकार ने किसानों के ऋण पर ब्याज और जुमार्ना दोनों को माफ किए जाने की भी बात कही।

ऐसे में किसान आंदोलन को अपना समर्थन दे रहे और किसान हितैषी होने का दावा कर रहे कांग्रेस का किसानों को लेकर सोच और उनका चाल-चरित्र क्या रहा है यह जानकर आप भी हैरान हो जाएंगे। किसान कांग्रेस के वादे से कैसा ठगा महसूस करते रहे हैं यह जानकर आपको भी ताज्जुब होगा। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लगातार किसानों के समर्थन में आकर वादा कर रहे हैं उनकी सरकार केंद्र में आई तो वह स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को लागू करेगी। लेकिन, यूपीए सरकार के दौरान जब एमएसपी को लेकर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश लागू करने का प्रस्ताव सरकार के सामने आया था तो उनके द्वारा जो जवाब दिया गया था वह जानकर भी आपको हैरानी होगी। इस कमीशन की रिपोर्ट को लागू करने से यूपीए सरकार के द्वारा मना कर दिया गया था।

स्वामीनाथन आयोग ने 2006 में सौंपी अपनी रिपोर्ट में न्यूनतम समर्थन मूल्य को औसत लागत से 50 फीसदी ज्यादा रखने की सिफारिश की गई थी, जिससे छोटे किसानों को फसल का उचित मूल्य मिल सके। स्वामीनाथन आयोग की इस रिपोर्ट में एमएसपी फॉमूर्ले को तब की कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 2007 में यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि इससे बाजार खराब हो जाएगा और यह काउंटर प्रोडक्टिव होगा। वही कांग्रेस अब वादा कर रही है कि अगर वह सत्ता में वापस आई तो किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ देगी।

## दिल्ली में एक घर में लगी आग एक बच्चे समेत दो को बचाया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिमी दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके में शुक्रवार को एक घर में आग लगने के बाद एक आदमी और एक बच्चे को बचाया गया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने प्रारंभिक विवरण साझा करते हुए कहा कि मोहन गार्डन के एफ-ब्लॉक में एक घर में आग लगने के संबंध में सुबह 10:14 बजे एक कॉल मिली थी। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, कुल छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है। आग एक घर में लगी है, जिसमें भूतल और तीन मंजिलें हैं। डीएफएस ने एक आदमी और एक बच्चे को सुरक्षित बचा लिया है। बचाव अभियान अभी जारी है। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

# शेख शाहजहां के करीबी लोगों से जुड़े 6 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**एजेंसी। कोलकाता**

संदेशखाली के फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख से जुड़े एक ठिकाने पर एक बार फिर ईडी ने छापेमारी की है। शुक्रवार को ईडी ने आयात-निर्यात कारोबार से जुड़े एक मामले के आधार पर शाहजहां के करीबी कारोबारियों के घरों की तलाशी शुरू की है। केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी हावड़ा, कोलकाता, उत्तर 24 परगना समेत कुल छह जगहों पर तलाशी ले रहे हैं।

ईडी के एक अधिकारी के मुताबिक, उन्होंने आयात-निर्यात कारोबार में अनियमितताओं को लेकर एक नई ईसीआईआर या शिकायत दर्ज की है। उसी आधार पर जांच शुरू हुई। ईडी अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि प्रमोटिंग या आयात-निर्यात व्यवसाय में निवेश किया गया है या नहीं। यह भी जांच हो रही है कि मछली या अन्य सामान सीमा पार निर्यात किए गए थे या नहीं।

शुक्रवार सुबह करीब सात बजे ईडी के अधिकारियों ने हावड़ा के हलदरपाड़ा और कोलकाता के विजयगढ़ स्थित एक पते पर तलाशी शुरू की। इसके अलावा चार अन्य स्थानों पर भी तलाश जारी है। ईडी अधिकारियों के साथ केंद्रीय बलों के जवान भी हैं। हावड़ा के हलदरपाड़ा में पार्थप्रतिम सेनगुप्ता नाम के कारोबारी के घर की तलाशी ली जा रही है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक यह बुजुर्ग कारोबारी मछली कारोबार से जुड़ा है। विजयगढ़ में एक और कारोबारी अरूप सोम के घर की तलाशी ली जा रही है।

## पूर्व मंत्री दिवंगत हरिशंकर तिवारी के घर ईडी का छापा



**गोरखपुर।** पूर्व विधायक विनय शंकर के गोरखपुर स्थित आवास पर ईडी का छापा पड़ा है। शुक्रवार की सुबह पांच बजे से ही ईडी की कार्रवाई चल रही है। ईडी की यह कार्रवाई 750 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में विनय शंकर तिवारी समेत अन्य पर दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ा है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में गोरखपुर के लच्छीपुर की प्रापर्टी पहले ही जब्त कर चुकी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवंगत हरिशंकर तिवारी के घर ईडी सुबह पांच बजे पहुंच गई। छापा में किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए केंद्रीय सुरक्षा बल ने तिवारी अहाता को घेरे लिया। हरिशंकर तिवारी के बेटे बसपा से चिल्लूपार से पूर्व विधायक वर्तमान में सपा नेता विनय शंकर तिवारी, बड़े बेटे भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी संत कबीर नगर से सांसद रहे हैं।

### 750 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा है मामला

पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के बेटे व चिल्लूपार विधानसभा के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के गोरखपुर स्थित आवास पर शुक्रवार की सुबह ईडी ने छापा डाल दिया। 750 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में विनय शंकर तिवारी समेत अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का पहले से केस है। पिछले दिनों उनकी सम्पत्ति भी जब्त की गई थी। इसी मामले में यह छापे की कार्रवाई देखी जा रही है। छापे की सूचना पर के बाद तिवारी 'अहाते' पर शुभचिंतक की भीड़ लगी है। दरअसल, विनय शंकर व उनकी कम्पनी द्वारा लिए गए बैंक लोन के बारे में बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ की टीम तीन साल पहले आई थी। यहां की सम्पत्ति की जानकारी करके लौट गई थी। जालसाजी के मामले में 2020 में पहले सीबीआई की एंट्री हुई बाद में यानी 2021 प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह से 750 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी समेत अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था।

# बिहार विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव की घोषणा



**एजेंसी। पटना**

बिहार विधान परिषद की 11 सीटों पर होने वाले चुनाव की घोषणा कर दी गयी है। बिहार विधान परिषद में निर्वाचित 11 सदस्यों का कार्यकाल मई के पहले सप्ताह में पूरा हो रहा है। चुनाव आयोग के तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार, विधान परिषद की रिक्त होनेवाली सीटों पर 4 मार्च को नोटिफिकेशन जारी किया जायेगा। नामांकन की आखिरी तिथि 11 मार्च है। इसके अगले दिन यानी 12 मार्च को नामांकन की जांच होगी। इसके दो दिन बाद 14 मार्च को नामांकन वापिस लिए जाएंगे और 21 मार्च को चुनाव की तारीख तय की गई है। इसी दिन देर शाम तक चुनाव परिणाम भी घोषित किया जायेगा।

विधान परिषद की रिक्त होने वाली इन सीटों पर चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विधान परिषद के जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होनेवाला है उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन, जदयू नेता एवं पूर्व मंत्री संजय कुमार झा, कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा, हम नेता संतोष कुमार सुमन, भाजपा नेता मंगल पांडेय, राजद नेता रामचंद्र पूर्वे, जदयू नेता खालिद अनवर एवं रामेश्वर महतो और भाजपा नेता संजय पासवान शामिल हैं। विधान परिषद में कुल 75 सीटें हैं। इसमें विधानसभा सदस्यों द्वारा 27 जनप्रतिनिधियों का चुनाव किया जाता है। विधान परिषद की एक-तिहाई सीटें हर दो साल के बाद रिक्त होती है, जिस पर मतदान कराया जाता है। इसी क्रम में विधान परिषद की 11 सीटों पर निर्वाचित

### बिहार विस के उपाध्यक्ष बने नरेन्द्र नारायण यादव, मुख्यमंत्री ने दी बधाई



जदयू विधायक नरेन्द्र नारायण यादव विधानसभा उपाध्यक्ष होंगे। विधानसभा के स्पीकर नंद किशोर यादव ने शुक्रवार को उनके सर्वसम्मति से निर्वाचित होने का ऐलान किया है। मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें बधाई दी। साथ ही सदन में उपस्थित दोनों उप मुख्यमंत्रियों सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा, शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री सुमित सिंह, विधान पार्षद संजय गांधी और विधानसभा के निदेशक राजीव कुमार ने भी उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। विधानसभा सत्र के आठवें दिन यानी शुक्रवार को सबसे पहले उपाध्यक्ष के रूप में इनका निर्वाचन किया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। नरेन्द्र नारायण यादव निवर्तमान विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी के इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुए पद पर चयनित हुए हैं।

## संदीप पाठक ने जमकर भाजपा पर हमला बोला

# केजरीवाल को सीबीआई से गिरफ्तार कराना चाहता है केंद्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को भाजपा पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई से गिरफ्तार कराने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। 'आप' के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि हमें संदेश भेजा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन को छोड़ दो, नहीं तो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उन्होंने पत्रकार वार्ता कर कहा कि जिस दिन अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करोगे, पूरे देश में सुनामी आ जाएगी। वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि सीबीआई सीआरपीसी 41ए के तहत नोटिस भेजेगी और दो-तीन दिन में केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। भाजपा इसलिए घबराई हुई है, क्योंकि जिन राज्यों में आप-कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेगी, वहां उसकी मुश्किलें बढ़ेगी और



सरकार बनाना मुश्किल हो जाएगा। वहीं, आतिशी ने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार को समझ आ गया है कि वह ईडी से अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार नहीं करा पाएगी। इसलिए अब सीबीआई को लेकर आई है। आतिशी ने कहा कि हम देख रहे हैं कि पिछले 2-3 महीने से एक-एक कर अरविंद केजरीवाल को सात बार ईडी का नोटिस आ चुका है। भाजपा को अब यह समझ में आ गया है कि वो ईडी के जरिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार नहीं कर पाएगी। इसलिए भाजपा अब सीबीआई को सामने लेकर आई है और सीबीआई के जरिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार करने की कोशिश करने वाली है।

# सीएम नीतीश ने 1500 करोड़ की लागत से बनने वाले राज्य पुलिस भवनों का किया शिलान्यास

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा राज्य पुलिस एवं कारा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु 459.52 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 139 भवनों का उद्घाटन तथा 996.53 करोड़ रुपये की लागत से बननेवाले 192 भवनों का शिलान्यास किया। सीएम ने इस मौके पर सड़क दुर्घटना जांच एवं मुआवजा भुगतान हेतु परिवहन विभाग की ओर से पुलिस पदाधिकारियों को ईडीएआर (इलेक्ट्रॉनिक डीटेल्ड एक्सिडेंट रिपोर्ट) सॉफ्टवेयर युक्त 1220 स्मार्ट मोबाईल फोन प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री ने सांकेतिक रुप से 5 पुलिस पदाधिकारियों पूजा कुमारी, पुष्पा कुमारी, हरिनारायण कुमार, राहुल कुमार एवं खुशबू खातून को स्मार्ट मोबाईल फोन प्रदान किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम



द्वारा राज्य पुलिस के लिए 419.06 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 114 भवनों का उद्घाटन किया गया। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा राज्य पुलिस के लिए 932.57 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 173 भवनों का शिलान्यास किया गया। साथ ही भवन निर्माण विभाग द्वारा गृह विभाग (कारा एवं सुधार सेवाएं) के लिए 40.46 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 25 भवनों का उद्घाटन किया गया। भवन निर्माण विभाग द्वारा गृह विभाग (कारा एवं सुधार सेवाएं) के लिए 63.96 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 19 भवनों का भी शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का शिलान्यास कराया गया है और जो भी बचे हुए कार्य हैं उसे तेजी से पूर्ण करें। सभी पुलिस थानों एवं पुलिस भवनों के ऊपर सोलर प्लेट लगवाएं ताकि सौर ऊर्जा का वहां उपयोग हो सके। सभी पुलिस भवनों एवं थानों को मेंटेन रखें। पुलिस भवन एवं थाना में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस गश्ती निरंतर हो, इसे सुनिश्चित करें।

# दिल्ली के विकासपुरी फ्लाईओवर पर हुड़दंग मचा रहे पांच लोग गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के विकासपुरी इलाके में फ्लाईओवर पर उपद्रव मचा रहे पांच युवकों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन युवकों पर फ्लाईओवर पर गलत तरीके से कार चलाने और रंगीन बम फोड़ने का आरोप है। अधिकारियों ने कहा कि ये पांचों करीब 20-25 कारों में सवार लोगों के एक समूह का हिस्सा थे, जिन्होंने हाल ही में दिल्ली की सड़कों पर हुड़दंग मचाया था। आरोपियों की पहचान तिलक नगर निवासी सुबीर सिंह (42), नाम सिंह (41), गुरुमीत सिंह (29), हरमीत सिंह (32) और मनमीत सिंह (36) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पांचों वाहनों को भी जब्त किया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया, "हमें सूचना मिली कि लगभग 20-25 कारों में कुछ युवक विकासपुरी फ्लाईओवर से पीरागढ़ी की ओर जा रहे है। वह रंगीन बम फोड़ते हुए जिग-जैग तरीके से गाड़ी चलाकर उपद्रव मचा रहे है। डीसीपी ने कहा,"



हमने तुरंत, भारतीय दंड संहिता आईपीसी) की धारा 279 (रैश ड्राइविंग) और 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को एक शिकायतकर्ता द्वारा दी गई वीडियो फुटेज के आधार पर युवकों की पहचान करने को कहा गया। डीसीपी ने कहा, सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमने आरोपी युवकों की पहचान की। पुलिस टीम ने पांच वाहनों के साथ तिलक नगर से पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में अभी जांच जारी है।

## दारुल उलूम देवबंद के गजवा-ए-हिंद फतवा पर भाजपा नेता संजय गुप्ता ने कहा-

# यह देश को बांटने की बड़ी साजिश

**एजेंसी। हरिद्वार**

इस्लामिक शिक्षण केंद्र दारुल उलूम देवबंद गजवा ए हिंद को महिमामंडित करने वाले अपने फतवे को लेकर चचाओं में है। संस्था ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से ये फतवा दिया है। इसे लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि यह देश को बांटने की बड़ी साजिश है। उन्होंने कहा कि बार-बार संविधान की दुहाई देने वालों का इस फतवे के बाद चुप रहना उनकी सनातन विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। विपक्ष की चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल सनातन



विरोधी थे और हैं। अन्यथा देश में गजवा-ए-हिन्द की बात करने वालों के खिलाफ विपक्ष को आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मां भारती का जब तक एक सपूत भी बाकी है, देश में गजवा-ए-हिन्द की कल्पना भी बेमानी है। ऐसी मानसिकता के लोगों को सरकार को जेल की सलाखों के पीछे डाल देना चाहिए। इसके साथ ही संजय गुप्ता ने कर्नाटक में मंदिरों पर 10 प्रतिशत कर लगाने के विधेयक पर कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह विधेयक हिन्दू विरोधी होने का पुख्ता प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस सरकारें मंदिरों के चढ़ावे पर भी टैक्स वसूलने पर आमादा हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मंसा सदैव हिन्दुओं को नीचा दिखाने और उन्हें दोयम दर्जे का साबित करने की रही है। कांग्रेस देश को बांटने का काम कर रही है, जिसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

### भाजपा की फंडिंग के लिए कंपनियों को जांच एजेंसियों के जरिये धमकाया गया : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को केन्द्र पर भाजपा को फंड दिलाने के लिए निजी कंपनियों को जांच एजेंसियों के जरिये धमकाने का आरोप लगाया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यहां पत्रकार वार्ता कर कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच भाजपा को कुल लगभग 335 करोड़ रुपये का दान देने वाली कम से कम 30 कंपनियों को उसी अवधि के दौरान केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। इस संबंध में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री सीतारमण को पत्र भी लिखा है। रमेश ने कहा कि केन्द्र सरकार को व्हाइट पेपर लाकर जवाब देना चाहिए। साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच कराए जाने की मांग की है।

## आज का राशिफल

**मेष :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**वृष :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग है। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मिथुन :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**सिंह :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कन्या :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें।

**तुला :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिक :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**धनु :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**मकर :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**कुंभ :** किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मीन :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**चौथा टेस्ट : पहले दिन की समाप्ति पर मेहमान टीम ने 7 विकेट पर बनाए 302 रन**

# जो रूट के शतक से संभला इंग्लैंड



**रांची (एजेंसी)।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जो रुट ( नाबाद 106 ) के धैर्यपूर्ण शतक और उनकी दो उपयोगी साझेदारियों की मदद से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को सात विकेट पर 302 रन का सम्मानजनक स्कोर बना लिया। सीरीज में अब तक रनों के लिए जूझ रहे रुट ने बैजबॉल शैली को दरकिनार करते हुए अपना पुराना स्वाभाविक खेल दिखाया और 226 गेंदों पर नाबाद 106 रन की संयमित पारी में नौ चौके लगाए। रुट ने इंग्लैंड को पहले सत्र में लगे पांच झटकों से संभाला। इस प्रारूप में रुट ने अपना 31वां शतक और भारत के खिलाफ उनका दसवां टेस्ट शतक पूरा किया। उन्होंने बेन फॉक्स के साथ छठे विकेट के लिए 113 रन और ऑली रॉबिंसन के साथ आठवें विकेट के लिए 57 रन की अविजित साझेदारी की। फॉक्स ने 47 रन बनाये जबकि रॉबिन्सन स्टंप्स के समय 31 रन बनाकर क्रीज पर हैं। एक समय ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड आज शायद दो सत्र भी नहीं खेल पाएगा। लेकिन रूट ने फोक्स, टॉम हार्टली और रॉबिंसन के साथ साझेदारी करते हुए इंग्लैंड को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है। भारत की तरफ से नवोदित तेज गेंदबाज आकाशदीप ने अपने पदार्पण मैच में 70 रन पर तीन विकेट, मोहम्मद सिराज ने 60 रन पर दो विकेट लिए जबकि आर अश्विन तथा रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया। पहले सत्र में पांच विकेट गंवाने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में कोई विकेट नहीं गंवाया लेकिन अंतिम सत्र में दो विकेट गंवाए। सुबह के सत्र में इंग्लैंड ने जैक क्रॉली (42 रन), बेन डकेट (11 रन), ओली पोप (0), जानी बेयरस्टो (38) और बेन स्टोक्स (3 रन) के विकेट गंवाए। आखिरी सत्र में धीमी शुरूआत के बाद फॉक्स ने रविचंद्रन अश्विन को मिड-विकेट पर सिक्स जड़ा और अपनी कलाइयो का इस्तेमाल करते हुए दो चौके भी लगाए। लेकिन मोहम्मद सिराज ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी को तोड़ दिया क्योंकि फोक्स शॉर्ट मिडविकेट पर कैच दे बैठे। टॉम हार्टले ने सिराज के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद बल्ले के बाहरी किनारे को छका कर ऑफस्टंप से जा टकराई। रूट ने यॉर्कर को फाइन लेग से आकाश की गेंद पर चौका लगाया और चौका लगाने के लिए शानदार कवर ड्राइव से अपना शानदार शतक पूरा किया।



### रूट ने कैलिस और द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ा

**रांची।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज जो रूट का बल्ला भारत के खिलाफ पहले तीन टेस्ट मैचों में नहीं चला था, लेकिन चौथे टेस्ट मैच की पहली पारी में यानी रांची में उन्होंने विषम परिस्थितियों में टीम के लिए शतक लगाया। यह रूट के टेस्ट करियर का 31वां शतक था साथ ही साथ इस पारी के दम पर उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 19,000 रन भी पूरे कर लिए। वह अब इंटरनेशनल क्रिकेट में 19 हजार रन पूरे करने वाले इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज भी बने। इसके अलावा उन्होंने रन के इस आंकड़े को छूकर जैक कैलिस और राहुल द्रविड़ का यह रिकॉर्ड भी तोड़ा।

### मैं बस प्रोसेस पर काम कर रहा था : आकाशदीप

**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में पदार्पण करने वाले भारत के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने शुक्रवार को पहले दिन के बाद कहा कि उनके लिए कुछ नया नहीं था और वह बस प्रोसेस पर काम कर रहे थे। आकाशदीप ने पहले सत्र में इंग्लैंड के शीर्ष तीन बल्लेबाजों को आउट कर मेहमान टीम को झकझोर दिया। हालांकि इंग्लैंड ने अनुभवी बल्लेबाज जो रुट (नाबाद 106) के शानदार शतक से दिन की समाप्ति तक अपना स्कोर सात विकेट पर 302 रन पहुंचा दिया। आकाश ने कहा,''मुझे पता नहीं कि मैंने पहले क्या किया, मैं हर मैच को यही सोच कर खेलता था कि यह मेरी ज़िंदगी का आखिरी मैच है।'' जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिए जाने के बाद उनकी जगह मैदान पर उतरे आकाश ने कहा,''बुमराह भाई की सीख भी मेरे काम आई, मैं बस लाइन और लेंथ पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। मुझे इस बात का बुरा नहीं लग रहा था कि मेरा पहला विकेट था और गेंद नो बॉल हो गई बल्कि इसलिए क्योंकि इसके बाद वह बहुत अच्छा खेल रहे थे और मुझे इस बात का अफसोस हो रहा था कि कहीं मेरी गलती टीम को नुकसान ना पहुंचा दे।'' उन्होंने रांची के विकेट के लिए कहा,''विकेट अच्छी है, यहां पर हमें अधिक कोशिश करने की जरूरत नहीं है।'' तेज गेंदबाज आकाशदीप ने अपने पदार्पण मैच में 70 रन पर तीन विकेट, मोहम्मद सिराज ने 60 रन पर दो विकेट लिए जबकि आर अश्विन तथा रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।

## गुवाहाटी में ईस्टर्न ओपन टैलेंट हंट में रिकॉर्ड भागीदारी पर है बीएफआई की नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले तीन टैलेंट हंट प्रोग्राम की सफलता के बाद बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) आरईसी लिमिटेड के सहयोग से मार्च में होने वाले ईस्टर्न ओपन टैलेंट हंट के साथ अगला अध्याय शुरू करने के लिए तैयार है। ईस्टर्न ओपन टैलेंट हंट देश के विभिन्न क्षेत्रों में बीएफआई द्वारा आयोजित चार ओपन प्रारंभिक टूर्नामेंटों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ये टूर्नामेंट पुरुष और महिला दोनों मुक्केबाजों के लिए युवा, जूनियर और सब-जूनियर श्रेणियों को पूरा करते हैं। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'असम और पूर्वोत्तर ने असंख्य मुक्केबाजी प्रतिभाओं की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मुझे उम्मीद है कि गुवाहाटी में यह ईस्टर्न ओपन टैलेंट हंट इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक असाधारण अवसर देगा और साथ ही उन्हें लोगों की नजरों में आने का सीधा मौका भी मिलेगा। 'मुझे उम्मीद है कि खेल और मुक्केबाजी प्रेमी बड़ी संख्या में भाग लेंगे और हम इस क्षेत्र से और अधिक नई प्रतिभाओं को सामने लाने में सक्षम होंगे।' इस टूर्नामेंट में कोई भाग ले सकता है और अपना कौशल दिखाने के लिए अपना नामांकन करा सकता है। आरईसी ईस्टर्न ओपन टैलेंट हंट के लिए पंजीकरण वर्तमान में चल रहा है। जूनियर/सब-जूनियर श्रेणी के पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 फरवरी निर्धारित की गई है और एलीट/युवा श्रेणी के पंजीकरण की समय सीमा 4 मार्च, 2024 तक खुली है। यह आयोजन 2 मार्च को शुरू होगा, जिसमें जूनियर और सब-जूनियर इवेंट शामिल होंगे और 9 मार्च, 2024 तक जारी रहेंगे। एलीट और यूथ इवेंट 11-18 मार्च, 2024 तक होंगे।



## इंग्लैंड के खिलाफ अश्विन ने पूरे किए 100 टेस्ट विकेट, जय शाह ने की सराहना

**रांची (एजेंसी)।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टेस्ट मैचों में इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बनने की उपलब्धि हासिल करने के लिए अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की प्रशंसा की। आर.अश्विन ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन 22वें ओवर में जॉनी बेयरस्टो को एलबीडब्ल्यू आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें 42 पारियां लगीं। अश्विन को उनके करियर की एक और उपलब्धि पर बधाई देते हुए शाह ने एक्स पर लिखा, 'एक बार फिर नए रिकॉर्ड स्थापित करते हुए अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 100 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया है। 'उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उनकी स्थिति को महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में मजबूत किया है। उनकी असाधारण उपलब्धि उनकी प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण को रेखांकित करती है। बधाई हो!' यह उपलब्धि अश्विन को गेंदबाजों के एक विशिष्ट समूह में रखती है, सक्रिय खिलाड़ियों में केवल ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन ने भी इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट लिए हैं। शेन वॉर्न के नाम 72 पारियों में 195 विकेट के साथ समग्र रिकॉर्ड है। इससे पहले अश्विन ने 500 टेस्ट विकेट लेने वाले खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब में शामिल होकर इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया और यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय बने। 37 वर्षीय स्पिन उस्ताद ने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान जैक क्रॉली को विकेट नंबर 500 पर आउट किया।



**अभय गुडफेलो क्लासिक के सेमीफाइनल में**

### रमित विंडी सिटी से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्क्वैश खिलाड़ी अभय सिंह कई महीनों में दूसरे पीएसए चैलेंजर टूर खिताब की कतार में हैं, 25 वर्षीय अभय सिंह टोरंटो में गुडफेलो क्लासिक स्क्वैश के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के मैसियो लेवी को 33 मिनट में 13-11, 11-7, 11-3 से हराया और अंतिम चार चरण में उनका मुकाबला मिस्र के अब्देलरहमान अब्देलखलेक से होगा। दुनिया के 66वें नंबर के भारतीय ने पिछले महीने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए इवेंट जीता था, 2023 के यादगार मुकाबले के बाद जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में निर्णायक मैच खेला और हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुष टीम का स्वर्ण जीतने के लिए भारत के लिए दो मैच प्वाइंट बचाए। इस बीच, शिकागो में, पीएसए वर्ल्ड टूर प्लैटिनम इवेंट विंडी सिटी ओपन के दूसरे दौर में रमित टंडन मिस्र के आठवीं वरीयता प्राप्त तारेक मोमेन से 34 मिनट में 5-11, 11-4, 11-4, 11-8 से हार गए।

### क्वालीफायर कलिंस्काया की गॉफ पर सनसनीखेज जीत

**दुबई (एजेंसी)।** क्वालीफायर अन्ना कलिंस्काया ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को 2-6, 6-4, 6-2 से हराया और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक के साथ आश्चर्यजनक रूप से दुबई टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में, नंबर 40 कलिंस्काया फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक से भिड़ेंगी। शनिवार के फाइनल में विजेता का सामना नंबर 22 सोराना क्रिस्टिया या नंबर 26 जैस्मीन पाओलिनी से होगा। गॉफ ने 46 मिनट के शुरूआती सेट में तीन बार कलिंस्काया की सर्विस तोड़ी और मैच पर अच्छी तरह से नियंत्रण बनाए रखा। सात दिनों में अपने छठे मैच में खेलते हुए, कलिंस्काया ने अपनी ऊपरी पीठ का इलाज कराने के लिए 5-2 पर मेडिकल टाइमआउट लिया और सेट ब्रेक के दौरान अतिरिक्त उपचार प्राप्त किया।

### फीफा महिला विश्व कप ऑस्ट्रेलिया के लिए आर्थिक वरदान : एफए रिपोर्ट

**कैनबरा (एजेंसी)।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) ने खुलासा किया है कि फीफा महिला विश्व कप 2023 का आर्थिक प्रभाव एक अरब डॉलर से अधिक होगा। एफए ने शुक्रवार को अपनी लिगेसी 23 रणनीति पर एक व्यापक रिपोर्ट जारी की, जिसका उद्देश्य खेल के लिए स्थायी लाभ प्रदान करने के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में विश्व कप का उपयोग करना है। रिपोर्ट के अनुसार, अकेले ऑस्ट्रेलिया में 1.32 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (865.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के आर्थिक प्रभाव के साथ यह टूर्नामेंट पहला महिला विश्व कप था। विश्व कप के लिए 1.7 मिलियन से अधिक टिकट बेचे गए। 2015 में बनाए गए 1.35 मिलियन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की हार 2001 में वर्तमान रेटिंग प्रणाली शुरू होने के बाद से देश का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टेलीविजन प्रसारण बन गया। एफए के मुख्य कार्यकारी जेम्स जॉनसन ने कहा कि टूर्नामेंट की गति को जारी रखने के लिए एफए का लक्ष्य 2026 एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) महिला एशिया कप के लिए मेजबानी के अधिकार सुरक्षित करना है।

## डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात जायंट्स दमदार प्रदर्शन करेगी : राणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चाहे बात घरेलू क्रिकेट की हो या विदेशों में जाकर टी20 लीग और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलनी की। हर क्षेत्र में भारतीय महिला क्रिकेटरों ने अपनी छाप छोड़ी है। इसलिए, लंबे इंतजार के बाद आईपीएल की तर्ज पर पिछले साल भारत में महिला प्रीमियर लीग की शुरूआत हुई जिसे भारतीय फैंस का भी सपोर्ट मिला। एक बार फिर मंच सज चुका है और शुक्रवार से टूर्नामेंट के दूसरे सीजन का आगाज हो रहा है। इस बीच भारत की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा को पूरी उम्मीद है कि इस बार लीग को पहले से भी ज्यादा सपोर्ट और फैंस का प्यार मिलेगा। मैदान पर भारत की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा अपनी टीम के लिए विकेट लेने और रन बनाने के प्रति गंभीर नजर आती हैं। लेकिन मैदान के बाहर, वह काफी 'कूल' रहना पंसद करती हैं। डब्ल्यूपीएल 2023 में स्नेह राणा को अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी गुजरात जायंट्स का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया था, जब बेथ मूनी भावी मुंबई इंडियंस के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में सिर्फ तीन गेंदों का सामना करने के बाद चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चली गईं। उसके बाद, जाइंट्स के लिए यह सीजन यादगार नहीं रहा और वह अंक तालिका में सबसे नीचे रही, जबकि स्नेह उंगली की चोट के बावजूद टीम को बचाए रखने की पूरी कोशिश कर रही थी। लेकिन अब, कई बदलावों और चोटों के प्रतिस्थापन के साथ यह टीम नई शुरूआत करने के लिए तैयार है। फ्रेंचाइजी द्वारा आयोजित आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में स्नेह ने जाइंट्स टीम में उप-कप्तान के रूप में अपनी भूमिका, डब्ल्यूपीएल 2024 की तैयारी, मानसिक रूप से मजबूत होने के महत्व और महिला क्रिकेट के प्रति अपने द्वारा देखे गए बदलावों के बारे में बात की।



### डब्ल्यूपीएल महिला क्रिकेट का नया दौर : जय शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल की तर्ज पर बीसीसीआई ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल महिलाओं के लिए टी20 लीग की शुरूआत की थी। एक सफल सीजन के बाद अब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा सीजन शुक्रवार को शुरू हो रहा है। पहला मैच बेंगलुरु में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, 'मैं बहुत खुश हूं क्योंकि हम महिला प्रीमियर लीग सीजन 2 की शुरूआत के साथ एक नई यात्रा शुरू कर रहे हैं। हमारा दृष्टिकोण सबसे बड़ी महिला क्रिकेट लीग स्थापित करना था और मैं उन सभी को हार्दिक धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने में योगदान दिया है।' टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण में 25-दिवसीय गाथा में 22 मैचों में पांच टीमें भिड़ेंगी। मुंबई इंडियंस ने पिछले साल मेग लैनिंग की दिल्ली कैपिटल्स पर रोमांचक जीत के साथ लीग का उद्घाटन संस्करण जीता था और एक बार फिर उसे पसंदीदा माना जा रहा है। इस सीजन में बेंगलुरु और नई दिल्ली के मैच साझा होंगे, लीग प्रारूप में कोई बदलाव नहीं होगा। प्रत्येक टीम ग्रुप स्टेज राउंड में अन्य चार से दो बार खेलेगी और विजेता फाइनल में प्रवेश करेगा। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें 17 मार्च को नई दिल्ली में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए एलिमिनेटर में भिड़ेंगी।



### वेस्टइंडीज की मौजूदा टी20 टीम के पास वर्ल्ड कप जीतने की क्षमता : ब्रावो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खतरनाक ऑलराउंडरों से सजी हुई वेस्टइंडीज टीम का टी20 क्रिकेट में दबदबा रहा है, लेकिन बीते दो टी20 वर्ल्ड कप इस टीम के लिए बेहद खराब रहे। हालांकि, पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो का मानना है कि पिछले दो टी20 विश्व कप में संघर्ष के बावजूद मौजूदा वेस्टइंडीज टीम जून में आगामी मेगा इवेंट में तीसरा खिताब जीतने की क्षमता रखती है। वेस्टइंडीज ओमान और यूएई में 2021 टी20 विश्व कप में सिर्फ एक जीत हासिल कर सका और फिर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में सुपर 12 चरण के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा। लेकिन ब्रावो वेस्टइंडीज के हालिया फॉर्म से खुश हैं। उन्होंने पिछले 12 महीनों के दौरान टी20 श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड को हराया है। इसलिए ब्रावो को लगता है कि कैरेबियाई टीम इस साल के आयोजन की यूएसए के साथ सह-मेजबानी में तहलका मचा सकती है। ब्रावो ने गुरुवार को न्यूयॉर्क में 2024 टी20 विश्व कप के शुरू होने के 100 दिन पूरे होने के जश्न के हिस्से के रूप में कहा, 'मुझे लगता है कि वेस्टइंडीज टीम के पास आईसीसी ट्रॉफी जीतने का बहुत अच्छा मौका है।

## खबरें व्यापार जगत की

### सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक दिन की तेजी के बाद आज एक फिर सरार्फा बाजार में गिरावट का रुख बन गया है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में आज 22 कैरेट सोने की कीमत में 100 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी देखी जा रही है। हालांकि 24 कैरेट सोना के भाव में आज 20 रुपये से 30 रुपये प्रति 10 तक की ही गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण देश के कई सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 62,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 57,500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गया है। सोना की तरह चांदी की कीमत में आज 900 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली के सरार्फा बाजार में चांदी आज 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 62,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 57,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 62,780 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 62,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,780 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 62,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी सोने की कीमत में कमजोरी दिख रही है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरू, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 62,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

**चेन्नई (एजेंसी)।** सरकारी स्वामित्व वाले बंधक ऋणदाता बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने शुक्रवार को औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों में धीमी वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.4 प्रतिशत होने की भविष्यवाणी की है। अर्थशास्त्री जाह्नवी प्रभाकर ने एक रिपोर्ट में कहा, 'वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के लिए कृषि और उद्योग क्षेत्र में धीमी वृद्धि के कारण दूसरी तिमाही में हुई 7.6 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले अर्थव्यवस्था 6.4 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ने का अनुमान है। सेवा क्षेत्र में वृद्धि की उम्मीद है।' प्रभाकर के अनुसार, तीसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि हालांकि दूसरी तिमाही की तुलना में थोड़ी धीमी है, यह सभी क्षेत्रों में असमान है और उनमें से कुछ ने दूसरों की तुलना में बेहतर वृद्धि दर्ज की है। पूरे साल के लिए अनुमान 6.8 प्रतिशत है। प्रभाकर ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 के लिए विकास दर 6.75-6.8 प्रतिशत के समान स्तर पर रहेगी। आईएमएफ के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष के लिए 6.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अक्टूबर 23 में अपने पिछले पूर्वानुमान से अनुमान को 40 बीपीएस तक उन्नत किया गया है। वित्त वर्ष 24 और 25 के लिए, 'घरेलू मांग में लचीलेपन' के दम पर अर्थव्यवस्था में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। प्रभाकर ने कहा, 'दूसरी ओर, विश्व बैंक को उम्मीद है कि मजबूत घरेलू मांग, मजबूत निजी क्षेत्र की ऋण वृद्धि के साथ-साथ बढ़ते बुनियादी ढांचे के खर्च के कारण वित्त वर्ष 2024 में अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करेगी।' इन पूर्वानुमानों के विपरीत, एनएसओ के अग्रिम अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 7.3 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024 में देश की विकास दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।




### मुनाफावसूली के दबाव में शुरूआती बढ़त गंवाकर गिरावट में बंद हुआ निफ्टी




**मुंबई (एजेंसी)।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी शुक्रवार को हरे निशान में खुलने के बाद सुबह की बढ़त को बरकरार रखने में विफल रहा, और मुनाफावसूली के कारण मामूली गिरावट में बंद हुआ। निफ्टी 50 गुरुवार को 4.75 अंक (0.02 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 22,212.70 अंक पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 15.44 अंक (0.02 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 73,142.80 अंक पर बंद हुआ। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि हालांकि, अल्पावधि के लिए धारणा सकारात्मक रही क्योंकि सूचकांक 22,200 के महत्वपूर्ण प्रतिरोध स्तर से ऊपर बंद हुआ। अगला प्रतिरोध 22,400 पर देखा गया। अल्पकालिक समर्थन 21,900 पर स्थित है। उन्होंने कहा, जब तक निफ्टी 21,900 से ऊपर का स्तर बनाए रखता है, तब तक गिरावट की स्थिति में खरीतदारी शुरू हो जाएगी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेतों के कारण घरेलू बाजार शुक्रवार को दिन की शुरूआत में एक और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद कुछ देर के लिए ठिठक गये। विशेष रूप से, पूंजीगत सामान और औद्योगिक क्षेत्रों ने मजबूती दिखाई, जो विनिर्माण और सेवाओं में प्रगति से समर्थित है। जैसे-जैसे वित्तीय परिणाम जारी करने का मौसम खत्म हो रहा है, बाजार बेसब्री से नए उत्प्रेरकों का इंतजार कर रहा है।

### बायजू के प्रमुख निवेशकों ने एडटेक फर्म के राइट्स इश्यू के खिलाफ खटखटाया एनसीएलटी का दरवाजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बायजू के प्रमुख निवेशक प्रोसस, जनरल अटलांटिक, सोफिना और पीक एक्सवी ने राइट्स इश्यू को लेकर जूझ रही एडटेक कंपनी के खिलाफ नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाया है। निवेशक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, वीसी फर्मों ने 'निवेशकों के अधिकारों के दमन और कंपनी के कुप्रबंधन' का हवाला दिया है। सूत्रों के मुताबिक, चारों निवेशकों ने ट्रिब्यूनल की बेंगलुरु पीठ के समक्ष याचिका दायर की। यह पहली बार है जब बायजू के निवेशक राइट्स इश्यू के खिलाफ कानूनी तौर पर आगे आए हैं। निवेशकों के इस कदम पर बायजू ने तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। एडटेक कंपनी ने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि उसकी मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राइट्स इश्यू जारी किया गया है। लिमिटेड को 99 प्रतिशत मूल्यांकन कटौती पर 200 मिलियन डॉलर जुटाने के लिए पूरी तरह से सब्सक्राइब किया गया था।

# लोगों के सशक्तिकरण में सिल्क उद्योग का है महत्वपूर्ण योगदान : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सिल्क उद्योग का लोगों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान है। इस उद्योग में किसान और श्रमिकों का भी अहम योगदान है। उन्होंने नवनियुक्त वैज्ञानिकों को कहा कि इस क्षेत्र को नवाचार, नई तकनीकी और नई प्रणाली के साथ विकसित करने की आवश्यकता है ताकि विश्व के मानचित्र पर भारत सर्वाधिक सिल्क उत्पादन और निर्यात करने वाला देश बन सके। इससे देश आर्थिक प्रगति के साथ-साथ किसान और श्रमिकों के आय में वृद्धि होगी। राज्यपाल रांची में शुक्रवार को केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के केन्द्रीय रेशम बोर्ड के 66 नवनियुक्त वैज्ञानिकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में तसर सिल्क और बाजार की मांग के अनुरूप तसर से संबंधित उत्पादों में विविधता लाने की आवश्यकता है। इस अवधारणा के साथ कार्य करने पर विश्व के अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। प्रतिस्पर्धा के लिए आत्मविश्वास और सतत प्रयास आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कोरोना का टीका विकसित करने और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान के लैंडिंग के लिए वैज्ञानिकों का निरंतर उत्साहवर्धन किया एवं हमारे वैज्ञानिकों ने आत्मविश्वास के साथ सफलता हासिल की। राज्यपाल ने कहा कि सिल्क उद्योग



# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 37 एनसीसी कैडेटों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को राजभवन में नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर-2024 में भाग लेने वाले झारखंड राज्य के कुल 37 एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया। उन्होंने कैडेटों से संवाद करते हुए कहा कि हमारे इन कैडेटों ने प्रतिनिधित्व कर अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से राज्य का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि वे अधिकारी भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने एनसीसी कैडेटों को इसके लिए अथक परिश्रम किया। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी अपनी विविध गतिविधियों के माध्यम से हमारे देश के युवाओं को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। एनसीसी रक्तदान, साक्षरता, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसी सामाजिक सेवा गतिविधियों की दिशा में भी सक्रिय रहता है। एनसीसी युवाओं के लिए अपने व्यक्तित्व को विकसित करने और देश की प्रगति में योगदान देने का एक उत्कृष्ट संगठन है। यह उनमें अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना पैदा करता है, जो किसी भी नागरिक के लिए आवश्यक गुण हैं। उन्होंने कहा कि एक अनुशासित व्यक्ति ही अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। समारोह में मेजर जनरल एएस बजाज, एडीजी, बिहार और झारखंड निदेशालय और अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।




## न्यूज बॉक्स

### सीएम का मुख्य सचिव व अन्य ने किया अभिवादन

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का मुख्य सचिव एल खियांग्ते सहित अन्य ने अभिवादन किया। साथ ही मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने भी मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

### सीएम ने विधानसभा अध्यक्ष का किया अभिवादन

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र प्रारंभ होने के पूर्व शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो का मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अभिवादन किया।

### मुख्यमंत्री ने यंग इंडिया रैली को दिया समर्थन

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर 28 फरवरी को आयोजित यंग इंडिया रैली को समर्थन दिया है। साथ ही कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में छात्र युवाओं का मुद्दा उनकी पार्टी का प्रमुख एजेंडा बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को बचाने के लिए छात्र-नौजवानों को आगे आना जरूरी है। हम छात्र नौजवानों की लड़ाई के साथ है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज भाकपा माले विधायक विनोद सिंह, आईसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ एवं छुटूराम महतो ने मुलाकात की और यंग इंडिया रैली के लिए समर्थन मांगा। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में छात्र-युवाओं के एजेंडे पर इसके लिए यंग इंडिया चार्टर 2024 सौंपा।

### विधायक लोबिन हेम्ब्रम की अन्याय यात्रा सात मार्च से



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वे सात मार्च से राज्यभर में अन्याय यात्रा पर निकलेंगे। यात्रा संथाल परगना के भोगनाडीह से शुरू होगी। हेम्ब्रम का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां के आदिवासियों और मूलवासियों को ठगने का काम किया। उनके साथ अन्याय हुआ। यह अन्याय मार्च उसी के खिलाफ है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक

**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल, मंत्री बसंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सीपी सिंह, सुदेश महतो, सरयू राय, नीलकंठ सिंह मुंडा, मथुरा महतो, नलिन सोरेन, प्रदीप यादव, अपर्णा सेन गुप्ता, विनोद सिंह और डॉ लंबोदर महतो भी उपस्थित थे।

### विधानसभा के गेट पर भाजपा विधायकों का प्रदर्शन




**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को भाजपा विधायकों ने विधानसभा गेट के सामने प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी मामले की सीबीआई से जांच करने की मांग की। भाजपा विधायक मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। मौके पर बोकारो विधायक विरंची नारायण ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच करने की मांग हमलोग कर रहे है।


### विधानसभा की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन में शोक प्रकाश लाया गया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सहित मंत्रियों और विधायकों ने पिछले सत्र से इस सत्र के बीच दिवंगत हुए विभूतियों को श्रद्धांजलि दी। सदन में जमुआ के विधायक रहे चंद्रिका महथा, बिहार के मुंगेर से लोकसभा सदस्य रहे ब्रह्मानंद मंडल, बिहार विधानसभा के पूर्व सदस्य गुणानंद झा, सरयुग मंडल, कानून जगत के भीष्म पितामह कहे जाने वाले न्यायविद फली एस नरीमन, आचार्य विद्यासागर महाराज, डॉ प्रभा अत्रे, उस्ताद राशिद खान और अमीन सयानी सहित कई विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गयी। शोक प्रकाश के बाद विधानसभा सभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके पूर्व सदन में 4981 करोड़ का तृतीय अनुपूरक सदन में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने पेश किया है। सोमवार को इस पर चर्चा होगी।

### झारखंड हाई कोर्ट में वीरेंद्र राम के सहयोगियों की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी हवाला कारोबारी ताराचंद और नीरज मित्तल के सहयोगी हरीश यादव की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी और ईडी का पक्ष सुना। इसके बाद कोर्ट ने इन दोनों के मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। इस मामले में वीरेंद्र राम के दो अन्य सहयोगियों राम प्रकाश भाटिया और सीए नीरज मित्तल ने दाखिल जमानत याचिका वापस ले ली है। उल्लेखनीय है कि ताराचंद और हरीश यादव के खिलाफ ईडी ने अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) कोर्ट में दाखिल की है। ताराचंद और हरीश यादव को ईडी ने 23 जून, 2023 को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ताराचंद को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। इन पर वीरेंद्र राम के पैसों का निवेश में सहायता करने का आरोप है। वीरेंद्र राम की ब्लैक मनी को वे विभिन्न बैंकों में लोगो के अकाउंट खुलवाकर व्हाइट करने का काम करते थे। लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाने का काम वह वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल के कहने पर करता था।

### मिथिलेश ठाकुर का बयान छात्र विरोधी : ओम वर्मा



**रांची।** जेएसएससी पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच को लेकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बयान को अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने छात्र विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि मंत्री जी के बयान से छात्रों के प्रति सरकार की असंवेदशीलता झलकती है। राज्य के लाखों छात्रों और आजसू ने पेपर लीक की सीबीआई जांच कराने के लिए आंदोलन किया है। सरकार ने उन लाखों छात्रों की मांग को एक झटके में गलत साबित कर दिया है। इस मामले में विधानसभा के अवर सचिव जैसे बड़े पद पर बैठे लोगों की संलिप्तता सामने आई है। इस मामले के तार राज्य के कई बड़े सफेदपोश लोगों के साथ साथ अन्य राज्यों से भी जुड़े हैं। सरकार इन्ही सफेदपोश लोगों को बचाने के लिए सीबीआई जांच से कतरा रही है इतने गंभीर आरोपों से घिरे होने के बाबजूद जेएसएससी अध्यक्ष का इस्तीफा भी निजी वजहों से आया है। इसमें छात्र भावनाओं का सम्मान कहीं नजर नहीं आता है। इस इस्तीफे से सरकार छात्रों को केवल दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। छात्रों की मांग न मानने वाली सरकार नहीं झुकने की बात करती है, तो सरकार भी यह समझ लें कि जब तक इस मामले की सीबीआई द्वारा निष्पक्ष जांच नहीं होती है।

## बोले विधायक

### कांग्रेस नेता प्रदीप यादव



जेएसएससी-सीजीएल 2023 का पेपर लीक होना गंभीर मामला है। लेकिन यह मामला सिर्फ झारखंड में ही नहीं हुआ है। देश में जहां-जहां प्रश्न पत्र लीक हुए हैं, सभी की जांच होनी चाहिए।

### हटिया विधायक नवीन जायसवाल



झारखंड के युवाओं का भविष्य अंधकार में है। अब तक हुए परीक्षाओं का पेपर लीक हो जाना सरकार के कार्य प्रणाली पर सवाल उठता है। एचईसी पर कहा कि केंद्रीय मंत्री से मिलकर इसकी कायाकल्प पर बातचीत जारी है।

### नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी



जेएसएससी तथा सीजीएल 2023 सहित अब तक 43 प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक हो चुके हैं। इसे लेकर छात्र सड़क पर उतर गए हैं। इस मामले पर सरकार को सीबीआई जांच करनी चाहिए। क्योंकि अन्य जांच एजेंसी व्हाइट कॉलर के दबाव में स्पष्ट रिपोर्ट नहीं दे पाएगी।

### सुदेश महतो सिल्ली विधायक



अब तक की सरकार ने जो नियम बनाया है। उसी के तहत अब तक हुई सभी परीक्षाओं की जांच करें तो स्पष्ट हो जाएगा की सोरेन सरकार की क्या नियत है । क्योंकि भ्रष्टाचार में सनलिप्त रहे सोरेन सरकार की फाइले खुलने लगी है।

# विकसित भारत की नींव रखेंगे किसान : कर्मवीर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रांतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सह बिहार-झारखंड के ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम के प्रभारी मनोज यादव उपस्थित रहे। मनोज यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की जनता के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं और हर बार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा के दौरान भाजपा किसान मोर्चा डोर टू डोर कैंपेन चला केंद्र द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देगा।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि किसान विकसित भारत की नींव रखेंगे। प्रधानमंत्री कहते हैं कि आनेवाले 20-25 वर्ष भारत के विकास की यात्रा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो 2047 शताब्दी वर्ष में पूरी होगी। भारत एक कृषि प्रधान देश है और भारतीय अर्थव्यवस्था में किसानों का अहम योगदान है। इसीलिए प्रधानमंत्री का मानना है कि विकसित भारत की नींव भी हमारे किसान और मजदूर भाई ही रखेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा की भाजपा के लिए सबसे वंचित और पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचना सिर्फ एक चुनावी वादा नहीं, एक संकल्प है। किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी अनेको योजनाएं इस बात की साक्षी हैं कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धांत को समर्पित है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री ललित ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश शुक्ला, राजेश सिंह ,राजकुमार सिंह, अमरनाथ चौधरी ,प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, राजेश कुशवाहा, अजय मुंडा, प्रभात सिंह , अर्जुन राम, कार्यालय मंत्री अजय दुबे, सुरेंद्रनाथ, अवधेश दुबे, विशाल साहू, सोशल मीडिया प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, मीडिया प्रभारी वैभव कुमार सिंह, प्रभात रंजन, सफदर अली, विरेन साहू ,विश्वनाथ रवानी, मोचीराम बाउरी, वत्स घोष ,कमलेश मंडल, प्रमोद नाथ शाहदेव, कामेश्वर महतो शामिल थे।




### आबूआ आवास योजना लाभुकों के चयन में गड़बड़ी : देवेन्द्र नाथ

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) की ओर से शुक्रवार को अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन में हो रही गड़बड़ी व अनियमितता को लेकर सोनाहातु बीडीओ खगेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। मौके पर छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा राज्य के आदिवासी-मूलवासी के सुविधायुक्त आवास के लिए अबुआ आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के लाभुक चयन में सोनाहातु प्रखंड के 14 पंचायत में भारी अनियमितता की सूचना मिली है। यहां ग्राम सभा की प्राथमिकता सूची से लाभुक का चयन न करते हुए जियो टैग और ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने से ही लाभुकों का चयन किया जा रहा है। अनियमितता व धांधली के ठोस साक्ष्य उजागर हो रहे हैं। महिला प्रधान परिवार, दिव्यांग परिवार, भूमिहीन परिवार, विस्थापित परिवार, बाढ़ पीड़ित परिवार आदि को बिल्कुल नजरअंदाज किया जा रहा है। मनमानी का आलम यह है कि जिसको सबसे पहले आवास मिलना चाहिए वह वंचित हो जा रहें हैं। बीडीओ खगेश कुमार ने सारी बातों को गंभीरता से लेते हुए उचित नियमसंगत करवाई करने का भरोसा दिया।

### जमीन की गलत खरीद-बिक्री के मामले में प्रेम प्रकाश की जमानत पर झारखंड हाई कोर्ट में फैसला सुरक्षित

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गैरकानूनी खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है।

# नेता प्रतिपक्ष ने रामगढ़ में अनिकेत के परिजनों से की मुलाकात, पुलिस प्रशासन को ठहराया दोषी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी ने रामगढ़ थाने में खुदकुशी करने वाले युवक अनिकेत उर्फ कोका के परिजनों से शुक्रवार की शाम शहर के मिलोनी क्लब स्थित आवास पर मुलाकात की। बावरी ने कहा कि एक गरीब परिवार के बच्चे की हत्या पुलिस अत्याचार की वजह से हो गई। आज जिला प्रशासन पूरी कानूनी प्रक्रिया का ढोल पीट रहा है। यह कोई विशेष तौर पर नहीं किया जा रहा। यह सारी प्रक्रिया एक प्रोटोकॉल है, जिसको फॉलो किया जा रहा है। बावरी ने कहा कि एक नागरिक को जो संवैधानिक अधिकार मिले हुए हैं, उन सभी अधिकारों को ताक पर रखकर युवक को थाने ले जाया जाता है। उसे प्रताड़ित किया जाता है और उसके परिवार वालों को यह बताने की भी कोशिश नहीं की जाती कि किस मामले में उसे हिरासत में लिया गया है। इसके बाद उस युवक की मौत हो जाती है और परिजनों को उससे मिलने नहीं दिया जाता। यह सारी चीजें इस बात की और इशारा कर रही हैं कि प्रशासन मामले पर पर्दा डाल रहा है। बावरी ने रामगढ़ एसपी के आधिकारिक बयान पर भी टिप्पणी की और कहा कि एक बड़े घर का युवक होता तो पुलिस पहले वारंट जारी करती या नोटिस जारी करती लेकिन एक गरीब परिवार का बच्चा था, इसलिए उसे होटल से उठाकर थाने ले जाया गया।



### पुलिस अत्याचार नहीं हुआ, रामगढ़ थाने के हाजत में अनिकेत ने की खुदकुशी : एसपी

**रामगढ़।** रामगढ़ थाने के हाजत में अनिकेत उर्फ कोका की मौत पर उसके परिजन कई तरह के आरोप लगा रहे हैं। इस मुद्दे पर रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने शुक्रवार को एक बयान जारी किया। उन्होंने बताया कि अनिकेत के पिता महेंद्र राम और मां रीना देवी ने कहा है कि पुलिस के अत्याचार से अनिकेत की मौत हुई है लेकिन सच्चाई इसके ठीक विपरीत है। एसपी ने बताया कि तीन दिन पूर्व चैम्बर ऑफ कॉमर्स रामगढ़ के कार्यालय में हुई चोरी की घटना से संबंधित अनुसंधान के क्रम में अनिकेत भुइयां उर्फ कोका को संदिग्ध पाते हुए रामगढ़ थाना में पूछताछ के लिए लाया गया था।

### 36 घंटे के बाद भी अनिकेत के परिजनों ने नहीं उठाया शव, प्रशासन से वार्ता विफल

**रामगढ़।** रामगढ़ थाने में अनिकेत की खुदकुशी के 36 घंटे के बाद भी उसका शव परिजनों ने नहीं उठाया है। हालांकि, सामाजिक तौर पर एक बार शुक्रवार की शाम अनिकेत के पिता कुछ लोगों के साथ रामगढ़ थाना पहुंचे। अधिकारियों से उन्हें कानून की हर प्रक्रिया की जानकारी देते हुए पूरा सहयोग करने का आश्वासन मिला लेकिन परिजन और सामाजिक संगठन के लोग इस मुद्दे पर पुलिस पदाधिकारी को ही दोषी ठहराने पर अड़े रहे।

## पृष्ठ एक के शेष

**नक्सलियों की बड़ी साजिश विफल...**

कार्रवाई की गई। एसडीपीओ ने आगे बताया कि गिरफ्तार नक्सली समर्थकों ने पूर्व में भी एरिया कमांडर सहेंद्र के इशारे पर इलाके में विकास योजना क्रियान्वयन में संचालित हाईवा गाड़ी में आगजनी कर इलाके में दहशत फैलाया था। इसमें दोनों वशिष्टनगर थाना में दर्ज नक्सली कांड के नामजद अभियुक्त थे। एसडीपीओ ने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध पुलिस का अभियान निरंतर जारी रहेगा। किसी भी स्थिति में नक्सलियों को दहशत फैलाने की छूट नहीं मिलेगी।

**झारखंड विधानसभा में ...**

डॉ प्रभा अत्रे, उस्ताद राशिद खान और अमीन सयानी सहित कई विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गयी। शोक प्रकाश के बाद विधानसभा सभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**प्रदीप यादव ने दी सफाई :** पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग पर विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि पेपर लीक की यह कोई पहली घटना नहीं है। देश में यह 43वीं घटना है। उत्तर प्रदेश की बुलडोजर सरकार में भी ऐसा हुआ है। इसमें बड़ा गिरोह काम कर रहा है। निश्चित रूप से इसमें कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन ये (भाजपा) किसान आंदोलन पर चुप हैं। इस विधानसभा से प्रस्ताव पास होना चाहिए कि सदन किसानों के साथ है।

**रिम्स सहित राज्य में चार...**

देवघर जिला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सारठ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनाराय तरही एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मार्गो मुंडा का भी शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री फूलोझानो मेडिकल कॉलेज, दुमका एवं कोडरमा मेडिकल कॉलेज, कोडरमा से संबद्ध बीएससी नर्सिंग कॉलेज का भी शिलान्यास करेंगे। बता दें कि कोडरमा मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति चार साल पूर्व ही केंद्र से मिल चुकी है। चार साल पूर्व खुद प्रधानमंत्री ने कोडरमा में मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी थी। लेकिन अभी तक कॉलेज का निमाण भी सही तरीके से शुरू नहीं हो सका है।

**अब ही महीने 125 यूनिट...**

अरब बीस करोड़ अड़तीस लाख रुपये की नाबार्ड अन्तर्गत आरआईडीएफ से संपोषित परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल एक अरब साठ करोड़ उन्नीस लाख रुपये के खर्च की स्वीकृति दी गयी। पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत चक्रधरपुर अनुमण्डलीय न्यायालय के लिए न्यायिक पदाधिकारियों के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी।

**अनुदान की राशि की स्वीकृति :** बीआईटी मेसरा के साथ वर्ष 2017 में हुए एकरारनामा का वर्ष 2018-19 से 2024-25 तक के लिए अवधि विस्तार करने एवं उस एकरारनामा की शर्तों के अधीन बीआईटी मेसरा को क्रमानुसार सहायता अनुदान की राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी। इसके साथ ही झारखंड राज्य पुलिस नियुक्ति नियमावली (पुलिस सेवा के लिए भर्ती पद्धति), 2014 (समय-समय पर यथा संशोधित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गयी।

**न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों के विभिन्न भत्तों की स्वीकृति :** झारखंड न्यायिक सेवा (भर्ती) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2024 के गठन की स्वीकृति दी गयी। झारखंड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक संवर्ग नियुक्ति नियमावली, 2016 (यथासंशोधित) में संशोधन की स्वीकृति दी गयी। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य स्कीम के तहत देवघर जिलान्तर्गत देवघर पुलिस लाइन में 225 बेड 08 बैरक के निर्माण कार्य योजना के क्रियान्वयन के लिए प्राक्कलित राशि बियालीस करोड़ उन्नीस लाख संतावन हजार पांच सौ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। झारखंड न्यायिक सेवा/वरीय न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को विभिन्न भत्तों की स्वीकृति प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी।

**लैम्पस/ पैक्स को लेकर राशि की स्वीकृति :** चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य के लैम्पस/पैक्स में 100 एमटी गोदाम, मार्केटिंग सेंटर एवं ड्राईंग यार्ड का निर्माण को लेकर दो सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रखंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे लैम्पस/पैक्स को 500 एमटी क्षमता के गोदामवाले मॉडल लैम्पस/ पैक्स के रूप में विकसित करने के लिए एक सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी।

**स्मार्टफोन व टैब को लेकर कैबिनेट से स्वीकृति :** केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत क्रियान्वित पोषण अभियान योजना के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के लिए स्मार्टफोन्स के क्रय एवं आपूर्ति निमित्त दर संशोधन की स्वीकृति दी गई। केंद्र संपोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अन्तर्गत वितीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत ग्रामीण स्तरीय सहियाओं (आशा) को राज्य में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कुल एक अरब चौदह करोड़ पच्चीस लाख रुपये की योजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए टैब क्रय कर उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गयी।

**नए पदों के सृजन को स्वीकृति :** झारखंड में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पलामू में संचालित किये जाने वाले अभियंत्रण पाठ्यक्रमों के अनुसार अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के मापदंड के आलोक में शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी। इसके साथ ही सिविल जज (जूनियर डिविजन) संवर्ग में प्रधान दंडाधिकारी, अतिरिक्त किशोर न्याय बोर्ड, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)-कका 01 (एक) पद सृजन की स्वीकृति दी गयी।

**क्या योजनाओं की गिनती पर...**

जोरशोर से बखान कर रही है। वहीं प्रदेश की सत्ताधारी झामुमो अबुआ आवास व हाल में शुरू किये गये पेंशन योजना का ढिंढोरा पीट रही है। मुफ्त में राशन, घर व दवा-इलाज की मृग मरीचिका में मस्त आम जनता को भी मूल मुद्दों की कहां खबर है।

**अबुआ आवास में उपलब्धि कम, शिकायत ज्यादा :** पहले जरूरतंद नागरिकों को आवास मुहैया कराने वाली इंदिरा आवास का नाम केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना कर दिया। इसे लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने खूब हो-हल्ला भी मचाया। उसके बाद अब प्रदेश सरकार ने अबुआ आवास के नाम से नयी योजना चला रही है। योजना का नाम बदलने से अहम है कि जनता को इसका लाभ मिले। अबुआ आवास की सूची को लेकर आमजन की शिकायतें बढ़ती ही जा रही हैं। सरकार को इस संबंध में निश्चित ही ध्यान देना चाहिये।

**राशन वितरण में भी समस्याओं का अंबार :** दूसरी तरफ केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी राशन वितरण को लेकर भी समस्याओं का अंबार बढ़ता जा रहा है। एक तरफ जहां वितरण की मानीटरिंग के लिये सरकार ने विधिवत खाद्य आयोग का गठन किया है। दूसरी तरफ बढ़ती शिकायतों को देखते हुये आयोग की उपयोगिता पर ही सवालिया निशान लग रहा है। ई-पाश मशीन में अंगूठा लगाने के बाद भी राशन का वितरण नहीं करना गंभीर मामला है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### फिलीपींस में सैन्य और एनपीए विद्रोहियों के बीच संघर्ष में छह की मौत

**मनीला।** सेना ने बताया कि फिलीपींस में बोहोल प्रांत में हुई झड़प में छह लोग मारे गए, जिसमें एक पुलिस अधिकारी और पांच एनपीए विद्रोही शामिल हैं। बता दें कि सुबह आठ बजे से पहले ही यह झड़प संयुक्त बल, पुलिस अधिकारी और न्यू पीपल आर्मी के बीच हुई थी। जहां से झड़प हुई, वहां से सेना ने भारी मात्रा में राइफल्स और पिस्तौल बरामद की। एनपीए विद्रोही सरकारी सेना से साल 1969 से ही झगड़ रहे हैं।

### विधायक लस्या नंदिता की सड़क दुर्घटना में मौत



**हैदराबाद।** तेलंगाना के विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायक लस्या नंदिता (33 वर्ष) की शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक संगारेड्डी जिले के अमीनपुर सुल्तानपुर ओआरआर के निकट हादसा हुआ है जब विधायक एक निजी समारोह में भाग लेकर कार से हैदराबाद लौट रही थीं। माना जा रहा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब सामने आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में कार चला रहे उनके पीए ने अचानक ब्रेक लगाया और अनियंत्रित होकर कार रेलिंग से जा टकराई। सीट बेल्ट न लगाने के कारण लास्या की मौके पर ही मौत हो गई। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि लस्या नंदिता की असामयिक मृत्यु से गहरा सदमा लगा है। उनके परिवार के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना। लस्या नंदिता का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### भाजपा विधायक राजेंद्र पाटनी का निधन



**मुंबई।** भाजपा के विधायक राजेंद्र पाटनी (59 वर्ष) का वासिम जिले के एक अस्पताल में शुक्रवार सुबह निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वे बीमार थे। राजेंद्र पाटनी वासिम के कारंजा विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राजेंद्र पाटनी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। देवेंद्र फडणवीस ने सोशल साइट एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, विधानसभा में मेरे सहयोगी राजेंद्र पाटनीजी का शुक्रवार को निधन हो गया।

# 'जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो यूपी के मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं'

**एजेंसी। वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं, वो काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। यूपी के नौजवानों का अपमान कोई नहीं भूलेगा। परिवारवादी लोग युवा टैलेंट से डरते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल, यूपीसीडा एग्रो पार्क, करखियांव में 13,100 करोड़ से अधिक की 35 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान वह विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जो खुद होश में नहीं हैं, वो यूपी के, मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। ये अपने परिवार के बाहर नहीं देख सकते। पहले की सरकार और हमारी सरकार में यही अंतर है कि हम आत्मनिर्भर भारत बनाने का कार्य करते हैं। पहले की सरकारें हर जरूरत की चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहती थी। इससे देश आत्मनिर्भर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बनास डेरी प्लांट किसानों-पशुपालकों को बेहतर पशुओं की नस्ल और बेहतर चारे को लेकर भी जागरूक करेगा, प्रशिक्षित करेगा। पशुपालन तो एक ऐसा सेक्टर है, जिसमें सबसे अधिक हमारी बहनें जुड़ी हैं। ये बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का बहुत बड़ा माध्यम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले बनारस जाम से जूझता था। जितना समय दिल्ली जाने में नहीं लगता था, उससे ज्यादा समय फ्लाइट पकड़ने में लग जाता था। आज बनारस की रफ्तार कई गुना बढ़ने लगी है। ये परियोजनाएं पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास का राह बनेंगी। इन योजनाओं से पूर्वांचल में नौकरी के ढेर सारे अवसर बनेंगे। पीएम मोदी ने कहा, "काशी की धरती पर आज एक बार फिर आप लोगन के बीच आने का मोका मिलल हौवा। 10 साल पहले आप लोगन आपन सांसद बनइल। अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बनाई दिहलस।"



### पीएम और सीएम योगी ने नवनिर्मित सड़क का किया रात्रि निरीक्षण

पीएम ने गुरुवार रात में हाल ही में उद्घाटन किए गए शिवपुर-फुलवरिया-लहरतारा मार्ग का निरीक्षण किया। पीएम के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी भी थे। 360 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह सड़क बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से वाराणसी हवाईअड्डे के बीच यात्रा के समय को 75 मिनट से घटाकर 45 मिनट कर देती है। वहीं लहरतारा और कचहरी के बीच यात्रा के समय को भी 30 मिनट से घटाकर 15 मिनट कर देती है।

### पीएम मोदी आज सहकारी क्षेत्र के लिए कई प्रमुख पहलों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

**नई दिल्ली।** देश के सहकारी क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पीएम शनिवार को सुबह 10:30 बजे भारत मंडपम में सहकारी क्षेत्र के लिए कई प्रमुख पहलों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री 'सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना' की पायलट परियोजना का उद्घाटन करेंगे, जिसे 11 राज्यों की 11 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) में संचालित किया जा रहा है। इस पहल के तहत प्रधानमंत्री गोदामों और कृषि से जुड़ी अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पीएसीएस की आधारशिला भी रखेंगे।

### काशी का स्वरूप फिर से संवर रहा, यह देश के लिए गौरव की बात : पीएम

मोदी ने शुक्रवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन सभागार में काशी सांसद ज्ञान, सांसद संस्कृत एवं सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। संस्कृत के छात्रों को किताबें, निःशुल्क ड्रेस, वाद्ययंत्र और 66 छात्रों में योग्यता छात्रवृत्ति वितरित कर सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता गैलरी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कालातीत काशी सर्वविद्या की राजधानी है। आज काशी का सामर्थ्य स्वरूप फिर से संवर रहा है। यह पूरे भारत के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी जैसी तीर्थ और विश्वनाथ धाम जैसे मंदिर ही राष्ट्र की प्रगति की यज्ञशाला हुआ करती थीं। यहां साधना भी होती थी और शास्त्रार्थ भी होते थे। उन्होंने कहा कि भारत ने जितने भी नये विचार और विज्ञान दिये उनका संबंध किसी न किसी सांस्कृतिक केंद्र से थे। काशी शिव की नगरी है और बुद्ध के उपदेशों की भूमि है। काशी जैन तीर्थंकरों की भूमि है और आदि शंकराचार्य को भी यहां से बोध मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के वक्त मैंने कहा था कि ये धाम भारत को निर्णायक दिशा देगा। भारत को उज्ज्वल भविष्य की ओर लेकर जाएगा।

### जाति के नाम पर सिर्फ अपना हित साधती हैं परिवारवादी पार्टियां

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धन में संत रविदास की 647वीं जयंती पर उनकी 25 फीट उंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि भाजपा सरकार उनके संकल्पों को पूरा कर रही है। गरीब, वंचित, पिछड़े और दलित के लिए सरकार की नीयत साफ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमारा इतिहास रहा है कि जब भी देश को जरूरत हुई है, कोई न कोई संत, ऋषि, महान विभूति भारत में जन्म लेते हैं। संत रविदास तो उस भक्ति आंदोलन के महान संत थे, जिन्होंने कमजोर और विभाजित हो चुके भारत को नई ऊर्जा दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि संत रविदास ने समाज को आजादी का महत्व भी बताया था और सामाजिक विभाजन को भी पाटने का काम किया। ऊंच-नीच, छुआछूत, भेदभाव समेत सभी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ उन्होंने आवाज उठाई। संत रविदास कहते हैं, 'जात पात के फेर मंहि, उरझि रहइ सब लोग। मानुषता कूं खात हइ, रैदास जात कर रोग।' यानी ज्यादातर लोग जातपात के फेर में उलझे और उलझाते रहते हैं। यह रोग मानवता का नुकसान करता है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज देश के हर दलित, पिछड़े को एक और बात ध्यान रखनी है। हमारे देश में जाति के नाम पर उकसाने और उन्हें लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलित, वंचित के हित की योजनाओं का बड़ा विरोध करते हैं। जाति की भलाई के नाम पर ये लोग सिर्फ अपने परिवार के स्वार्थ की राजनीति करते हैं। परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार के बाहर किसी दलित और आदिवासी को आगे नहीं बढ़ने देना चाहतीं।

## पीएम, लोस अध्यक्ष सहित कई नेताओं ने मनोहर जोशी को दी श्रद्धांजलि



**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष रहे मनोहर जोशी के निधन पर प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेन्द्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तथा अन्य राजनीतिक हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। कहा, सदन के संचालन की विशिष्ट और निष्पक्ष शैली के कारण उन्हें सभी दलों के नेताओं का सम्मान प्राप्त था।

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी एक मृदुभाषी और विद्वान सांसद थे। राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा, एक कुशल संगठनकर्ता, उत्कृष्ट सांसद, उत्कृष्ट वक्ता, प्रखर विपक्षी नेता और सम्मानित लोकसभा अध्यक्ष जोशी ने हर भूमिका का निर्वहन करते हुए अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि जोशी एक अनुशासित और दृढ़ नेता थे, जिनकी शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के प्रति गहरी निष्ठा थी और उन्होंने महाराष्ट्र के निर्माण में पूरे दिल से योगदान दिया। शिंदे ने कहा कि उन्हें महाराष्ट्र, मराठी लोगों से गहरा लगाव था। वह बहुत विनम्र, उदारवादी, और अनुशासित थे।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि जोशी के निधन से महाराष्ट्र के राजनीतिक, सामाजिक और शिक्षा क्षेत्र को बहुत बड़ी क्षति हुई है। मराठी लोगों के उचित अधिकारों के लिए लड़ने वाले सुसंस्कृत नेता खो गए हैं। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने अपने शोक संदेश में कहा कि मनोहर जोशी एक बहुत ही अनुशासित, उदारवादी और अध्ययनशील नेता के रूप में जाने जाते थे।

राकांपा संस्थापक शरद पवार ने कहा कि जोशी को राजनीतिक हलकों में एक सीधे-सादे नेता के रूप में जाना जाता था जो काम पूरा करने के लिए प्रयासरत रहते थे। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भी जोशी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जोशी अपनी आखिरी सांस तक एक 'शिव सैनिक' की तरह रहे।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। जोशी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था।

## विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को दी रूस-यूक्रेन संघर्ष से दूर रहने की सलाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने आज स्वीकार किया है कि कुछ भारतीय रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच रूसी सेना में भूमिका निभा रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को संघर्ष से दूर रहने का परामर्श जारी किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में एक बयान जारी किया है। उनका कहना है कि भारतीयों ने रूसी सेना में सहयोगी नौकरियों के लिए करार किए हैं। इसकी हमें जानकारी है। भारतीय दूतावास लगातार संबंधित रूसी प्राधिकार से उन्हें जल्द से जल्द कार्यमुक्त करने के लिए कहा है। साथ ही हम भारतीय नागरिकों से आग्रह करते हैं कि संघर्ष से दूरी बनाएं और



उससे जुड़े कामों को लेकर सतर्कता बरतें। उल्लेखनीय है कि ऐसी रिपोर्टें सामने आईं कि दर्जनों भारतीय धोखे से रूसी सेना में सेवा दे रहे हैं। भारतीयों को सहायक नौकरियों का वादा कर रूसी सेना में भर्ती कर लिया गया है। दस्तावेजों के गलत अनुवाद और उनकी प्रारंभिक समझ के उलट उन्हें सैन्य प्रशिक्षण से गुजरना पड़ रहा है।

## अमेरिका ने 50 वर्षों में पहली बार की चंद्रमा पर लैंडिंग

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स का पहला चंद्र लैंडर शुक्रवार की सुबह चंद्रमा पर उतरा, जो 50 से अधिक वर्षों में चंद्र सतह पर उतरने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान है। ओडीसियस नाम का बिना चालक दल वाला लैंडर गुरुवार शाम 6.23 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा। ओडीसियस नासा के विज्ञान और अन्य वाणिज्यिक पेलोड को चंद्रमा पर ले जाता है। अंतरिक्ष यान को पिछले सप्ताह गुरुवार को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च किया गया था। मिशन, जिसका कोडनेम आईएम-1 है, इंटुएटिव मशीन्स की चंद्रमा की सतह पर पहली रोबोटिक उड़ान है।

# नेपाल में तीन मंत्रियों की बर्खास्तगी पर अड़ा विपक्ष, संसद में हंगामा, पीएम से मांगा जवाब

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल की प्रचंड सरकार के तीन मंत्रियों की बर्खास्तगी की मांग को लेकर शुक्रवार को मुख्य विपक्षी पार्टी नेकपा (एमाले) के सदस्यों ने संसद में जमकर हंगामा किया। विपक्ष इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल 'प्रचंड' के बयान की मांग पर अड़ा रहा। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन में दिनभर कोई कामकाज नहीं हो सका। नेकपा (एमाले) के सदस्यों ने प्रधानमंत्री प्रचंड से उनके तीन मंत्रियों पर दोष साबित होने के बावजूद कार्रवाई नहीं करने को लेकर आलोचना की। नेपाली संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की



कार्यवाही में नेकपा (एमाले) के नेता योगेश भट्टराई ने कहा कि जब तक भौतिक निर्माण एवं यातायात मंत्री प्रकाश ज्वाला, स्वास्थ्य मंत्री मोहन बहादुर बस्नेत और पर्यटन संस्कृति एवं नागरिक उड्डयन मंत्री सुदन किरांती की बर्खास्तगी नहीं होती, सदन की कार्रवाई नहीं चलने देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को स्वयं इस विषय पर सदन में जवाब देना चाहिए। पुलिस की गोली लगने से दो नागरिकों की मौत होने के बाद सरकार की जांच समिति ने मंत्री प्रकाश ज्वाला को दोषी ठहराया है। विपक्ष की मांग है कि सरकारी जांच समिति में ही जब मंत्री को मुख्य दोषी करार दे दिया गया है तो फिर उस मंत्री को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। नेकपा (एमाले) के प्रमुख सचेतक पदम गिरी ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि वो मंत्री प्रकाश ज्वाला को तत्काल बर्खास्त करें। पिछले महीने एक विरोध प्रदर्शन के दौरान मंत्री ज्वाला के जबरन भीड़ में जाने के कारण पुलिस को गोली चलानी पड़ी जिससे दो प्रदर्शनकारियों की मौत गई थी। दूसरे विपक्षी दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने संस्कृति मंत्री सुदन किरांती की बर्खास्तगी की मांग की है। कुछ दिन पहले हिन्दू विरोधी अभिव्यक्ति देने और क्रिश्चियन धर्म नहीं मानने वाले को संविधान विरोधी कहने वाले मंत्री किरांती को हटाने की मांग की गई है।

## ओडिशा में परीक्षा के दबाव में दो छात्रों ने की आत्महत्या, दिल्ली में एक ने दी जान



**एजेंसी। भुवनेश्वर/दिल्ली**

ओडिशा में अलग-अलग घटनाओं में कथित तौर पर बोर्ड परीक्षा के दबाव के कारण दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली। गंजाम जिले में 12वीं कक्षा के छात्र देबासिस सेठी के माता-पिता गुरुवार को बाजार से घर लौटे तो बेटे को उसके कमरे की छत के पंखे से लटका पाया। वे तुरंत उसे पास के अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेठी के माता-पिता ने कहा कि उसे उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीएचएसई) की वार्षिक प्लस 2 बोर्ड परीक्षा के दौरान खलीकोटे विश्वविद्यालय में आंतरिक दस्ते द्वारा कदाचार में लिप्त पाया गया था। एसडीपीओ ने कहा कि भौतिक विज्ञान के पेपर में खराब प्रदर्शन के गंभीर मानसिक दबाव में छात्र ने यह कदम उठाया होगा। इस बीच, भद्रक जिले के धामनगर थाना क्षेत्र के जहांगीर सासन गांव में शुक्रवार को 10वीं कक्षा का एक छात्र अपनी मौसी के घर में फंदे से लटका हुआ पाया गया। छात्र अभिषेक पांडा, जिसे वार्षिक मैट्रिक परीक्षा में अंग्रेजी की परीक्षा में शामिल होना था, ने कथित तौर पर परीक्षा के दबाव के कारण आत्महत्या कर ली। वहीं नई दिल्ली के आर्मी पब्लिक स्कूल, शंकर विहार के प्रशासन के खिलाफ एक छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि 10वीं कक्षा के एक छात्र ने यहां अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोलह वर्षीय छात्र के पिता ने गुरुवार को वसंत विहार थाने में शिकायत दी थी जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

# विशाखापट्टनम तट के पास भारत ने खोजा पाकिस्तानी पनडुब्बी 'गाजी' का मलबा

### भारतीय नौसेना ने हासिल की पानी के अंदर पनडुब्बी की खोज और बचाव क्षमता

### भारत की पेशकश के बाद कई मित्र देशों ने डीएसआरवी के प्रति दिखाई दिलचस्पी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना ने पानी के अंदर पनडुब्बी की खोज और बचाव क्षमता हासिल की है। भारत ने अपने कई मित्र देशों के साथ अपनी पनडुब्बी बचाव क्षमताओं के लिए पेशकश की है, जिसमें कई देशों ने दिलचस्पी दिखाई है। नौसेना की डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) यूनिट ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 1971 में विशाखापट्टनम तट के पास डूबी पाकिस्तानी पनडुब्बी पीएनएस गाजी



का मलबा खोजा है। इसके अलावा जापानी पनडुब्बी आरओ-110 का मलबा भी पिछले 80 वर्षों से बंदरगाह शहर के पास समुद्र तल पर पड़ा हुआ है। भारतीय नौसेना की विशाखापट्टनम में स्थित डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) यूनिट के ऑफिसर इंचार्ज कैप्टन विकास गौतम ने बताया कि भारतीय नौसेना के पास समुद्र की गहराई में जलमग्न पोत की बचाव क्षमता है। इस प्रणाली में संकटग्रस्त पनडुब्बी का पता लगाने के लिए एक साइड स्कैन सोनार है, जो दूर से संचालित वाहन (आरओवी) की मदद से आपातकालीन कंटेनरों को तैनात करके पनडुब्बी के चालक दल को बचाता है। दरअसल, पनडुब्बी दुर्घटना में तीव्रता के साथ जीवन की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए इस सिस्टम को फ्लाईअवे कॉन्फि गरेशन में खरीदा गया है जो वायु, भूमि, समुद्री जहाजों का उपयोग करके बेस से संकटग्रस्त पनडुब्बी के सटीक स्थान तक बचाव प्रणाली के तेजी से परिवहन की अनुमति देता है। कैप्टन गौतम ने बताया कि 2018 में भारत ने डूबे हुए जहाजों और पनडुब्बियों का पता लगाने और आवश्यकतानुसार बचाव अभियान चलाने के लिए गहरे जलमग्न बचाव वाहन (डीएसआरवी) तैनात करने की क्षमता प्राप्त की। दुर्घटनाग्रस्त पनडुब्बी को बचाने की यह सुविधा कुछ चुनिन्दा देशों के पास ही है लेकिन भारतीय डीएसआरवी प्रौद्योगिकी और क्षमताओं के मामले में नवीनतम है। पनडुब्बी आकस्मिकता से निपटने के लिए भारत को यह प्रौद्योगिकी ब्रिटेन की कंपनी जेम्स फिशेज डिफेंस ने आपूर्ति की है, जो भारत के पश्चिमी और पूर्वी तट पर स्थापित की गई हैं। इस प्रौद्योगिकी में विभिन्न प्रकार की पनडुब्बियों को समुद्र के भीतर खोजने के साथ ही कर्मियों को बचाकर पनडुब्बी से डीएसआरवी में सुरक्षित स्थानांतरण किया जा सकता है।

## लोस चुनाव कार्यक्रम 13-14 मार्च को जारी होने की संभावना

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) 13-14 मार्च को आगामी संसदीय चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। चुनाव आयोग की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। आयोग की टीमों ने अब तक कई राज्यों का दौरा किया है और वहां चुनाव तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठकें की हैं। वर्तमान में टीम तमिलनाडु का दौरा कर रही है, जहां वह राज्य मशीनरी द्वारा चुनाव संबंधी तैयारियों की विस्तृत जानकारी ले रही है। आने वाले सप्ताह में चुनाव आयोग उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगा। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि चुनाव तैयारियों और वहां सुरक्षा परिदृश्य का आकलन करने के लिए संपूर्ण आयोग 11-12 मार्च को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगा। स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लेने और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा करने के लिए चुनाव आयोग के कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर अंतिम स्थान पर है। ऐसे में माना जा रहा है कि आयोग जम्मू-कश्मीर से लौटने के तुरंत बाद चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। उल्लेखनीय है कि सात चरणों वाले 2019 के लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च को की गई थी, जबकि नौ चरणों वाले 2014 के संसदीय चुनावों की तारीखों की घोषणा 5 मार्च को की गई थी। इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में लगभग 97 करोड़ भारतीय मतदान के पात्र होंगे। महीनों तक चले गहन विशेष सारांश संशोधन 2024 के बाद फरवरी की शुरूआत में देश भर के सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियां प्रकाशित की गईं।